इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव








वर्ष- 44 | अंक - 331 | राजनांदगांव, शुक्रवार 24 अक्टूबर 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए


# बिहार- मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम में पीएम बिहार में स्थिर सरकार से तेज विकास-मोदी

## बिहार का जंगल राज लोग 100 साल तक नहीं भूलेंगे...', पीएम मोदी का आजेडी -कांग्रेस पर हमला

बिहार। बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए महागठबंधन ने तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किए जाने के दिन प्रधानमंत्री ने आरजेडी-कांग्रेस गठबंधन पर हमला किया. प्रधानमंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील की कि बूथ स्तर पर बुजुर्ग लोग युवाओं को जंगल राज के समय हुई अत्याचारों की कहानियां सुनाएं, ताकि लोग इस इतिहास को न भूलें.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि बिहार में हुए जंगल राज को लोग अगले 100 साल तक याद रखेंगे और चाहे विपक्ष अपनी गलतियों को छुपाने की कितनी ही कोशिश क्यों न करे, लोग उसे कभी माफ नहीं करेंगे.

बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए महागठबंधन ने तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किए जाने के दिन प्रधानमंत्री ने आरजेडी-कांग्रेस गठबंधन पर हमला किया. उन्होंने कहा कि यह गठबंधन नहीं बल्कि लट्ठबंधन (अपराधियों का गठबंधन) है, क्योंकि इसमें शामिल सभी नेता, दिल्ली और बिहार से, जमानत पर हैं.



प्रधानमंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील की कि बूथ स्तर पर बुजुर्ग लोग युवाओं को जंगल राज के समय हुई अत्याचारों की कहानियां सुनाएं, ताकि लोग इस इतिहास को न भूलें.

उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा, मैं बिहार के सभी युवाओं से कहना चाहता हूं कि हर बूथ पर सभी युवा एकत्र हों और उस क्षेत्र के बुजुर्ग वहां आएं और जंगल राज की पुरानी कहानियां सबको सुनाएं. देश में विकास का महायज्ञ चल रहा है और केंद्र और बिहार में स्थिर सरकार होने के कारण हर क्षेत्र में कार्य हो रहा है.

उन्होंने कहा, बिहार में हर सेक्टर में काम हो रहा है. अस्पताल बनाए जा रहे हैं, अच्छे स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं और नई रेलवे लाइनें विकसित की जा रही हैं. इसका एक बड़ा कारण यह है कि देश और बिहार में स्थिर सरकार है. स्थिरता होने पर विकास की गति बढ़ती है. यही बिहार सरकार और एनडीए की ताकत है.

पीएम मोदी ने कहा कि बिहार के लोग वोट की ताकत को सबसे अच्छे ढंग से समझते हैं. उन्होंने युवाओं से अपील की कि हर घर जाएं और मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील करें. 14 नवंबर को बिहार में महिलाओं के सशक्तिकरण का नया युग शुरू होगा, जब बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए को फिर से सत्ता में लाया जाएगा.

उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि वे उन महिलाओं की सूची बनाएं जिन्होंने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का लाभ अभी तक नहीं लिया है और उन्हें योजना में शामिल करने का भरोसा दें. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# भारतीय सशस्त्र बल : डीएसी ने दी 79,000 करोड़ के रक्षा सौदों की मंजूरी, थलसेना, नौसेना और वायुसेना की बढ़ेगी युद्धक क्षमता

नई दिल्ली। भारतीय सेनाओं को और घातक बनाने के लिए रक्षा मंत्रालय ने 79000 करोड़ रुपए के खरीद प्रस्तावों को दी मंजूरी दे दी है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में डीएसी की बैठक में तीनों सेनाओं- थलसेना, नौसेना और वायुसेना के लिए इन रक्षा प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। यह बैठक 23 अक्टूबर 2025 को नई दिल्ली में हुई। इन रक्षा प्रस्तावों के जरिए नाग मिसाइलें खरीदी जाएंगी, जिससे दुश्मन के टैंक और बंकर तबाह किए जा सकें। लैंडिंग प्लेटफार्म डॉक्स बनाए जाएंगे, ताकि समुद्र से जमीन पर ऑपरेशन आसान हो सके।



**अब थर-थर कांपेंगे दुश्मन, भारतीय सेना की बढ़ेगी ताकत, आर्मी को मिलेंगे घातक हथियार**

एडवांस लाइटवेट टारपीडो की खरीद होगी, जिससे समंदर में पनडुब्बड़ियों को ध्वस्त किया जा सके। सुपर रैपिड गन खरीदी जाएगी ताकि एयरफोर्स हवा में कमाल दिखा सकें। इससे सेना को दुश्मन से लड़ने में आसानी होगी, नौसेना समुद्र में अपनी पकड़ मजबूत करेगी और वायुसेना हवा में दुश्मन को चकमा दे सकेगी।

रक्षा मंत्रालय का यह फैसला न भारतीय सेनाओं को अत्याधुनिक युद्धक उपकरणों और प्रणालियों से लैस कर भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार करेगा। सरकार और सेनाएं मिलकर इस पर तेजी से काम करेंगी ताकि जल्द से जल्द ये हथियार और सिस्टम्स हमारे जवानों के हाथ में हों। भारतीय नौसेना के लिए कई आधुनिक प्रणालियों को मंजूरी दी गई है। यह तकनीक भारतीय वायुसेना की लंबी दूरी की मारक क्षमता को कई गुना बढ़ा देगी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इन सभी प्रस्तावों से भारत की रक्षा क्षमताएं न केवल आधुनिक होंगी बल्कि स्वदेशी निर्माण को भी बढ़ावा मिलेगा। कई प्रणालियां देश में ही विकसित की जाएंगी, जिससे 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' के उद्देश्यों को बल मिलेगा।

# तेजस्वी यादव होंगे महागठबंधन के सीएम फेस, 2 डिप्टी सीएम भी बनेंगे, अशोक गहलोत का बड़ा ऐलान



पटना। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले महागठबंधन ने बड़ा ऐलान करते हुए तेजस्वी यादव को अपना मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित कर दिया है. पटना के होटल मौर्य में हुई इस अहम प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस, वामदलों और अन्य सहयोगी दलों ने मिलकर यह फैसला किया कि आगामी विधानसभा चुनाव तेजस्वी यादव के नेतृत्व में लड़ा जाएगा. कांग्रेस के सीनियर लीडर अशोक गहलोत ने ऐलान करते हुए कहा कि तेजस्वी यादव ही महागठबंधन के मुख्यमंत्री के चेहरा होंगे. वहीं इस दौरान अशोक गहलोत ने 2 डिप्टी सीएम बनाने की भी घोषणा की. डिप्टी सीएम के पहले फेस के रूप में मुकेश सहनी के नाम पर सहमति बन गई है. बिहार चुनाव से पहले महागठबंधन ने गुरुवार को पटना के होटल मौर्य में बहुप्रतीक्षित प्रेस कांफ्रेंस कर बिहार की जनता को बड़ा संदेश दिया. इस संयुक्त प्रेस वार्ता में महागठबंधन के सभी प्रमुख नेताओं ने भाग लिया और अपनी-अपनी बात रखी. इस दौरान पूर्व सीएम और कांग्रेस के सीनियर लीडर अशोक गहलोत ने ऐलान करते हुए कहा कि महागठबंधन के सभी सहयोगियों ने मिलकर निर्णय लिया है कि बिहार में महागठबंधन तेजस्वी यादव के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगा और तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री का चेहरे होंगे. तेजस्वी यादव नौजवान हैं, इनका लंबा फ्यूचर है और जिनका लंबा फ्यूचर होता है उनका साथ जनता भी देती है. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# रिश्वत वीडियो वायरल केस : यूपी पुलिस ने 11 कर्मियों को किया निलंबित

लखनऊ । सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक रिश्वत लेने के वीडियो के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 11 कर्मियों को निलंबित कर दिया। विभाग ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए कड़ी कार्रवाई की है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्णा ने भ्रष्टाचार के मामलों पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए तीन जनपदों चित्रकूट, बांदा और कौशाम्बी के कुल 11 पुलिसकर्मियों को निलंबित किया है। निलंबित पुलिसकर्मियों में चित्रकूट जनपद में प्रभारी निरीक्षक भरतकूप, थानाध्यक्ष पहाड़ी, थानाध्यक्ष राजापुर सहित कुल 6 पुलिसकर्मी निलंबित किए गए हैं। इनमें एक निरीक्षक, दो उपनिरीक्षक, एक महिला उपनिरीक्षक और तीन आरक्षी शामिल हैं। बांदा जनपद में थानाध्यक्ष बदौसा (उपनिरीक्षक) और एक आरक्षी को निलंबित किया गया है। कौशाम्बी



जनपद में थानाध्यक्ष महेवाघाट (उपनिरीक्षक) और एक आरक्षी पर कार्रवाई की गई है। डीजीपी ने प्रदेश के सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे कानून व्यवस्था बनाए रखने और जनता की सेवा में पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ कार्य करें। कार्रवाई को लेकर डीजीपी ने स्पष्ट संदेश दिया है कि भ्रष्टाचार और अनुशासनहीनता किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में तुरंत जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी ताकि पुलिस विभाग की छवि पर कोई आंच न आए।

पुलिस मुख्यालय ने बयान जारी कर कहा कि आम जनता के सहयोग से पारदर्शिता बढ़ाई जाएगी और भ्रष्टाचार के मामलों की रोकथाम सुनिश्चित की जाएगी। वहीं अधिकारियों का मानना है कि सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो सामने आने के बाद तत्काल कार्रवाई करना जनता के विश्वास को मजबूत करता है। इससे यह संदेश जाता है कि पुलिस विभाग भ्रष्टाचार और अनुशासनहीनता के मामलों में सख्त रवैया अपनाता है।

गौरतलब है कि सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बुधवार सुबह अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर वीडियो अपलोड करते हुए सरकार पर हमला बोला था। वायरल वीडियो में कुछ पुलिसकर्मी रिश्वत लेते हुए नजर आ रहे हैं। माना जा रहा है कि यह कार्रवाई उसी पोस्ट पर ही की गई है।

# मनीष शर्मा बने युवा कांग्रेस के प्रभारी, अल्लावरू की जगह ली; मल्लिकार्जुन खरगे ने नियुक्ति को दी हरी झंडी



नई दिल्ली। कांग्रेस ने गुरुवार को कृष्णा अल्लावरू की जगह मनीष शर्मा को भारतीय युवा कांग्रेस का प्रभारी नियुक्त किया है। अल्लावरू वर्तमान में पार्टी के बिहार प्रभारी हैं और पिछले कई महीनों से दोहरी जिम्मेदारी निभा रहे थे।

कांग्रेस की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शर्मा की नियुक्ति के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। कांग्रेस पार्टी ने यह बदलाव उस समय की है जब बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियां चुनावी मैदान में ताल ठोक रही हैं।

मनीष शर्मा कांग्रेस के व्हाइट टी-शर्ट मूवमेंट का प्रभार देख रहे हैं। यह आंदोलन राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा विकसित एक ऐसा मंच है, जिसका उद्देश्य सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध युवाओं और कार्यकर्ताओं को संगठित करना तथा उन्हें नेतृत्व के लिए तैयार करना है।

# अफसर पर यौन उत्पीड़न का आरोप : सीएम साय बोले- चाहे कोई भी हो, आरोप लगा तो जांच होगी, दोषी पर कार्रवाई होगी

रायपुर। छत्तीसगढ़ के एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी पर सब इंस्पेक्टर की पत्नी ने गंभीर यौन उत्पीड़न और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। इस पर पेंड्रा में सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि, चाहे वो आईपीएस हो या आईएएस अगर किसी पर आरोप लगता है तो उसकी जांच होगी और अगर जांच में दोष सिद्ध हुआ तो सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।



उल्लेखनीय है कि, एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी पर सब इंस्पेक्टर की पत्नी ने गंभीर यौन उत्पीड़न और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस मुख्यालय जाकर डीजीपी से शिकायत की है। मामले की जांच की जिम्मेदारी आईजी आनंद छाबड़ा को सौंपी गई है। महिला ने अपने आरोपों को साबित करने के लिए विभाग को कई डिजिटल साक्ष्य भी सौंपे हैं।

### महिला ने लगाए ये आरोप

दरसअल, एक सब इंस्पेक्टर की पत्नी ने 2003 बैच के आईपीएस अधिकारी पर बीते सात सालों से उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कई आपत्तिजनक डिजिटल साक्ष्य के साथ उच्च पदस्थ अधिकारियों से शिकायत की है। पीड़िता ने यह आरोप लगाया है कि सरगुजा आईजी बनने के बाद उसे परेशान करना शुरू कर दिया। बिलासपुर आईजी बनने के बाद यह सिलसिला लगातार बढ़ता चला गया। उच्च पदस्थ अफसरों से की गई शिकायत में पीड़िता ने यह आरोप लगाया है कि रतनलाल डांगी अपनी पत्नी की ग़ैर मौजूदगी में उसे बंगले पर बुलाते थे।

### आईपीएस के खिलाफ विभागीय जांच शुरू

इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वहीं आईपीएस ने डीजीपी को लिखित शिकायत में बताया है कि महिला उन्हें बदनाम करने और ब्लैकमेल करने की कोशिश कर रही है। साथ ही जहर लेकर धमकी देने और वीडियो कॉल पर लगातार निगरानी रखने जैसी शर्तें भी रखी हैं।

### आईपीएस ने आरोपों को बताया बदनाम करने की साजिश

महिला के आरोपों पर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# तरन तारन उप चुनाव के लिए छह उम्मीदवारों के नामांकन रद्द

चंडीगढ़ । पंजाब विधानसभा की 21-तरन तारन सीट के उपचुनाव के लिए बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच के बाद छह उम्मीदवारों के नामांकन पत्र रद्द कर दिए गए हैं।




पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के एक प्रवक्ता ने बुधवार को कहा कि छह उम्मीदवारों के नामांकन पत्र रद्द किए गए हैं। चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों और नियमों के अनुसार, कांग्रेस से उम्मीदवार लीना संधू, शिरोमणि अकाली दल से उम्मीदवार कंचनप्रीत कौर, भारतीय जनता पार्टी से उम्मीदवार सुच्चा सिंह, तथा आप से उम्मीदवार राजेश वालिया के नामांकन पत्र रद्द कर दिए गए हैं।

इसके अलावा, दो निर्दलीय उम्मीदवार, लक्खा सिंह और संजीव सिंह के नामांकन पत्र भी चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सही नहीं पाए गए।उन्होंने आगे बताया कि 24 अक्टूबर तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकते हैं। इसके बाद यह स्पष्ट हो जाएगा कि 21-तरन तारन सीट के उप चुनाव के लिए कुल कितने उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

# केरल हाईकोर्ट का बड़ा फैसला : मंदिर का पुजारी बनने के लिए जाति या वंश जरूरी नहीं, धर्म में ऐसा नहीं लिखा



नई दिल्ली। केरल हाई कोर्ट ने मंदिरों में पुजारियों की नियुक्ति को लेकर अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति का किसी विशेष जाति या वंश से होना पुजारी बनने की शर्त नहीं हो सकता। अदालत ने कहा कि हिंदू धर्म के किसी भी ग्रंथ में यह नहीं लिखा है कि केवल किसी खास जाति या वंश का व्यक्ति ही पूजा करवा सकता है।

### अदालत की टिप्पणी

जस्टिस राजा विजयराघवन और जस्टिस के. वी. जयकुमार की खंडपीठ ने कहा कि यदि कोई यह दावा करता है कि केवल किसी एक जाति के लोग ही पुजारी बन सकते हैं, तो उसे संविधान से कोई संरक्षण नहीं मिलेगा। कोर्ट ने यह बात त्रावणकोर देवस्वम बोर्ड और केरल देवस्वम रिक्रूटमेंट बोर्ड की उस नीति पर सुनवाई के दौरान कही, जिसमें केवल तंत्र विद्यालयों से प्रमाणपत्र रखने वाले उम्मीदवारों को ही पुजारी पद के लिए योग्य माना गया था।

दरअसल, केरल में अखिल केरल तंत्री समाजम नाम की एक सोसायटी है, जिसमें लगभग 300 पारंपरिक तंत्री परिवार जुड़े हुए हैं। यह सोसायटी तंत्र विद्यालय चलाती है, जहाँ मंदिरों की परंपराओं और पूजा पद्धतियों का प्रशिक्षण दिया जाता है। इसी सोसायटी की डिग्री को पुजारी भर्ती के लिए आवश्यक माना जा रहा था। याचिका में सवाल उठाया गया था कि जब यह विद्यालय मुख्यतः ब्राह्मणों के लिए खुला है, तो यह अन्य जातियों के उम्मीदवारों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार है। हाई कोर्ट ने कहा कि धर्म में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है जो किसी विशेष जाति या परंपरा के लोगों को ही अर्चक बनने का अधिकार देती हो। कोर्ट ने 1972 के सुप्रीम कोर्ट के सेशम्मल बनाम तमिलनाडु मामले का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि पुजारियों की नियुक्ति एक सांसारिक (सेक्युलर) प्रक्रिया है और यह ट्रस्टियों द्वारा तय की जाती है, न कि धार्मिक अनिवार्यता के तहत।






# हिमाचल में मौसम की पहली बर्फबारी में 250 भेड़ों की मौत

शिमला । हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में इस मौसम की पहली भारी बर्फबारी और अचानक गिरते पारे से चंबा जिले में कम से कम 250 भेड़-बकरियों की मौत हो गयी है। इस बर्फबारी ने न केवल हिमाचल के मौसम को प्रतिकूल बना दिया है बल्कि स्थानीय चरवाहे समुदायों की बेबसी को भी उजागर कर दिया है। राज्य अभी तक इस साल के मानसूनी सीजन की विभीषिका से उबर नहीं पाया है जिसमें न केवल भारी जनहानि हुयी बल्कि अरबों रुपयों की सरकारी एवं निजी संपति भी तबाह हो गयी थी।



ताजा बर्फबारी ने पर्यटन में सुधार की उम्मीद तो जगाई है लेकिन इसने चंबा के कठिन जरासू दर्रे से गुजर रहे प्रवासी चरवाहों (गद्दियों) के एक समूह पर कहर बरपा दिया है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार मूल रूप से कांगड़ा जिले के ग्वालटिक्कर के रहने वाले ये चरवाहे शुक्रवार को 600 भेड़-बकरियों के झुंड को लेकर ऊंचाई वाले दर्रे से गुजर रहे थे, तभी अचानक हुयी भारी बर्फबारी और उसके बाद हुये हिमस्खलन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

जानकारी मिलने पर पंचायत प्रधान अशोक कुमार ने तत्काल ग्रामीणों की एक टीम को बचाव अभियान के लिए तैयार किया। टीम को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिनमें धराड़ी में रावी नदी पार करना भी शामिल था, जहां जल स्तर बढ़ गया था। स्थानीय लोगों ने हार न मानते हुए फंसे हुए चरवाहों तक पहुंचने के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर एक अस्थायी लकड़ी का पुल बनाया।

ग्रामीणों ने एक कठिन अभियान के बाद दो चरवाहों- कृष्ण कुमार और जोगेंद्र और बाकी मवेशियों को बचा लिया। बर्फ में लंबे समय तक रहने के कारण दोनों के शरीर के अन्य हिस्सों में जकड़न को देखते हुये उन्हें होली अस्पताल में प्रारंभिक उपचार दिया गया, जिसके बाद उन्हें बेहतर देखभाल के लिए टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

# असम में रेलवे ट्रैक पर जोरदार आईईडी ब्लास्ट, पटरी के उड़े चिथड़े, कई ट्रेनें प्रभावित; आतंकी साजिश की आशंका

गुवाहाटी/ कोकराझार। असम में देर रात एक बड़ी आतंकी साजिश की आशंका ने दस्तक दी है। कोकराझार और सालाकाटी रेलवे स्टेशन के बीच देर रात एक जोरदार धमाका हुआ, जिससे रेलवे ट्रैक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने प्रारंभिक जांच के आधार पर इसे आईईडी ब्लास्ट होने की आशंका जताई है।



जानकारी के मुताबिक, यह विस्फोट बुधवार देर रात करीब 10ः30 बजे हुआ। धमाका इतना तेज था कि रेलवे लाइन के परखच्चे उड़ गए और पटरी कई टुकड़ों में बंट गई। इस ब्लास्ट के बाद दक्षिण भारत से उत्तर-पूर्व की ओर जाने वाली कई महत्वपूर्ण ट्रेनों की आवाजाही ठप हो गई है।

घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ, जीआरपी और स्थानीय पुलिस की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर ली है और सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस धमाके में गनीमत रही कि फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं मिली है। हालांकि, ट्रैक के बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण रेलवे प्रशासन को कई ट्रेनों को रद्द करना पड़ा है, जबकि कुछ अन्य ट्रेनों के रूट को डायवर्ट (मार्ग परिवर्तित) किया गया है। रेलवे प्रशासन ने मौके पर तत्काल राहत और मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है।

सुरक्षा एजेंसियां इस मामले की गहन जांच में जुट गई हैं। अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि यह बम किसने और किस मकसद से लगाया था। इस बात की भी गंभीरता से जांच की जा रही है कि कहीं यह कोई बड़ी आतंकी साजिश तो नहीं। हालांकि, अधिकारियों ने इस धमाके को लेकर अभी तक कोई स्पष्ट बयान नहीं दिया है। उनका कहना है कि पूरी जांच के बाद ही इस धमाके से जुड़ी कोई भी जानकारी साझा की जा सकेगी।

# हजारों भक्तों ने लिया अन्नकूट प्रसाद का आशीर्वाद

राजनांदगांव (दावा)। कामठी लाइन स्थित भगवान सत्यनारायण मंदिर में 22 अक्तूबर को अन्नकूट प्रसादी महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालु भक्त माता बहने सीधा स्वरूप सूखा अनाज, दाल, चांवल, मूंग, आटा, घी, सभी प्रकार के मसाले, अनेक प्रकार की सब्जियां, गुड़, धान्य आदि भगवान को भोग स्वरूप अर्पित करने पहुंची।



श्री सत्यनारायण मंदिर की प्रसादी वितरित

### भक्तिमय रहा वातावरण

सुबह से भजन-कीर्तन के सुरों से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। भक्तों ने भगवान श्री सत्यनारायण की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। दोपहर 3 बजे श्री सत्यनारायण धर्मशाला से भोग प्रसादी मंदिर ले जाई गई, जहां भगवान श्री सत्यनारायण जी को भोग लगाकर आरती की गई। आरती पश्चात मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित भगवान राधाकृष्ण को भोग प्रसादी के साथ भजन करते हुए श्री सत्यनारायण धर्मशाला ले जाया गया। धर्मशाला में विशाल मंच में भगवान राधाकृष्ण युगल सरकार को विराजित किया गया, श्री हनुमान जी की आरती पश्चात दोपहर 3:30 बजे प्रसादी से श्री सत्यनारायण धर्मशाला से अन्नकूट प्रसादी वितरण का कार्य शुरू हुआ, जो शाम 06:30 बजे तक निरंतर चलता रहा। जिसमें लगभग 1000 भक्तों ने लगभग 5000 व्यक्तियों का प्रसाद टिफिनो में ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। धर्मशाला के बाहर सैकड़ों भक्तों की लंबी लाइन लग गई ,विशेषता यह रही कि वितरण करने वाले स्वयं सेवकों की चुस्ती से किसी भी भक्त को 20 मिनट से अधिक समय नहीं लगा।

### स्वादिष्ट प्रसाद की रही चर्चा

प्रसादी में मूंग, चांवल, कढ़ी, मिक्स सब्जी, पुड़ी और मीठी बूंदी परोसी गई। सादगी और स्वाद का संगम झलकता यह प्रसाद भक्तों को बेहद पसंद आया। सभी भक्तों ने इसकी सराहना करते हुए समिति के कार्यों की प्रशंसा की।

इस भव्य आयोजन का सफल संचालन सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा किया गया। समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया, सचिव सुरेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष हरीश अग्रवाल, विष्णु प्रसाद लोहिया, सौरभ खंडेलवाल, पवन लोहिया, श्याम खंडेलवाल, राजेश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, सौरभ खंडेलवाल, ओमप्रकाश शर्मा, रामावतार जोशी और लक्ष्मण लोहिया सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे।

समिति अध्यक्ष अशोक लोहिया ने बताया कि,अन्नकूट प्रसादी महोत्सव इस मंदिर की वार्षिक परंपरा है जो लगभग 100 वर्षों से निरंतर जारी है। इस मंदिर प्रसादी की विशेषता यह है कि यहां बिना किसी भेदभाव, ऊंच- नीच या अमीर - गरीब के प्रत्येक नागरिक को एक ही लाइन में लगकर प्रसादी प्राप्त करना होता है। यहां भरपूर प्रसादी वितरण की जाती है। हर वर्ष भक्तों की बढ़ती संख्या इस आयोजन की लोकप्रियता और भगवान के प्रति श्रद्धा को दर्शाती है।

अन्नकूट प्रसादी का यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज में सेवा, समानता और एकता का संदेश भी देता है। सामूहिक भोजन और प्रसाद वितरण के माध्यम से लोगों ने 'सबका साथ, सबका मंगल' की भावना को साकार किया।

# लखोली में भव्य गौरा-गौरी विसर्जन शोभायात्रा निकली



### लोक संस्कृति की झलक ने किया सभी को मंत्रमुग्ध

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोक संस्कृति एक बार फिर जीवंत हो उठी जब लखोली के राहुल नगर में गौरा-गौरी पर्व बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। स्थानीय समिति द्वारा तीन दिनों तक चले इस पारंपरिक पर्व में भक्ति, आस्था और लोकगीतों की मधुर गूंज से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

तीन दिवसीय आयोजन के दौरान भगवान शिवजी, माता पार्वती और लक्ष्मीजी की प्रतिमाओं की विधिवत स्थापना कर पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने नित्य आरती, भजन-कीर्तन और पारंपरिक विधि से पूजा में सहभागिता निभाई।पूजा-अर्चना उपरांत बाजे-गाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ निकाली गई गौरा-गौरी विसर्जन शोभायात्रा पूरे क्षेत्र का आकर्षण बन गई। यात्रा में पारंपरिक वेशभूषा में सजे लोग उत्साहपूर्वक नाचते-गाते आगे बढ़े। लोक संस्कृति की इस झलक ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। शोभायात्रा में प्रसिद्ध लोकगायिका सावित्री जंघेल ने अपनी मधुर आवाज में पारंपरिक छत्तीसगढ़ी गीतों की प्रस्तुति दी। जिससे वातावरण में लोकसंगीत की मधुरता घुल गई। उनके गीतों पर लोग झूम उठे। शोभायात्रा में कन्याएं कलश लेकर पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुईं। वहीं सुवा नृत्य की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में और भी रंग भर दिए। महिलाओं, नवयुवकों और बुजुर्गों का उत्साह देखने लायक था पूरा क्षेत्र जय गौरा-गौरी के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर वार्ड पार्षद गिरिजा संतोष निर्मलकर ने शोभायात्रा में सम्मिलित होकर सभी को दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे पारंपरिक पर्व हमारे सामाजिक और सांस्कृतिक एकता के प्रतीक हैं। गौरा-गौरी पर्व न केवल भक्ति का प्रतीक है बल्कि यह छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति, आपसी प्रेम और एकजुटता का संदेश भी देता है। लखोली में मनाया गया यह पर्व लोगों की स्मृतियों में लंबे समय तक अंकित रहेगा।

# 7 नवंबर को मनाया जाएगा भारतीय हॉकी का शताब्दी वर्ष, पूरे प्रदेश में एक साथ खेले जाएंगे कई मैच

**गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होगा एक ही समय में 1000 से अधिक मैच खेले जाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड**

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 7 नवंबर 2025 को पूरे देश में एक साथ एक हज़ार से ज्यादा हॉकी मैच खेले जाएंगे। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी एक ही समय पर मैचों का आयोजन किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि यह आयोजन भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने का प्रतीक है। 7 नवंबर 1925 को देश में पहली हॉकी प्रशासनिक संस्था का गठन हुआ था। इसके बाद 1928 में एम्स्टर्डम ओलंपिक में भारतीय टीम ने नीदरलैंड को हराकर अपना पहला ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता। तब से अब तक भारतीय हॉकी टीम ने कुल आठ ओलंपिक स्वर्ण पदक अपने नाम किए हैं – जो किसी भी देश द्वारा हॉकी में जीते गए सबसे अधिक स्वर्ण पदक हैं।

1928 से 1959 का काल भारतीय हॉकी का स्वर्णिम युग माना जाता है। 1980 और 90 के दशक में प्रदर्शन में गिरावट के बाद 1998 से भारतीय हॉकी ने पुनरुत्थान की राह पकड़ी। टोक्यो ओलंपिक 2020 में मनप्रीत सिंह की कप्तानी में टीम ने कांस्य पदक जीतकर गौरवशाली वापसी की, जिसे 2024 के पेरिस ओलंपिक में एक बार फिर दोहराया गया जब भारत ने फिर से पदक जीतकर इतिहास रचा। छत्तीसगढ़ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि भारत अब तक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में कुल 8 स्वर्ण, 1 रजत और 4 कांस्य पदक जीत चुका है। इसके अलावा, भारत ने 1975 में विश्व कप भी जीता है तथा एशियाई खेलों में 4 स्वर्ण, 9 रजत और 3 कांस्य पदक हासिल किए हैं। भारतीय महिला हॉकी टीम ने भी एशियाई खेलों में 7 पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। शताब्दी वर्ष के महत्व पर कार्यक्रम संयोजक मृणाल चौबे(अंतराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी)ने कहा कि भारतीय हॉकी ने विश्व स्तर पर जो उपलब्धियां हासिल की हैं, वे हमारे देश की खेल विरासत को उजागर करती हैं। 100 वर्ष पूरे होने का यह अवसर पूरे गर्व और उत्साह के साथ मनाया जाना चाहिए।

छत्तीसगढ़ हॉकी से संबद्ध सभी जिलों को इस ऐतिहासिक आयोजन की तैयारी के लिए निर्देश जारी कर दिए गए हैं। 7 नवंबर 2025 को छत्तीसगढ़ के प्रत्येक मान्यता प्राप्त जिले में एक पुरुष एवं एक महिला टीम के बीच मैच आयोजित किया जाएगा। पूरे भारत के लगभग 650 जिलों में एक साथ मैच खेले जाएंगे, जिसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया जाएगा।

## छठी का खाना बना जानलेवा : 5 ग्रामीणों की हुई मौत, कई बीमार, स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप

नारायणपुर। जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र के गोट गांव में आयोजित छठी कार्यक्रम में खाना खाने के बाद फूड प्वॉइज़निंग से 5 ग्रामीणों की मौत हो गई। घटना की खबर फैलते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया है। सूचना मिलते ही नारायणपुर स्वास्थ्य विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और प्रभावित ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया।

# युगांतर में संगीत और नृत्य की इन्द्रधनुषी छटा बिखरी

राजनांदगाँव (दावा)। युगांतर पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय राज्य स्तरीय संगीत और नृत्य की अन्तर्विद्यालयीन प्रतिस्पर्धाओं के आयोजन का आरंभ संस्था के चेयरमैन अजय सिंगी, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, प्राचार्य मधुसूदन नायर की उपस्थिति में हुआ। इस दो दिवसीय बहुप्रतीक्षित आयोजन का आज पहला दिन था, जिसमें राज्य भर की 12 स्कूलों ने भाग लिया। 175 विद्यार्थियों ने विविध वर्गों में अपनी संगीत और नृत्य कला का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय परिसर में संगीत और नृत्य के महोत्सव जैसा वातावरण बना दिया। जब सुर, ताल, पदचाप की युति हुई, तब सारा विद्यालय परिसर सांस्कृतिक गंगा में नहाता हुआ दिखलाई पड़ा। बाँसुरी का प्रभावी वादन, सुगम और शास्त्रीय गायन ने आयोजन में चार चाँद लगा दिए। प्राइमरी विभाग के बालक की प्रस्तुति पल पल दिल के पास ने दर्शकों को दांतों तले उंगली दबाने के लिए विवश कर दिया। इसी तरह और भी मनमोहन प्रस्तुतियाँ हुई, जिसने दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। विद्यार्थियों की कला का मूल्यांकन करने के लिए बाहर से चार निर्णायकों को आमंत्रित किया गया है, जो कला के क्षेत्र में ख्याति प्राप्त किए हुए हैं। ये सभी निर्णायक बारीकी से विद्यार्थियों की कला का मूल्यांकन करते नजर आए।




युगांतर में राज्य स्तरीय संगीत और नृत्य प्रतिस्पर्धा

प्रतियोगिता की शुरूआत माता सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई। संगीत शिक्षिका लवली पॉल ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि संगीत और नृत्य विभाग का यह आयोजन राज्य भर की स्कूलों के भाग लेने से यादगार बन गया है। इसी तरह के विचार रखते हुए विद्यालय के निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी ने कहा कि युगांतर 13-14 चौदह वर्ष पहले इस तरह का संगीत और नृत्य का विशाल आयोजन कर चुका है। विद्यालय का सदा यह प्रयास रहा है कि वह संगीत और नृत्य का विशाल आयोजन हमेशा करता रहे, जिससे नित नई प्रतिभा का उदय हो सके । 14 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक आयोजित इस आयोजन में एकल गायन, सामूहिक गायन की लाइव सेमी क्लासिकल,लाइव सुगम, कराओके फिल्मी गायन के वर्गों में विद्यार्थी अपनी प्रभावी गायन कला का प्रदर्शन करके इसे यादगार बनाएँगे। इसी तरह एकल तथा सामूहिक नृत्य में सेमी क्लासिकल और फिल्मी फ्री स्टाइल के विविध वर्गों में विद्यार्थी अपनी नृत्य कला का प्रदर्शन करके खूब वाह-वाही बटोरेंगे। संगीत के इन्स्ट्रुमेन्टल वर्ग में भी विद्यार्थी अपनी वादन कला का प्रभावी प्रदर्शन करके इन पलों को अविस्मरणीय बनाएँगे। उन्होंने प्रभावी प्रस्तुति देने के लिए सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दी। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए विद्यालय के वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा भी उपस्थित रहे। कल 15 अक्टूबर को दो दिवसीय राज्य स्तरीय संगीत और नृत्य प्रतियोगिता का समापन समारोह अपरान्ह 3.30 बजे से डॉ लवली शर्मा वाइस चांसलर इंदिरा कला और संगीत विश्वविद्यालय के मुख्य आतिथ्य में रखा गया है, जिसमें प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

# एमजीएम पब्लिक स्कूल मे कला और विज्ञान प्रदर्शनी ने रचनात्मकता को प्रेरित किया

राजनांदगांव (दावा)। एम जी एम पब्लिक स्कूल ने अपनी बहुप्रतीक्षित कला और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया, जिसमें छात्रों की असाधारण रचनात्मकता और अभिनव भावना को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रबंधक बिशप एच.जी. एलेक्सियोस मार यूसेबियस, फादर रेजी सी वर्गीस. फादर संजू जॉन उपाध्यक्ष और सम्मानित समिति के सदस्यों की उपस्थिति ने सम्मान को बढ़ाया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती सुजा एस जॉन द्वारा गर्मजोशी से स्वागत के साथ हुई, जिन्होंने मुख्य अतिथि और अन्य गणमान्य व्यक्तियों का हार्दिक स्वागत किया। अपने संबोधन में, उन्होंने छात्रों के बीच आलोचनात्मक सोच और समग्र विकास को बढ़ावा देने में ऐसी प्रदर्शनियों के महत्व पर प्रकाश डाला।



प्रदर्शनी में अक्षय ऊर्जा, रोबोटिक्स और पर्यावरण संरक्षण पर अत्याधुनिक विज्ञान मॉडल सहित परियोजनाओं का एक उल्लेखनीय प्रदर्शन किया गया, साथ ही एक प्रभावशाली आर्ट गैलरी में पेंटिंग, मूर्तियां और पारंपरिक शिल्प प्रदर्शित किए गए। इस कार्यक्रम ने वास्तव में रचनात्मकता और बुद्धि के मिलन का जश्न मनाया।

अपने मुख्य भाषण में एच.जी. एलेक्सियोस मार यूसेबियस ने छात्रों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और शिक्षा में कला और विज्ञान को एकीकृत करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, इस तरह के आयोजन युवा दिमागों को प्रेरित करते हैं, उन्हें नवीनता और जिम्मेदारी से सोचने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इस तरह की पहल भविष्य के नेताओं और विचारकों को आकार देने में महत्वपूर्ण हैं। उपाध्यक्ष और समिति के सदस्यों ने भी प्रदर्शनियों का दौरा किया, छात्रों के साथ बातचीत की और उनकी प्रतिभा और समर्पण की प्रशंसा की। उनकी उपस्थिति ने प्रतिभागियों के उत्साह और प्रेरणा को बढ़ाया। इस कार्यक्रम ने सभी उपस्थित लोगों पर एक अमिट छाप छोड़ी, जिसने अपने छात्रों के बीच रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा देने में एमजीएम स्कूल की भूमिका को रेखांकित किया।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन के लिए सभी अधिकारी प्रतिबद्धता एवं सक्रियतापूर्वक करें कार्य - कलेक्टर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित के अधिकारियों एवं बैंकर्स की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शासन की महती योजना है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में इस योजना से जनमानस को लाभान्वित करने के लिए उन्हें अधिक से अधिक आवेदन करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि जनसामान्य को प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लाभ के संबंध में जानकारी दें। उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना अंतर्गत पंजीयन कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की इस महती योजना के क्रियान्वयन के लिए सभी अधिकारी प्रतिबद्धता एवं सक्रियतापूर्वक कार्य करें। इसकी साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी। बिजली की बचत होने पर तथा निःशुल्क बिजली मिलने पर इसके दूगामी प्रभाव पड़ेगा। बिजली का बिल शून्य हो जाएगा और लोगों के जीवन में परिवर्तन आयेगा। उन्होंने कहा कि आवासीय कालोनी के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी जनसामान्य को इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित करें।



कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने सभी सहायक अभियंता सीएसईबी को कार्य में गति लाने के निर्देश दिए तथा ऐसे वेंडर जो कार्य में लापरवाही करें, उन पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सहायक अभियंता सीएसईबी के कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि वेंडर को छोटे स्तर तथा बड़े स्तर पर योजना अंतर्गत सोलर पैनल लगाने के लिए कहा। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत पंजीयन तथा वेंडर सलेक्शन लगातार करने कहा। आवासीय परिसर में रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित कर उपभोक्ताओं को बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए कहा। आवेदन की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाईन है एवं आवेदक स्वयं वेंडर का चयन कर सकते है। रूफटॉप सोलर प्लांट का ग्रिड से संयोजन नेटमिटरिंग के माध्यम से बिजली के उपयोग के संबंध में जानकारी ले सकते है। इससे उपभोक्ताओं को अतिरिकत आय भी प्राप्त हो रही है। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित श्री मुकेश साहू, लीड बैंक मैनेजर श्री मुनिष शर्मा सहित बैंकर्स उपस्थित रहे।

## श्रीमती रजनी राठी को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित




राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय हकलाहट जागरूकता दिवस के अवसर पर, जिला अधिवक्ता संघ, राजनांदगांव के तत्वावधान में स्पीच थेरेपी विशेषज्ञ एवं स्पेशल एजुकेटर श्रीमती रजनी राठी को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। अपने कुशल दृष्टिकोण और गहन विशेषज्ञता के माध्यम से, उन्होंने पिछले 10 वर्षों में 1000 से अधिक बच्चों को स्पीच थेरेपी और परामर्श प्रदान करके उनकी बोलने और संवाद करने की क्षमता में उल्लेखनीय सुधार ला चुकी हैं। गौरतलब है कि रजनी जी की स्पीच थेरेपी से हर बच्चा अपनी पहली स्पष्ट आवाज़ पाकर खिल उठता है। उनका मानना है कि सभी बच्चे के अंदर एक ख़ास प्रतिभा छिपी होती है, बस उसे सही दिशा की ज़रूरत होती है।




# कांग्रेस का हाथ माओवादियों के साथ- सांसद संतोष पाण्डेय

रायपुर (दावा)। छीसगढ़ बीजेपी के प्रदेश मुय प्रवक्त ा और सांसद संतोष पाण्डेय ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने इंडी गठबंधन के उपराष्ट्रपति उमीदवार सुदर्शन रेड्डी को नसलवाद समर्थक बताते हुए पूर्व मुयमंत्री भूपेश बघेल के केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर की गई टिप्पणी की कड़ी निंदा की है।



पांडेय ने कहा कि बघेल ने अपनी पूरी सरकार को कोयला, शराब, पीएससी, डीएमएफ, महादेव सट्टा एप समेत अनेक घोटलों में झोंक दिया और उनमें अनेक नेता, अधिकारी, दलाल जेल में बंद हैं। बघेल और उनकी सरकार ने कभी बस्तर के आदिवासियों की फिक्र तक नहीं की, आज रेड्डी की उम्मीदवार बनाने वाली कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री बघेल भाषा की मर्यादा तक भुला बैठे हैं।

भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता पाण्डेय ने सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेसनीत इंडी गठबंधन ने आज एक ऐसे व्यक्ति को उपराष्ट्रपति पद के लिए अपना प्रत्याशी घोषित किया है, जो माओवादी विचारधारा से प्रेरित हैं और सलवा जुडूम के खिलाफ दिया गया उनका निर्णय बस्तर और बस्तर के आदिवासियों के विरोध में रहा। यहाँ तक कि रेड्डी का फैसला प्रदेश के कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ रहा। स्व. महेन्द्र कर्मा, स्व. नन्दकुमार पटेल आदि झीरम नक्सली हिंसा में शहीद कांग्रेस नेताओं का स्मरण करते हुए पांडेय ने कहा कि यदि सलवा जुडूम के खिलाफ फैसला नहीं आता तो प्रदेश में नक्सलवाद तो बहुत पहले ही खत्म हो जाता। रेड्डी ने तब नक्सलियों के कार्य को क्रांतिकारी तक बताया! भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में इतने महत्वपूर्ण पद के ऐसे व्यक्ति को उम्मीदवार बनाना यकीनन देश के लिए चिंता का विषय है।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री शाह के प्रति प्रयुक्त भाषा पर कड़ा ऐतराज जताते हुए कहा कि इस तरह की अमर्यादित भाषा न केवल राजनीतिक, अपितु पारिवारिक संस्कारहीनता की परिचायक है। बघेल के पिता की सनातन विरोधी टिप्पणियों और भ्रष्टाचार के मामले में बेटे की गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए तीखा कटाक्ष किया कि सूप बोले तो बोले, चलनी भी बोले, जिसके बहत्तर छेद। श्री पाण्डेय ने कहा कि बेदाग छवि के धनी लौहपुरुष सदृश्य केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने उपराष्टपति पद के कांग्रेस प्रत्याशी रेड्डी को लेकर जो भी कहा है, वह एकदम सही है। कांग्रेस और बघेल के कथन के प्रदेश की जनता गम्भीरता से कतई नहीं लेती। वीभत्स हिंसा करके आदिवासियों का खून बहाने वाले माओवाद प्रेरित उग्रवादी कर रहे हैं और कांग्रेस उनकी समर्थन कर रही है। पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक हेमंत पाणिग्रही व प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने उपस्थित रहे।

# दीपावली पर विभिन्न ग्रामों में आयोजित रिकार्डिंग डांस कार्यक्रमों में शामिल हुई जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव

राजनांदगांव (दावा)। दीपावली के पावन अवसर पर जिले के विभिन्न ग्रामों दराबाधां, भोलापुर ,शिकारीमाहका, पांडे टोला,तेलंगान, में पारंपरिक उल्लास एवं सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति श्रीमती जागृति यदु, जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष संजय सिन्हा,जिला भाजपा पूर्व महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, भाजपा मंडल गैंदाटोला अध्यक्ष खिलेश्वर, साहू प्रकाश मोटघरे नकुल नेताम कुमाराय साहू शिशुपाल साहू रुखम पांडे कीर्तन साहू महेश यदु सोहन साहू होमदास साहू,चूरामन साहू श्रीमती सकून श्रीमती चमेली ठाकुर बडोले श्रीमती विमला सिन्हा दिनेश साहू भागवत नायक कौशल साहू संदीप साहू मोहित सिन्हा भी मुख्य रूप से उपस्थित थे।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर ग्रामीणों के साथ दीपावली की खुशियाँ साझा कीं।



श्रीमती वैष्णव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और उपस्थित ग्रामवासियों को दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व केवल आनंद और उत्सव का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और अन्याय पर न्याय की विजय का संदेश देता है। इस दौरान ग्रामवासियों एवं स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक लोकगीतों, नृत्यों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वातावरण को उत्सवमय बना दिया। मंच पर नृत्य करते बच्चों और युवाओं का उत्साह देखते हुए श्रीमती वैष्णव ने कहा कि ग्रामीण अंचल में आयोजित ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारी लोक संस्कृति की जड़ों को मजबूत करते हैं। यह हमारी विरासत और पहचान हैं, जिन्हें नई पीढ़ी तक पहुँचाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे कहा कि दीपावली जैसे त्यौहार समाज में एकता, भाईचारा और प्रेम का भाव जगाते हैं। ऐसे अवसरों पर हमें अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखने और वोकल फॉर लोकल की भावना को अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। स्थानीय उत्पादों और कारीगरों को बढ़ावा देकर हम आत्मनिर्भर भारत की दिशा में योगदान दे सकते हैं।

उक्त कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, महिलाएं, युवा और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएँ दीं। आयोजन समिति ने श्रीमती वैष्णव का पारंपरिक अंदाज़ में स्वागत किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान हर्ष और उल्लास का वातावरण बना रहा। दीपों की रौशनी, संगीत की गूंज और लोकनृत्यों की थिरकन से गांवों में दीपावली का पर्व भव्य रूप में मनाया गया।

# पिछले वर्षों के सड़क दुर्घटना आंकड़ों के आधार पर दुर्घटनाजन्य स्थलों का चिन्हांकित करें



○ कलेक्टर यादव एवं एसपी गर्ग ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की ली बैठक
0 जिले के ब्लैक स्पॉट, पार्किंग स्थल एवं यातायात व्यवस्था के संबंध में ली जानकारी

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने जिले के ब्लैक स्पॉट, पार्किंग स्थल एवं यातायात व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने पिछले 3 वर्षों के सड़क दुर्घटना आंकड़ों के आधार पर दुर्घटनाजन्य स्थलों का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग सबसे लंबा है इसे ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग में जुडने् वाली सड़कों में स्पीड ब्रेकर और साईन बोर्ड बनाने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय राजमार्ग में चिन्हांकित स्थानों पर हाईमास्क लाईट शीघ्र लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग में घुमंतू पशुओं को गौशाला या पशु आश्रय स्थल में रखने कहा। उन्होंने शहर में होने वाले अतिक्रमण के संबंध में चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि राज्य शासन द्वारा गौधाम योजना शुरू की गई है। गांवों में गौधाम स्थापित किया जाएगा, जिसे ऐसे संस्थान को दिया जाएगा, जहां पशुओं की देख-रेख की जाएगी और उन्हें प्रति पशु के हिसाब से अनुदान राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले के 17 गौधाम स्थलों का चिन्हांकन कर प्रस्ताव भेजा गया है। उन्होंने सड़कों पर मवेशी मिलने पर मवेशी मालिकों पर अर्थदण्ड लगाने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय राजमार्ग से पशुओं को हटाने के साथ-साथ निकटतम गौशाला में छोडने् कहा। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग में पर्याप्त मात्रा में लाईट लगाने के निर्देश दिए। जिससे सड़क दुर्घटना में कमी आएगी। शहर में अव्यवस्थित विद्युत तार पोल एवं ट्रांसफार्मर को व्यवस्थित तरीके से स्थापित करने के निर्देश दिए। शहर के चौक-चौराहों में पर्याप्त मात्रा में लाईटिंग और सड़कों के डिवाईडरों में रेडियम लगाने के निर्देश दिए। शहर में पार्किंग स्थलों का चिन्हांकन करने कहा।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि दुर्घटना होने के बाद एम्बुलेंस द्वारा हास्पिटल पहुंचा दिया जाता है लेकिन इसका पंजीयन नहीं हो पाता है। ऐसे दुर्घटनाओं की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को संधारित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि ब्लैक स्पाट के अलावा अन्य स्थलों में जहां सड़क दुर्घटना हो रही उसका चिन्हांकन करने कहा। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थल भी हैं जहां सड़क दुर्घटना से घायल हो रहे है मृत्यु नहीं हो रही हैं ऐसे स्थलों का भी चिन्हांकन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सड़कों पर तकनीकी समस्या, लाईटिंग, पेड के कारण सड़क दुर्घटना नहीं होनी चाहिए। हाईवे में जुडने् से पहले सड़कों पर स्प्रीड ब्रेकर, ब्लिंकर, रम्बलर, लाईट लगाने कहा। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम गौतम पाटिल, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम, अतिरिक्त परिवहन अधिकारी आनंद शर्मा, जिले के सभी जनपद पंचायतों के सीईओ, परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग के प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# भगत युवा संगठन ने हर्षोल्लास से मनाया दीपावली मिलन समारोह



थाना प्रभारी दिलीप पटेल हुए सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। गांव में सामाजिक सौहार्द और एकता का प्रतीक बन चुका भगत युवा संगठन इस वर्ष भी दीपावली पर्व को खास अंदाज़ में मनाया। संगठन द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह का भव्य आयोजन भगत भवन में किया गया। जिसमें गांव के सभी वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि, सरपंच, जनपद सदस्य और थाना प्रभारी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में दीपावली मिलन के साथ-साथ पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ के प्रभारी श्री दिलीप पटेल का विशेष स्वागत एवं सम्मान किया गया। भगत युवा संगठन के सदस्यों ने पुष्पगुच्छ, शाल और प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य श्रीमति सरिता साहू, सरपंच श्रीमति भुनेश्वरी रोहित साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष श्री मदन साहू, थाना प्रभारी श्री दिलीप पटेल, पूर्व सैनिक श्री तोप सिंह साहू, डॉ. विद्या विलास श्रीवास्तव, तथा गांव के वरिष्ठजन अमरोतन साहू, उदे राम पटेल, खेलूं राम साहू, श्री शंकर सर, नोहर साहू, एस.पी. तिवारी, वाणी विलास पटेल, संतोष साहू, धरम जैन आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन भगत युवा संगठन के अध्यक्ष टीकम पटेल ने किया। इस अवसर पर संगठन के उपाध्यक्ष टीकेश्वर साहू, सचिव खिलावन यादव सहित संगठन के सभी सदस्य मौजूद थे। सभी ने दीप जलाकर एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएँ दीं और समाज में प्रेम, भाईचारे और एकता के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। उपस्थित अतिथियों ने भगत युवा संगठन के कार्यों की सराहना की और युवाओं से इसी तरह समाज सेवा एवं जनजागरूकता के क्षेत्र में सक्रिय बने रहने का आह्वान किया।

# आपकी पूंजी आपका अधिकार अंतर्गत आज निष्क्रिय खातों के सक्रियकरण एवं समाधान शिविर का होगा आयोजन

0 जनधन खाता, जीवन ज्योति बीमा, जीवन सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन योजना सहित अन्य बैंकिंग योजनाओं का शिविर में किया जाएगा पंजीकरण
0 सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की दी जाएगी समन्वित जानकारी
0 भारतीय जीवन बीमा की दावा नहीं किए गए बीमा पालिसी की दी जाएगी जानकारी

राजनांदगांव। वित्त मंत्रालय भारत सरकार एवं रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार 24 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक गांधी सभागृह राजनांदगांव में सभी बैंकों एवं जीवन बीमा कंपनियों द्वारा विशेष अभियान आपकी पूंजी आपका अधिकार अंतर्गत निष्क्रिय खातों के सक्रियकरण एवं बिना दावा किये गए जमा राशि को वापस करने के लिए जिला स्तरीय जागरूकता एवं समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

शिविर का आयोजन वित्त मंत्रालय भारत सरकार एवं रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 1 अक्टूबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक संचालित विशेष अभियान अंतर्गत किया जा रहा है। शिविर में भारत सरकार द्वारा संचालित जनधन खाता, जीवन ज्योति बीमा, जीवन सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन योजना सहित अन्य बैंकिंग योजनाओं का पंजीकरण शिविर में किया जायेगा। शिविर में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समन्वित जानकारी भी दी जाएगी।

इसके अलावा भारतीय जीवन बीमा की दावा नहीं किये गए बीमा पालिसी की जानकारी भी शिविर में दी जायेगी। खातों की पुन- केवाईसी कार्य मौके पर पूर्ण किया जाएगा। शासकीय, अशासकीय, विभागीय, आम खाताधारक शिविर में शामिल होकर लाभ ले सकते है।

# नगर निगम के स्वास्थ्य अमला ने सफाई में दिखाई तत्परता





0 दिवाली के दूसरे दिन सुबह से ही त्योहारी कचरे की सफाई
0 आयुक्त बाजार क्षेत्र में स्वयं रहे उपस्थित

राजनांदगांव (दावा)। दिवावली त्योहार के लिए लोग उत्साह से खरीदारी करते है, जिसके कारण बाजार सहित शहर के प्रमुख मार्ग के अलावा सभी क्षेत्रों में अत्याधिक भीड हो जाती है। साथ ही बड़े छोटे दुकानो के अलावा ठेला, खोमचा, पसरा, लगाकर बाजार क्षेत्र एवं चौक चौराहो में समाग्री विक्रय करने वालो के कारण भी अत्याधिक मात्रा में कचरा एकत्रित हो जाता है। उक्त कचरे की सफाई के लिए नगर निगम का स्वास्थ्य अमला ने तत्परता दिखाई और दीपावली के दूसरे दिन सुबह से शहर में चौक चौराहो, मुख्य मार्गो व सडकों मे फैले त्योहारी कचरे की सफाई किए। निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा स्वयं निरीक्षण कर स्वास्थ्य कर्मियों का हौसला बढ़ाया।

नगर निगम का स्वास्थ्य अमला सक्रिय भागीदारी निभाकर प्रतिदिन शहर की सफाई कार्य में लगे रहते है। एक ओर जहॉ सफाई कर्मी शहर की नाली व नालो की सफाई के अलावा चौक चौराहो, मोहल्ले की सड़को व गलियो का कचरा साफ करते है, वही स्वच्छता दीदीयॉ घर घर कचरा संग्रहण कर एसएलआरएम सेन्टर में कचरे का निपटान करते है। बरसात के पूर्व नाली नालो तथा त्योहारी सीजन में व बड़े छोटे आयोजनो के पश्चात गैंग के माध्यम से साफ सफाई की जाती है, ताकि शहर का उक्त क्षेत्र साफ सुथरा होकर पूर्व की स्थिति में आ जाए।

हिन्दुओ का सबसे बड़ा पर्व दिपावली त्योहार जिसमें पूरे शहर में भीड का माहोल रहता है तथा दुकानो के अलावा चौक चौराहो में ठेला पसरा के कारण बाजार क्षेत्र एवं मुख्य मार्गो में भारी मात्रा में कचरा, प्लास्टिक, पालीथीन पेपर आदि एकत्रित हो जाता है, जिसे निगम के सफाई अमला ने दिवाली के दूसरे दिन सुबह से तत्परता के साथ कचरा उठाए। जयस्तंभ चौक, गंज चौक, नंईद चौक आदि चौक चौराहो के अलावा बाजार एवं मुख्य मार्ग में सफाई अभियान चलाकर कचरा साफ किया गया।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा स्वयं सुबह शहर में निरीक्षण कर सफाई कर्मियो का हौसला बढ़ाए। उन्होंने शहर के बाजार एवं मुख्य मार्गो के अलावा फ्लाई ओव्हर के नीचे साफ सफाई देख कचरा उठाने कहा। उन्होंने कहा कि शहर में साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त करे, नाली से कचरा निकालने के उपरांत कचरा तुरंत उठावे। उन्होंने दुकानदारो एवं पसरा वालो से भी कहा कि अपने दुकान व पसरा से निकलने वाला कचरा, कचरा गाडी में ही डाले, डस्टबिन का उपयोग करे।

# धान खरीदी के संबंध में बैठक सह प्रशिक्षण 24 अक्टूबर को

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में 24 अक्टूबर 2025 को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में दो पालियों में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान उपार्जन के सफल क्रियान्वयन हेतु बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। प्रथम पाली सुबह 10 बजे राजनांदगांव एवं डोंगरगांव विकासखंड तथा द्वितीय पाली दोपहर 1 बजे छुरिया एवं डोंगरगढ़ विकासखंड के संबंधित अधिकारी-कर्मचारी शामिल होंगे।

# थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा 5 आरोपियों के विरुद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

शहर मे शंन्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा 05 आरोपीयो के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर मान0 एस.डी.एम. न्यायालय पेश किया गया



डोंगरगढ़ (दावा)। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देश पर अति पुलिस अधीक्षक महोदय राहुल देव शर्मा व एसडीओपी महोदय डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना क्षेत्र में अपने टीम के साथ लगातार गस्त पेट्रोंलग कर अवैध गतिविधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रख रही है और लगातार इस अभियान के तहत क्षेत्र मे शांन्ति भग करने वाले निम्न के विरूद्ध 01.विजय यादव उर्फ मोनू पिता बहादुर यादव उम्र 28 साल निवासी काश्मीरी पारा डोंगरगढ जिला राजनांदगांव, 02.टिकेश्वर सिन्हा पिता राधेलाल सिन्हा उम 26 साल निवासी चिद्दो, 03. राधेलाल सिन्हा पिता भिकुराम सिन्हा उम्र 56 साल निवासी चिद्दो, 04'. ओमप्रकाश सिन्हा पिता राधेलाल सिन्हा उम्र 29 साल निवासी चिद्दो, 5.दिनेश कुमार सिन्हा पिता धनुक सिन्हा उम्र 40 साल निवासी चिद्दो के द्वारा अलग- अलग जगहो पर वाद विवाद एव लगाई झगडा कर रहे थे जिसके विरूद्ध धारा- 170/126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर श्रीमान एसडीएम कार्यालय में पेश किया गया है।

# युगांतर में दीपावली मिलन समारोह का शानदार आयोजन



प्रबंधन ने टीचिंग व नान टीचिंग स्टॉफ को दीपावली का उपहार देकर दिल जीता

राजनांदगाँव (दावा)। युगांतर पब्लिक स्कूल में चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, नरेंद्र कोटड़िया, जितेंद्र भंसाली, प्राचार्य मधुसूदन नायर, हैड मिस्ट्रेस विनिता तिलवानी की उपस्थिति में दीपावली मिलन समारोह आयोजित हुआ। प्रबंध समिति ने विद्यालय के टीचिंग व नान टीचिंग स्टॉफ को दीपावली का उपहार देकर दिल जीता। युगांतर के प्राचार्य मधुसूदन नायर सहित अन्य स्टाफ को भी दीपावली उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। युगांतर के सभी स्टॉफ ने प्रबंधन की इस अनूठी पहल का स्वागत करते हुए इसे सराहनीय कदम बताया।

दीपावली मिलन समारोह की शुरूआत माता की पूजा अर्चना से हुई। संस्था के पदाधिकारियों तथा प्राचार्य सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने दीप प्रज्वलित करके समारोह की विधिवत शुरूआत की। संगीत शिक्षक टी विशाल, आकांक्षा चतुर्वेदी, लवली पॉल, नम्रता तिवारी, परमजीत ठाकुर, बलवंत निषाद ने शानदार गीत गाकर खूब तालियाँ बटोरी।

विद्यालय के चेयरमैन अजय सिंगी ने कहा कि आप सभी के लिए दीपावली का पर्व उल्लास और उमंग से परिपूर्ण हो। उन्होंने जैसे ही यह घोषणा की कि प्रबंधन सभी स्टॉफ के लिए स्वास्थ्य बीमा की सुविधा प्रदान कर रहा है, वैसे सारा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा। इसी तारतम्य में निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी ने कहा कि आप सभी के लिए दीपावली का पर्व पुनः नई ऊर्जा के साथ कार्य करने के लिए सार्थक सिद्ध हो। उन्होंने पुनः समर्पण के साथ कार्य करने के लिए जोर दिया। उन्होंने सभी टीचिंग व नान टीचिंग स्टॉफ को दीपावली की शुभकामनाएँ दी। उन्होंने आगे कहा कि सभी स्टॉफ को स्वास्थ्य बीमा प्रदान करने की पहल चेयरमैन ने की, फिर हम सभी ने इस पहल का समर्थन किया। संस्था की प्रगति टीम भावना के साथ कार्य करने पर ही निर्भर होती है। नान टीचिंग स्टॉफ से मेस प्रभारी, ट्रांसपोर्ट , सुपरवाइजर , वार्डन अपने सभी अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ सम्मानित हुए। समारोह का शानदार संचालन प्राचार्य मधुसूदन नायर ने किया।

# सरकार ने 2 साल में 17 जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद किया - कांग्रेस




राजनांदगांव (दावा)। भाजपा सरकार के 2 साल में छत्तीसगढ़ की जनता को निराश किया है। साय सरकार की उपलब्धि के नाम पर पिछली सरकार की योजनायें बंद करना मात्र है। साय सरकार ने जनता के हित में चलाई जाने वाली योजनाओं को दुर्भावनापूर्ण बंद किया।

कांग्रेस नेता पीयूष दुबे ने कहा कि बिजली बिल हाफ योजना बंद कर दिया, राजीव मितान योजना, गोधन न्याय योजना, बेरोजगारी भत्ता, रीपा, मुख्यमंत्री कर्ज माफी, सिंचाई कर माफी, महिला समूहों की ऋण माफी, सीएम आदिवासी परब सम्मान निधि, सीएम छत्तीसगढ़ी परब सम्मान निधि, कोदो कुटकी रागी खरीदी, नरवा-गरवा-घुरवा बारी, मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय, मुख्यमंत्री महतारी दुलार, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन, धरसा विकास, शहरी गरीबों को पट्टा एवं आवास, छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक, मुख्यमंत्री सुपोषण योजना को बंद किया। यह सरकार दुर्भावना वाली सरकार है। श्री दुबे ने कहा कि भाजपा की विष्णुदेव सरकार 2 साल में विफल साबित हो गई। कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो गयी। एसपी कलेक्टर कार्यालय जला दिया गया। हत्याओं का नया रिकॉर्ड बन गया। प्रदेश में मॉब लिंचिंग शुरू हो गयी, गौ तस्करी की घटनाएं शुरू हो गयी। महिलाओं के प्रति अपराधों में बढ़ोतरी हो गयी, बलात्कार, सामूहिक बलात्कार की घटनायें बढ़ गयी। लूट, अपराध, डकैती, चाकूबाजी की घटनायें बढ़ गई।

## अंतर्राष्ट्रीय हकलाना जागरूकता दिवस विशेष...

# स्पीच थेरेपी विशेषज्ञ श्रीमती रजनी राठी, जिन्होंने 10 वर्षो में 1000 से अधिक बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लायी है



राजनांदगांव (दावा)। भावनाओं और विचारों के बीच की कड़ी भाषा है। जब यह सेतु कमज़ोर होता है, तो व्यक्ति का आत्मविश्वास भी प्रभावित होता है। राजनांदगांव की सुप्रसिद्ध स्पीच थेरेपी विशेषज्ञ एवं विशेष शिक्षिका श्रीमती रजनी राठी ने पिछले 10 वर्षों में 1000 से अधिक बच्चों को स्पीच थेरेपी एवं परामर्श प्रदान किया है। उनके प्रयासों से बच्चे, जो पहले 'हकलाहट' या 'बोलने की कठिनाइयों' के कारण सामाजिक रूप से पीछे रह जाते थे, आज आत्मनिर्भर जीवन जी रहे हैं।

गौरतलब है कि, रजनी जी का दृष्टिकोण स्पीच थैरेपी से कहीं आगे जाता है; वह हर बच्चे से एक दोस्त की तरह जुड़ती हैं और उनकी भावनाओं को समझती हैं। उनके अनुसार, स्पीच थेरेपी का असली उद्देश्य बच्चों को आत्मविश्वास से सशक्त बनाना है, ताकि वे निडर होकर अपनी बात कह सकें। यही कारण है कि इस सेंटर से निकले बच्चे आज आत्मविश्वास के साथ समाज में अपनी पहचान बना रहे हैं।

22 अक्टूबर को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय हकलाना जागरूकता दिवस, रजनी जी के काम को और भी सार्थक बनाता है। इस दिन, वह न केवल बच्चों, बल्कि अभिभावकों को भी यह सोच अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं कि हकलाना कोई कमज़ोरी नहीं, बल्कि एक चुनौती है जिसे उचित मार्गदर्शन से दूर किया जा सकता है। उनके सकारात्मक दृष्टिकोण ने अनगिनत परिवारों को नई उम्मीद दी है।

उनके स्पीच थेरेपी एक भावनात्मक सफर हैं, जहाँ हर बच्चा अपनी पहली स्पष्ट आवाज़ पाकर खिल उठता है। उनका मानना है कि हर बच्चे के अंदर एक ख़ास प्रतिभा छिपी होती है, बस उसे सही दिशा की ज़रूरत होती है। रजनी राठी जी का जीवन इस बात का प्रमाण है कि सच्ची सेवा दूसरों को आवाज़ देने में ही निहित है। उनकी कहानी हमें सिखाती है कि शब्दों से परे भी एक भाषा होती है सहानुभूति, धैर्य और प्रेम की भाषा। अपने समर्पण, करुणा से उन्होंने साबित कर दिया है कि एक व्यक्ति भी कई लोगों के जीवन में बदलाव ला सकता है।

# जुआं के दो मामले में सात गिरफ्तार

राजनांदगांव (दावा)। दीवाली के समय में रूपयों पैसों पर दांव लगाने और फड़ जमने के दो मामलों में कार्यवाही करते हुए पुलिस ने अलग अलग दो स्थानों से सात लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से फड़ में दांव पर लगा 2830 रूपये सहित बावन परी व कुछ सामग्रियां जप्त की गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर आज बाजार चौक किरगी (खुर्सीपार) में फड़ जमाये बैठे जुड़ियानों के विरूद्ध कार्यवाही की गई, जिसमें ओमकार सिंह फुलेन्द्र आ. लखनलाल फुलेन्द्र (उम्र 38 साल) निवासी ग्राम किरगी के पास व फड़ से 500 रू., दिलीप कुमार गावरे आ. स्व. शंभूराम गावरे (उम्र 59 साल) निवासी ग्राम किरगी के पास व फड़ से 500 रू. तथा नेतराम साहू आ. गणेशराम साहू (उम्र 43 साल) निवासी ग्राम किरगी के पास व फड़ से 680 रू. कुल 1680 रू. एवं मौके से बावन पत्ती ताश आदि जप्त कर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिशेष अधिनियम 3(2) के तहत् कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया।

इसी प्रकार एक दूसरे मामले में ग्राम अर्जुनी में पुराना बाजार चौक में ताशपत्ती में रूपयों पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे चार लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है। इनमें रोशन निर्मलकर आ. रजउराम निर्मलकर (उम्र 36 साल) निवासी ग्राम अर्जुनी के पास व फड़ से 350 रू., शत्रुहन निषाद आ. दुर्देशीराम निषाद (उम्र 33 साल) निवासी ग्राम अर्जुनी के पास व फड़ से 250 रू, भादूराम निषाद पिता जेठूराम निषाद (उम्र 58 साल) निवासी ग्राम अर्जुनी के पास व फड़ से 450 रूपये तथा जंगलू निषाद आ. संतोष निषाद उम्र 35 साल निवासी ग्राम अर्जुनी के पास व फड़ से 100 रू. कुल जुमला 1150 रूपये एवं मौके से 52 पत्ती ताश आदि जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनके विरूद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिशेष अधिनियम 3(2) के तहत् कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया। मामला जमानतीय होने पर दोनों मामलों में आरोपियों को जमानत मुचलका पर रिहा किया गया।

# ग्राम कोहका के बिहार - पटना ढाबा में अवैध शराब बिक्री और सेवन, ग्रामीणों में चिंता

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम कोहका स्थित जीई रोड पर बिहार - पटना ढाबा में अवैध शराब की बिक्री और सेवन की लगातार गतिविधियों से ग्रामीणों में भारी चिंता व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस ढाबा में लगातार शराब पिलाई जा रही है और इसका प्रभाव पूरे इलाके में देखा जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस अवैध गतिविधि के कारण युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है और आसपास के वातावरण में असामाजिक घटनाओं की संभावना भी बढ़ रही है।

ग्रामीणों ने प्रशासन और पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग की है, ताकि ढाबा पर अंकुश लगाया जा सके और गाँव में कानून व्यवस्था तथा सामाजिक शांति बनी रहे।


दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

नागपुर मंडल में विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

1. निविदा क्रमांक: ई/35/एनजीपी/2025-26 कार्य का नाम: (1) वरिष्ठ DEN/पूर्व/नागपुर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत SEJS-72 सेट्स एवं ग्लूड जॉइंट्स-55 सेट का नवीकरण। (2) वरिष्ठ DEN/पूर्व/नागपुर अधिकार क्षेत्र अंतर्गत SEJS-239 एवं ग्लूड जॉइंट्स-166 संख्या का नवीकरण। (3) वरिष्ठ DEN / पूर्व / नागपुर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत TFR-24.364 TKM। (4) वरिष्ठ DEN/पूर्व/नागपुर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत टर्न-आउट स्लीपर्स-34 सेट का नवीकरण। (5) ADEN / गोंदिया के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत G-GDM सेक्शन (तीसरी लाइन) के बीच बचा हुआ पी.वे काम। (6) वरिष्ठ DEN / पूर्व / नागपुर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत TBR-35.24 TKM। (7) वरिष्ठ DEN/पूर्व/नागपुर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत टूटे स्लीपर्स / टूटे रेल स्क्रू का कैसुअल नवीकरण और पॉइंट्स व क्रॉसिंग्स में PVC डॉवेल्स को ठीक करना। (8) ADEN / डोंगरगढ़ के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत पॉइंट्स और क्रॉसिंग्स, SEJS, ब्रिज आदि के प्लेट स्क्रू / रेल स्क्रू का कैसुअल नवीनीकरण और रेल स्क्रू का लुब्रिकेशन। (9) वरिष्ठ DEN / पूर्व / नागपुर मंडल के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत मुख्य लाइन में विभिन्न यार्डो के डी-मार्क और OBS रेल की पटरियों का कैसुअल नवीकरण। अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 5,57,14,236/- बयाना राशि: ₹ 4,28,600/-

2. निविदा क्रमांक: ई/36/एनजीपी/2025-26 कार्य का नाम: ADEN/गोंदिया के सेक्शन में एसएसई / पी.वे / गोंदिया के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ट्रैक के रखरखाव के लिए विविध पी.वे. कार्य। अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 72,99,859/- बयाना राशि: ₹ 1,46,000/-

3. निविदा क्रमांक: ई/37/एनजीपी/2025-26 कार्य का नाम: ADEN/गोंदिया के सेक्शन में एसएसई/पी.वे/AGN के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत ट्रैक के रखरखाव के लिए विविध पी.वे. कार्य। अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 73,01,247/- बयाना राशि: ₹ 1,46,000/-

4. निविदा क्रमांक: ई/38/एनजीपी/2025-26 कार्य का नाम: एसएसई / पी.वे / राजनंदगाँव (RJN) के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ट्रैक के रखरखाव के लिए विविध पी.वे. कार्य। अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 72,57,106/- बयाना राशि: ₹ 1,45,200/-

5. निविदा क्रमांक: ई/39/एनजीपी/2025-26 कार्य का नाम: एसएसई / पी.वे / डोंगरगढ़ (DGG) के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ट्रैक के रखरखाव के लिए विविध पी.वे. कार्य। अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 72,57,436/- बयाना राशि: ₹ 1,45,200/-

6. निविदा क्रमांक: ई/40/एनजीपी/2025-26 कार्य का नाम: ADEN / गोंदिया के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत SKS स्टेशन पर बैंकिंग साइडिंग पश्चिमी यार्ड के ग्रेडिएंट 1:192 से 1:400 में संशोधन। अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 1,20,94,678/- बयाना राशि: ₹ 2,10,500/-

बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दि. 14.11.2025 के 15:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। मैनुअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है और सभी मैनुअल ऑफर को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

उपरोक्त निविदाएं सम्बंधित अन्य विवरण वेब साइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

वरिष्ठ मंडल अभियंता (पूर्व), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर

FL/32-155

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## अनमोल दावा

> सफलता केवल उन्हीं के हाथों लगती है, जो चुनौतियों का सामना करते हैं।

## संस्कृति के बहाने हिजाब की पैरवी, पितृसत्ता से मुक्ति की चाह रखने वाले दे रहे ज्ञान

आपको शाहबानो केस याद होगा। मामला मात्र गुजारा भत्ते का था। अदालत ने शाहबानो के पक्ष में फैसला दिया कि उन्हें गुजारा भत्ता दिया जाना चाहिए। बस बवाल हो गया और उस समय की केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय के फैसले को पलट दिया। बाद में शाहबानो ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने उनके पक्ष में फैसला देकर गलत किया। जब उनसे पूछा गया गया कि अपने ही पक्ष में दिए फैसले को गलत क्यों बताया तो वे बोलीं-अगर मैं ऐसा न कहती, तो देश में खून की नदियां बह जातीं।

केरल में कोच्चि के एक मिशनरी स्कूल में आठवीं कक्षा में पढ़ने वाली एक लड़की जब हिजाब पहनकर आने लगी तो वहां के अधिकारियों ने कहा कि वह स्कूल यूनिफार्म में ही आए। इस पर विवाद हो गया और केरल के शिक्षा मंत्री वी. सिवनकुट्टी भी इसमें कूद पड़े। उन्होंने स्कूल को आदेश दिया कि लड़की को हिजाब पहनकर आने दिया जाए। उन्होंने एक जांच भी बिठा दी, जिसमें कहा गया कि स्कूल के आचरण से बच्ची को बहुत परेशानी हुई। कुट्टी ने यह भी कहा कि स्कूल का इस तरह का आदेश धार्मिक स्वतंत्रता के मानकों के खिलाफ है। बाद में स्कूल अधिकारियों ने बच्ची के माता-पिता से बात की, लेकिन बात नहीं बनी, क्योंकि राजनीतिक दल एसडीपीआइ विवाद भड़काने में लग गया। उसके सदस्यों ने स्कूल वालों के साथ बदतमीजी की, जिनमें से अधिकांश नन थीं।

हिजाब का मामला केरल हाई कोर्ट भी पहुंचा, जिसने स्कूल को पुलिस सुरक्षा देने के आदेश दिए। इस सबके बीच बच्ची के माता-पिता ने कहा कि वह अपनी बेटी का दाखिला किसी अन्य स्कूल में कराएंगे। केरल सरकार ने इसमें बच्ची की मदद करने की पेशकश की यानी वह भी लड़की को हिजाब सहित पढ़ने की अनुमति देने के पक्ष में खड़ी हो गई। सवाल यह है कि क्या स्कूल अब मजहबी आदेशों से चलेंगे या अपने कायदे-कानूनों और परंपरा से? सिवनकुट्टी जिस वाम दल के प्रतिनिधि हैं, वह धर्म को नहीं मानता, फिर एकाएक उन्हें धार्मिक अधिकारों की याद कैसे आ गई?

कुछ साल पहले कर्नाटक के एक स्कूल को लेकर भी ऐसा ही विवाद हुआ था। इस विवाद को भी राजनीतिक दलों ने खूब हवा दी थी। बहुत सी महिलाएं, जो न कभी हिजाब पहनती थीं, न बुर्का, बल्कि पश्चिमी वेशभूषा में दिखाई देती थीं, उन्होंने हिजाब का समर्थन किया था। यह देखने योग्य है कि स्त्रीवाद की तमाम परिभाषाएं मजहब देखकर ही तय होती हैं। ईरान में खोमैनी के 1979 में सत्ता में आने के बाद स्त्रियों का हिजाब पहनना अनिवार्य कर दिया गया था। इसके लिए सड़कों पर मोरल पुलिस घूमती है। जो स्त्रियां हिजाब पहने नहीं पाई जातीं, उन्हें भारी जुर्माना, कोड़ों और जेल की सजा दी जाती।

इसी सजा के चलते 2022 में वहां म्हासा अमीनी की मौत हो गई थी। तब स्त्रियों में गुस्सा फूट पड़ा था। उन्होंने सिर से हिजाब उतार फेंके थे। वे प्रदर्शन करने लगीं। वहां की सरकार ने इस आंदोलन को निर्ममता से कुचला। बहुत से स्त्री-पुरुष मारे गए। खोमैनी से पहले ईरान में स्त्रियां अपनी पसंद के कपड़े पहनती थीं, लेकिन 1979 की तथाकथित क्रांति ने स्त्रियों को फिर से हिजाब और बुर्के में लपेट दिया।

मामला मजहब और संस्कृति का बताकर चुप्पी साध ली गई। इसके बरक्स तुर्किये में स्त्रियों ने हिजाब के समर्थन में आंदोलन चलाया। वहां स्त्रियां हिजाब पहनने की मांग कर रही थीं। कमाल पाशा ने तुर्की में जो सुधार किए, उनमें स्त्री को पर्दे से बिल्कुल आजाद कर दिया था, लेकिन अब तुर्किये की स्त्रियों को पर्दा चाहिए। कितना विरोधाभास है। शायद इसका कारण सरकारों द्वारा लादे गए कानून होते हैं। उनका विरोध करते-करते कभी-कभी अपने ही पांव में कुल्हाड़ी मार ली जाती है, जैसा कि तुर्किये की स्त्रियां कर रही थीं।

कुछ साल पहले हरियाणा की एक पत्रिका ने घूंघट को स्त्री अस्मिता का प्रतीक बताया था तो काफी विरोध हुआ था, लेकिन इन विरोध करने वालों ने ही हिजाब के मामले में खामोशी ओढ़ ली। आखिर यह कौन सी स्वतंत्रता की चाह है, जो मजहब और संस्कृति का बहाना बनाकर चुप हो जाती है। मेरी पसंद, मेरी आजादी की बात अब यहां तक भी आ पहुंची है कि बात-बात पर पितृसत्ता से मुक्ति की चाहत रखने वाले हिजाब या बुर्के को भी स्त्री अस्मिता का प्रतीक बताने लगे हैं।चाहे घूंघट हो या हिजाब, इसकी जिम्मेदारी स्त्रियों की ही क्यों है? पुरुषों के लिए ऐसा कोई नियम क्यों नहीं? दुनिया भर में पुरुषों ने तो अपनी ड्रेस पैंट-शर्ट कर रखी है और स्त्रियों के कपड़ों पर चील नजर लगी रहती है। क्या दुनिया के मजहबों और संस्कृतियों को बचाने का ठेका स्त्रियों ने ले रखा है। वे क्या करें, यह लादने वाले आप कौन? क्या इसे दोयम दर्जे की नागरिकता नहीं कहते? जब राजा राममोहन राय बंगाल में सती प्रथा के खिलाफ आंदोलन चला रहे थे, तो वहां एक सती समर्थक गुट भी था। उसने स्त्रियों का एक जुलूस निकाला, जिसमें वे कह रही थीं कि वे सती होना चाहती हैं। 1987 में जब राजस्थान के दिवराला में रूपकंवर सती हो गई थी, तब एक दल की बड़ी महिला नेत्री ने बयान दिया था कि सती होना स्त्री का अपना अधिकार है। कई बार लगता है कि जब से आइडेंटिटी पालिटिक्स ने लोगों के जीवन में प्रवेश किया है, तब से कई लोगों को किसी भी सुधार की बात उन्हें अपने जीवन में हस्तक्षेप लगती है।

# भारत में गरीबों का गुस्सा

**हरिशंकर व्यास**



हिंदू धर्म में लक्ष्मीपुत्रों के खिलाफ क्रांति संभव ही नहीं! भारत असमानता का अब वैश्विक उपमहाद्वीप है। 140 करोड़ लोगों की आबादी है। पर इनकी कुल संपत्ति का 60 प्रतिशत सिर्फ़ एक प्रतिशत परिवारों के पास है! हुरुन इंडिया की ताज़ा रिपोर्ट मानें तो भारत में 1,687 व्यक्तियों की संपत्ति हज़ार-हज़ार करोड़ रुपए से अधिक है, और 358 अरबपतियों की औसत संपत्ति 8,500 करोड़ रू से ऊपर। भारत जैसी गरीब-अमीर की असमानता दुनिया में और कहीं नहीं है। ये आंकड़े किसी भी देश को बेचैन कर देंगे मगर भारत में लोग ऐसी असमानता का अनुभव करते हुए भी नहीं सोचते। हिंदू ले दे कर भाग्य का हवाला देंगे। तभी भारत के खरबपति-अरबपति हमेशा निश्चिंत रहे हैं! उन्हें कभी डर नहीं लगता, चिंता नहीं होती क्योंकि असमानता हिंदू समाज का नैतिक संकट नहीं, बल्कि सांस्कृतिक स्वभाव और धर्म की व्यवस्था है।

इसलिए मनु जोसेफ़ की किताब ÷क्यों गरीब हमें नहीं मारते÷ (ड्ड्4 ह्लद्धद्ग क्कशश्रह् ष्ठशठ्ठ'ह्ल ण्द्बद्यद्य ह्य) का विषय अच्छा और विचारणीय है। इस पर कल लंदन की पत्रिका 'द इकोनॉमिस्ट' में समीक्षा पढ़ने को मिली। और अपने को फिर जाहिर हुआ कि दुनिया भारत के डीएनए, सामाजिक-सांस्कृतिक-धार्मिक मनोभावों का लेकर कितनी बेखबर व अनजान है।

पर पहले ÷क्यों गरीब हमें नहीं मारते÷ की थीसिस पर गौर करें। पुस्तक में अमीरों की इस सोच का हवाला है कि भारत में नौकर, ड्राइवर, और कामगार पहले जैसे आज्ञाकारी नहीं रहे। मगर यह डर, चिंता नहीं, बल्कि महज एक शिकायत है। और मेरा मानना है यह वह शिकायत है जो अमीर में ही नहीं, बल्कि भारत के मध्य वर्ग में भी है। आखिर भारत में अब संजीदगी, ईमानदारी से काम कितने लोग करना चाहते हैं? जो सबसे गरीब हैं, कामगार, सेवा प्रदाता है उनकी उम्मीदें आसमान छूती हैं पर वे मेहनत से तौबा करते हैं। उनकी सोच, मकसद और जुगाड श्रम, मेहनतकश ईमानदारी से नहीं, बल्कि माईबाप सरकार से नौकरी, राशन और पैसा लेने का होता है। लोग बेगारी और बेरोज़गारी या छोटी-छोटी नौकरियों में भले घिसते रहें लेकिन जो काम मिलता है उसे कामचोरी से जैसे-तैसे निपटाया जाता है। यह स्वतंत्र भारत की माईबाप सरकार के मंत्रों का कुल लब्बोलुआब है।

'द इकोनॉमिस्ट' की दृष्टि में पुस्तक अमीरों की उस मानसिकता का खुलासा करती है जो यह मानती है कि समाज में शांति इसलिए है क्योंकि गरीबों ने अपनी हैसियत स्वीकार कर ली है। यानी असमानता अब नैतिक नहीं, स्वाभाविक लगने लगी है। अमीरों को सिर्फ़ इतना भय है कि जिन लोगों ने अब तक उन पर भरोसा किया, वे अब भरोसा खो रहे हैं।

मनु जोसेफ़ का तर्क है कि भारत में गरीबों का गुस्सा कभी सामाजिक हिंसा में नहीं बदलता क्योंकि समाज ने उन्हें नियंत्रण में रखने के कई ÷सुरक्षित वाल्व÷ बना दिए हैं। जैसे पुलिस की सख़्ती, धार्मिक सहिष्णुता, शिक्षित होने की आकांक्षा, और यह भ्रम कि अंग्रेज़ी या डिग्री से एक दिन सभी अमीर बन जाएंगें। मतलब साहेब बन जाएंगे। मेरी राय में यह तर्क यथार्थ के करीब है, पर अधूरा। इसलिए क्योंकि 'द इकोनॉमिस्ट' की दलील अनुसार यह स्थायित्व स्थायी नहीं है। इतिहास बताता है कि जब उम्मीद और वास्तविकता के बीच की खाई बहुत चौड़ी हो जाती है, तो समाज की नींव हिल जाती है।

सो, भारत का असली खतरा (याकि क्रांति) अब गरीबों से नहीं, बल्कि निराश मध्य वर्ग से है। उस मध्यम वर्ग से जो शिक्षित है, सपने रखता है, पर अवसर खलास है। यह वर्ग नक्सल भले नहीं बने लेकिन लोकतंत्र पर से भरोसा खो देगा और जब भरोसा टूटता है, तो समाज की नैतिक एकता बिखर जाती है। मतलब यह कि मनु जोसेफ़ ने बीमारी को पहचाना। पर उन्होंने असमानता और अमीरों की आत्मसंतुष्टि पर भविष्य का खतरा गलत जगह देखा। अगली बेचैनी नीचे (निर्धन) से नहीं, बीच (मध्य वर्ग) से उठेगी।

तो सवाल है क्या मध्य वर्ग का नौजवान विद्रोह करेगा? क्या भारत में आर्थिक असमानता पर कोई सामाजिक क्रांति संभव है? मेरा जवाब है, कतई नहीं। भारत क्रांतिप्रूफ देश है।

वजह सांस्कृतिक और धर्म है। भारत में धन मतलब लक्ष्मी है। वह पूजनीय है। और जो लक्ष्मी पाता है वह लक्ष्मीपुत्र, पूर्वजन्म की पुण्यताओं, कर्मों से धनपति बना होता है। इसलिए वह भी पूजनीय है। अडानी, अंबानी या 1,687 लोग भले क्रोनी पूंजीवाद, सरकार की मेहरबानियों याकि सरकारी उल्लुओं की सवारी, मनमानी मुनाफे-लूट से अरबपति बने हों मगर यह सब होना लक्ष्मीजी की कृपा से है तो उनका भाग्य है। जो गरीब है वह गरीबी-संघर्ष-फाकापरस्ती का भाग्य लिए हुए है और जो सेठ है वे सेठ होने की किस्मत पाए हुए है।

यह बात घर-घर की मनोदशा है। डीएनए में पैठी हुई है!

कैसे पैठी? ब्राह्मण शिरोमणि मनु महाराज की कृपा से। कोई न माने मेरी इस थीसिस को मगर पूरे इतिहास का यह स्थायी सत्य है कि 'मनुस्मृति' ने वैश्य जाति का खूंटा कुबेर का खजाना बनाया। उस नाते मनु को सर्वाधिक वैश्यों को ही पूजना चाहिए। और ईसा पूर्व काल से ले कर इक्कीसवीं सदी के ढाई हजार वर्षों का सत्य है जो हर काल में बनिए, वैश्य ही हिंदुओं के अमीर हुए। हर दरबार के असल दरबारी सर्वाधिक सुरक्षित, सर्वाधिक मनपसंद खजांची रहे।

'मनुस्मृति' के रचियता ब्राह्मण ने अपने हाथ में कलम, पोथी, दीक्षा-भिक्षा रखी। वही ठाकुर (क्षत्रिय) को तलवार भांजने का राजधर्म दिया। और ये दोनों वर्ण जैन, बौद्ध, इस्लाम की हवा में भोथरा गए। ब्राह्मण कर्मकांडी हो गया। चिंतन-मनन-सवाल करना-सत्य साधना तथा शास्त्रार्थ छोड़ पुजारी-यजमान, कृपाओं से जीने लगा। वही उसके भटकने और नए धर्मों की सुनामियों के आगे क्षत्रिय भी वर्ण निर्धारित राजधर्म को छोड़ बादशाह अकबर का मान सिंह बन बैठा। इस्लाम से रोटी-बेटी का संबंध बनाए। तो इन दो वर्णों के बाद वैश्य जाति थी। और इनको क्या जिम्मा था? जवाब है मनुस्मृति, हिंदू धर्मशास्त्रों (ईसा पूर्व 200ड्ढईसा 200) ने जो बनियों, अंबानी-अडानियों की जाति का जो कर्तव्य बनाया था उसे निभाते रहे। व्यापार और कर-संग्रह, खजाने सहित धन के पीछे भागते रहे। उसे व्यापार करना था, सौदा पटाना ऋष्टा देना, ब्याज खाना था! कहने को धर्म, ब्राह्मण और क्षत्रिय की आज्ञा माननी थी। इसलिए वह ब्राह्मण की यजमानी, दान-दक्षिणा देने, धर्मादे-गौसेवा का छोटा सा हिस्सा रखता था। वही राजाओं, राजे-रजवाड़े के कर संग्रह, खजाना संभालने, व्यवस्थाएं करने में लगड़ी मारते हुए कमाई। मुनाफे और स्वार्थ में किसी किसी चूक के। क्योंकि व्यापार, धंधा और पैसा बनाना तो जाति धर्म है।

स्वतंत्र भारत का लिखा व फैलाया भ्रष्ट इतिहास चाहे जो कहे लेकिन 'मनुस्मृति' का सत्य वचन, इस्लाम के आने से पहले तक का तथ्य है कि नस्ल, धर्म के लिए 'मनुस्मृति' ने सर्वाधिक महत्व, उपयोगी काम, शुद्र याकि शिल्प-सेवा-कारीगरी की जाति को दिया। बनिया व्यापार का कर्ताधर्ता, पैसे-लक्ष्मी-कुबेर का पालक था मगर उद्यमशीलता, कारीगरी, नवाचार, हस्तशिल्प, जीवनोपयोगी सेवाओं का कर्तव्य वहन चौथे वर्ग (सर्वाधिक अहम, जिसके बिना चलना संभव नहीं। न तो ब्राह्मण को कलम-स्याही-पोथी मिलना संभव न ही क्षत्रिय को तलवार, रथ, हथियार, महल, निर्माण का काम हो सकना संभव और न वैश्य के लिए व्यापार संभव) के हिस्से में था। यही समाज का उत्पादक वर्ग था।

अनाज पैदा करने वाले, नवाचार, कौशल, कारीगरी, जोखिम, उद्यमशीलता से अनाज पैदा करने वाले खेतिहर, तीर-भाले बनाने वाले लोहार, कपड़ा बनाने वाले जुलाहे, बढ़ई, सुनार, तेली, धोबी, चमार आदि तमाम तरह के श्रमजीवि कारीगर, सृजक विश्वकर्मा पर्यायी जाति और उपजातिया। का वह वर्ग था जो (1931 की अंग्रेज जनगणना से पहले तक) अपने को पिछड़ा, अतिपिछड़ा, दलित नहीं कहता था, बल्कि अपने को शैव, वैष्णव, वाल्मिकी या अपने काम के लेबल अनुसार (मल्लाह, चारण, पुजारी या शैव-वैष्णव, नाई, नट आदि) अपनी पहचान बताता था। यह पाखंड आजाद भारत का है जो समाज के विश्वकर्मा वर्ण (कथित पिछड़े, अति पिछड़े, दलित, महादलित आदि) को भेदभाव के आधार पर अपने परंपरागत कामों से विमुख किया। इनके आगे आरक्षण का झुनझुना लटका कर सरकारी नौकरियों की ओर आबादी को दौड़ाया। और भारत में उद्यमशीलता, जोखिम, नवाचार, शिल्प, कारीगरी की सामाजिक व्यवस्था का भट्ठा बैठा दिया। जो वैश्य हिंदू समाज के चौथे वर्ण के खेती उत्पादन, मसलन मशालों से ले कर ढाका की मलमल आदि का पूरी दुनिया में व्यापार करता था, दुनिया में भारत की धाक थे वही बनिए यदि अब चाइनीज उत्पादन भारत में बेचकर खरबपति बन रहे हैं तो यह इस बात का भी प्रमाण है कि स्वतंत्र भारत ने अपने उद्यम, हुनर, उद्यमशीलता को आरक्षण तथा जात राजनीति से सुगला कर खत्म किया है।

बहरहाल, विषयांतर हो रहा है। पते की बात है जो वैश्य-बनिया पर धंधे और खजाने का आज भी दायित्व है मगर नवाचार, उद्योग-निर्माण-खेती व जोखिम उसके लिए अनैतिक! इस प्रकार आरंभ से ही संपत्ति, व्यापार, धंधा वैश्यों का अधिकार क्षेत्र। उसका धर्म था व्यवस्था को टिकाए रखना, बदलना नहीं। इसलिए बनिए सदा-सर्वदा दिल्ली के सत्ता तंत्र, राजे-रजवाड़ों-बादशाहों के सिंहासनों के राजदार, खजानेदार, लेखाकार रहे। वह सत्ता को चुनौती देने वाला कभी नहीं बना। वह हमेशा सत्ता का सहयोगी केंद्र रहा। सत्ता की मेहरबानियों से वह क्रोनी जगत सेठ बनता आया है। और यह दो हजार वर्षों का रिकार्ड है।

यह स्थिति सनातनी हिंदू राजाओं के समय थी तो जैन और बौद्ध धर्म, परंपरा-व्यवस्था में भी वैश्य ही तब मालिक था। तब अनाथपिण्डिक, सेठी सुदत्त और गहपति जैसे जगत सेठ याकि व्यापारी का पुण्य धन अर्जन, मुनाफा था, उद्यम नहीं। इतिहाल में वैश्य ने कभी हाथ काले नहीं किए। केवल धंधा, व्यापार, वाणिज्य किया। जैन और बौद्ध व्यापारी संघों ने तब स्तूपों के निर्माण में पैसा उड़ेल बौद्धों को खुश किया। आर्थिक नैतिकता का वह कोई नया ढांचा नहीं बना, जिससे सृजन या उद्योग नई हवा से धर्मसंगत बने। बौद्ध काल में धंधा-वाणिज्य एक आध्यात्मिक चोगा लिए हुए था पर उससे कोई रूपांतर नही। सो, धन ने भक्ति खरीद धंधा बनाए रखा प्रगति नहीं की। धन को नवाचार से नहीं, बल्कि दान से तब पवित्र किया जाता था। कॉमर्स-धंधे को आध्यात्मिक-लौकिक मान्यता मिली रही। जैन-बौद्ध शासकों से मौर्य, गुप्त काल के सभी समयों में कई धनपति, जगत सेठ के रूप में कीर्ति पाए हुए थे। पैसे से धर्म-भक्ति खरीदी और धंधा अनवरत बनाए रखा।

तुर्क, अफ़ग़ान और मुगल काल में भी वैश्य वर्ग वैसे ही साम्राज्य की राजस्व मशीन थे जैसे हिंदू-बौद्ध शासकों के समय थे। मतलब लड़ाई को फाइनेंस देने वाले, सिक्के ढालने वाले, और सोना जमा करने वाले। 1739 में जब नादिरशाह ने दिल्ली लूटी, तो बनियों ने उसी सहजता से अपने खज़ाने उसके लिए खोले जैसे पहले मुगलों के लिए खोले हुए थे। वह क्रोनी वाणिज्यिक-कैपिटलिज़्म था। मतलब लाभ उत्पादकता से नहीं, सत्ता को पटा कर, अपना बना कर जगत सेठ बनना।

ब्रिटिश शासन में अंग्रेज-बनिया गठजोड़ में ईस्ट इंडिया कंपनी के कई कमाल हुए। इतिहास में मीर जाफर की गद्दारी और जगत सेठ की राजनीति का लंबा चौड़ा इतिहास है। बनिया अंग्रेजों के औपनिवेशिक ठेकेदार बन गया। अफ़ीम व्यापार, अनाज सट्टेबाज़ी और साहूकारी के ज़रिए साम्राज्य की लूट में यह वर्ग भागीदार था। अंग्रेज़ लूटते थे और बनिया हिसाब रखता था। कर्ज-ब्याज का परस्पर गहरा लेन-देन था।

1947 में भारत स्वतंत्र हुआ। और नेहरू के समाजवाद के बावजूद बिड़ला की तूती थी। लाइसेंसशुदा सेठों का नया दरबार सजा। लाइसेंसधारी उद्योगपति पैदा होने लगे। राजा की जगह राष्ट तंत्र था पर सूत्र पुराना। राजा और कारिंदों (नौकरशाही) के घने संबंधों और भारत को समाजवाद के जरिए भी लूटो। नेहरू की बड़े उद्योगपतियों से दूरी थी तो निर्भरता भी थी। इंदिरा गांधी ने क्रोनी पूंजीवाद के नए आयाम बनाए। इंदिरा गांधी-प्रणब मुखर्जी ने धीरूभाई अंबानी पर हाथ रखा। नतीजनत भारत ने नया जगत सेठ पाया। पीवी नरसिंह राव ने सुधारों, उदारवाद से आर्थिकी को नई दिशा दी लेकिन दिल्ली की सत्ता में बनिए-वैश्य नई हवा, नए जमाने में एकाधिकारी मंसूबों में 'राष्ट के गौरव' बनने शुरू हुए।

## दान का फल



एक बार संत राबिया की कुटिया पर 2 फकीर पधारे और बोले, हो सके तो हमारे लिए भोजन की व्यवस्था कर दीजिए। फकीरों के खाना मांगने पर संत राबिया ने घर में देखा तो पाया कि वहां तो 2 ही रोटियां थीं। इतने में एक भिखारी ने भी आवाज लगाई, भूखा हूं, कुछ खाने को दो। अब राबिया ने दोनों रोटियां उस भिखारी को दे दीं। तभी छोटी-सी एक लड़की पोटली लेकर आई और बोली, यह अम्मा ने भेजी है।

राबिया ने उस पोटली को खोला तो पाया कि उसमें काफी रोटियां थीं। उन्होंने वे रोटियां फकीरों को परोस दीं। फकीर भी वहीं खड़े सब कुछ देख रहे थे, तो उन्होंने कहा, भोजन तो हम बाद में करेंगे, पहले जो कुछ हुआ, वह हमें समझाओ।

संत राबिया बोलीं, घर में केवल 2 ही रोटियां थीं, इतने में भिखारी आ गया। परमात्मा का नाम लेकर दोनों रोटियां मैंने उसे दे दीं। साथ ही साथ परमात्मा से दुआ भी की, सुना है कि तू दिए दान का दस गुना तो अवश्य ही वापस करता है। इसलिए आज मुझे इस दान का फल तुरंत देना।

राबिया बोलीं, वह लड़की जब रोटियां लेकर आई, तो गिनने पर पाया कि केवल 18 रोटियां ही हैं, जबकि 2 का दस गुना तो 20 होता है। मैंने सोचा कि क्या परमात्मा के विधान में भी कोई गलती हो सकती है? लगता है कि या तो मुझसे या फिर रोटी भेजने वाली महिला से कुछ गलती हो गई। लेकिन फिर जब मैंने दोबारा गिनती की, तो कुल 20 रोटियां थीं। मैं परमात्मा की शुक्रगुजार हूं कि उसने मेरी लाज रख ली और द्वार पर आए लोगों को भूखा नहीं जाने दिया। यह सुनकर फकीर बोले, तुम, तुम्हारी ईश्वर भक्ति और आस्था धन्य है।

## तमसो मा ज्योतिर्गमय' से ज्यादा 'धर्मो रक्षति रक्षितः

*अजीत द्विवेदी*

इस साल भी और पिछले कई सालों से दिवाली के मौके पर 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' से ज्यादा 'धर्मो रक्षति रक्षितः' के संदेश देखने को मिले। अंधकार से प्रकाश की ओर चलने या असत्य से सत्य की ओर बढ़ने से ज्यादा हर व्यक्ति धर्म की रक्षा को आतुर दिखा और धर्म की रक्षा कैसे होगी? पटाखे चला कर! पिछले साल और उससे पहले कई साल दिवाली के अवसर पर पटाखे इसलिए चलाए गए क्योंकि सर्वोच्च अदालत को दिखाना था कि हिंदू अदालत के आदेश को नहीं मानता है, बल्कि धर्म की रक्षा के लिए उसकी अवहेलना करने में भी नहीं हिचकता है। खूब पटाखे चलाने के बाद सोशल मीडिया में लिखा गया कि अदालत को समझ में आ गया होगा कि अब हिंदू जाग गया है और उसको पटाखे चलाने से नहीं रोका जा सकता है! इस साल सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार की अपील पर 'ग्रीन पटाखे' चलाने की मंजूरी दे दी तो अदालत से कोई शिकायत नहीं रही लेकिन इस बार खूब जम कर पटाखे इसलिए चलाए गए क्योंकि दूसरे समुदाय के लोगों को चिढ़ाना और जलाना था।

दिवाली पर खूब पटाखे चला कर (राजधानी दिल्ली में तो लगभग पूरी रात पटाखे चले) धर्म की रक्षा पता नहीं कितनी हुई लेकिन प्रदूषण कई गुना जरूर बढ़ गया। भारत में तो अभी सिर्फ हवा की गुणवत्ता मापी जाती है इसलिए दिवाली के अगले दो दिन में वायु गुणवत्ता सूचकांक के आंकड़े सामने आए। अगर ध्वनि प्रदूषण को मापा जाता और उसके आंकड़े सामने आते तो कुछ और खतरे के बारे में भी पता चलता। लेकिन वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई की ही बात करें तो राजधानी दिल्ली और राष्टीय राजधानी क्षेत्र के शहरों के अलावा बिहार और उत्तर प्रदेश या महाराष्ट के राजधानी से दूर दराज के शहरों में भी प्रदूषण का स्तर कई गुना बढ़ गया। दिवाली के अगले दिन तो सबसे प्रदूषित 10 शहरों में से आठ हरियाणा के थे। राजस्थान का एक शहर भिवाड़ी सातवें स्थान पर था और राजधानी दिल्ली 10वें स्थान पर थी। 'धर्म रक्षा' के इस 'पुनीत कार्य' में लाखों, करोड़ों लोगों ने अपना अपना योगदान दिया।

पटाखे चलाने की तरह होली पर खूब पानी बहा कर रंग खेलना भी धर्म रक्षा का कार्य है। हिप्पोक्रेसी देखिए कि सावन में कांवड़ के समय या नवरात्रों में दुर्गापूजा के समय मांसाहार के खिलाफ आंदोलन चलाना भी धर्म का काम है और बलि प्रथा का बचाव करना भी धर्म का काम है। सरकार के हर काम का बिना सोचे समझे समर्थन करना भी धर्म काम है और सत्तारूढ़ दल को वोट देना तो धर्म का काम है ही। सोचें, धर्म के काम को कितना आसान बना दिया गया है! आज आप पटाखे चला कर, रंगों वाली होली खेल कर, जोर जोर से बजते डीजे के साथ चल रहे कांवड़ के प्रति श्रद्धा दिखा कर, सरकार के हर काम का समर्थन करके और सत्तारूढ़ दल को वोट देकर धर्म की रक्षा करने का दावा कर सकते हैं।

## राशिफल

**मेष**
क्रिएटिव कार्यों को करने में सफल होंगे तो वहीं वाकपटुता करियर के क्षेत्र में अच्छे परिणाम दिलाने में मदद करेगी. आयात-निर्यात का काम करने वाले लोगों को सामान का रख रखाव अच्छे से करना है क्योंकि माल डैमेज होने के कारण आर्थिक चोट लग सकती है. बहुत ज्यादा सोच विचार रिश्तों को कमजोर कर सकता है.

**वृष राशि**
आज के दिन लोगों से मेल मिलाप का सिलसिला जारी रहने वाला है, एक बाद एक कई लोग मीटिंग के लिए आ सकते हैं. आर्थिक तंगी से परेशान लोगों को आय के नए स्रोत मिलेंगे तथा दिन के अंत तक आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा. पार्टनर के साथ बातचीत का मौका कम मिलेगा, कार्यभार के कारण सारा दिमाग कार्यों को निपटाने पर होगा.

**मिथुन**
नई जिम्मेदारी के साथ काम के नए मौके बनेंगे. व्यापारिक स्थिति अनुकूल है आज अच्छा मुनाफा होगा, लेकिन इसे स्थाई मानते हुए भविष्य की कल्पना तो बिल्कुल न करें. सोच समझकर लिए गए निर्णय आपको आर्थिक नुकसान से बचाने में मदद करेंगे. जब तक सामने वाले की फीलिंग्स के बारे में पता न हो, तब तक अपनी बात रखने से बचें.

**कर्क**
नकारात्मकता में सकारात्मक खोजने का प्रयास करें यानी की कार्यस्थल पर यदि अपेक्षा के विपरीत कार्य मिलते हैं तो असंतुष्टि जताने के बजाय कार्य करने का हौसला बढ़ाएं. आज उसकी जरूरत कारोबार में पड़ सकती है. युवाओं के भाग्य में बढ़ोतरी होती दिखाई दे रही है, जो आपको प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेगा.

**सिंह**
कामकाज में बड़बोलापन और अति आत्मविश्वास भूलकर भी न लाएं. ग्राहकों के साथ विवाद की स्थिति बने, तो उसे अवॉइड ही करने की कोशिश करें. अपने रिश्ते को लेकर परिवार के साथ बात करने की योजना बना सकते हैं. सेहत की बात करें तो हेल्थ में मानसिक रोगों से जूझ रहें लोगों को अधिक सचेत रहना है.

**कन्या**
कार्यों को लेकर पैनिक होने से बचें, यदि रिलैक्स होकर कार्य करेंगे तो कार्य भी हो जाएंगे और तनाव भी नहीं होगा. व्यापार में लाभ हानि का दौर तो चलता रहता है इसे लेकर बहुत ज्यादा आपको परेशान नहीं होना चाहिए. रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने पर ध्यान दें, जितना ध्यान आपको आहार पर देना है उतना ही एक्सरसाइज पर भी देना है

**तुला**
कार्यों में ही व्यस्त रहें तथा व्यर्थ के कार्यों में रुचि और भागीदारी आपको लापरवाह बना सकती है. व्यापारिक मामलों में दूसरों पर निर्भरता नुकसानदेह साबित होगी इसलिए कर्मचारियों को काम का बंटवारा करने के साथ कुछ कार्य अपने लिए भी रख लें. रोजाना सभी विषयों को पढ़ें और रिवीजन करें.

**वृश्चिक**
नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन सामान्य है. रोजमर्रा के काम बिना किसी रूकावट के पूरे हो जाएंगे. हिसाब-किताब के मामले तुरंत निपटाने का प्रयास करें क्योंकि टालमटोल करने पर संबंध खराब होने के साथ आर्थिक नुकसान भी हो सकता है. पारिवारिक सदस्यों के बदले मिजाज को देखकर कुछ चिंतित नजर आ सकते हैं.

**धनु**
सरकारी नौकरी करने वाले लोगों को स्थानांतरण की खबर मिल सकती है. अपने गुणों का दूसरों के सामने बखान करने से बचना क्योंकि लोग आपकी अच्छाई को अहंकार समझ सकते हैं. बच्चों के कारण पड़ोसी के साथ वाद-विवाद हो सकता है, जिससे आपको बचना चाहिए. मौसमी बीमारी को लेकर अलर्ट रहें.

**मकर**
बनते हुए कार्यों में कुछ दिक्कतें आ सकती हैं, फिर भी आप अपने विवेक से परिस्थितियों को सामान्य कर लेंगे. धन संबंधी मामलों में अधीनस्थ कर्मचारियों के प्रति कड़ा रुख अपनाना पड़ सकता है. परिवर्तन की ओर एक कदम बढ़ाएंगे, किसी बाहरी व्यक्ति की छवि आपके लिए प्रेरणा के स्रोत बनेगी. परिवार में स्थितियाँ सामान्य रहेंगी.

**कुंभ**
चिकनी चुपड़ी बाते करने वाले लोगों से सतर्क रहना है, किसी की बातों में आकर कोई भी कार्य करने से बचना है. व्यवसाय के क्षेत्र में योजना के अनुरूप कार्य करने से सफलता मिलने की पूर्ण संभावना है. सोशल वर्क का काम करने वाले युवाओं को दूसरों की आर्थिक रूप से भी मदद करनी पड़ सकती है।

**मीन**
कार्यक्षेत्र में दृढ़ आत्मविश्वास और मनोबल से सभी कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा कर सकेंगे. व्यापारी वर्ग मानसिक रूप से सकारात्मक विचारों का साथ न छोड़े. कार्यों को पूरा करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ सकता है. कारोबार से संबंधित यदि कोई सरकारी काम अटका हुआ था, तो उसके बनने की संभावना है.

# खाली मैदान को गार्डन बताकर किया गया 2 लाख का भ्रष्टाचार



**खाली मैदान में भगवान परशुराम सहित अन्य महापुरुषों की आधी - अधूरी प्रतिमा संरक्षण के अभाव में अपमानित अवस्था में पड़ी है नियम विरुद्ध स्वीकृति एवं अधूरे निर्माण की शिकायत को 6 साल बाद संज्ञान में लिया आर्थिक अपराध शाखा रायपुर ने शीघ्र ही निर्माण से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी का बयान दर्ज किया जाएगा - निरीक्षक हेमलता नेताम आर्थिक अपराध शााखा रायपुर**

डोंगरगढ़ (दावा)। खुले मैदान में गार्डन निर्माण के नाम से खुलेआम किए गए भ्रष्टाचार के मामले में 6 वर्ष बाद आर्थिक अपराध शाखा रायपुर द्वारा करवाई प्रारंभ की गई है। मामला 2019 का है तब के तत्कालीन सीएमओ सुभाष दीक्षित द्वारा नियम विरुद्ध अध्यक्ष निधि की राशि से वार्ड नंबर एक स्थित नाकापारा के पास खैरागढ़ मुख्य मार्ग से लगे खाली भू - भाग पर गार्डन में संत महात्माओं की मूर्ति स्थापना के नाम से 1 लाख 98 हजार रुपए का खुला भ्रष्टाचार किया गया। जिसकी शिकायत,शिकायतकर्ता द्वारा राज्य आर्थिक अपराध शाखा रायपुर सहित संबंधित सभी विभागों को की गई थी। 6 साल बाद की गई शिकायत को संज्ञान में लेकर आर्थिक अपराध शाखा रायपुर की निरीक्षक हेमलता नेताम द्वारा संबंधित सभी पक्षों का बयान दर्ज कर जांच प्रारंभ करने की बात कही गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद डोगरगढ़, के तत्कालीन प्रभारी सीएमओ सुभाष दीक्षित के खिलाफ, खुले मैदान को उद्यान बताकर, मूर्ति स्थापना के नाम पर अध्यक्ष निधि से 1.98 लाख रुपए, का दुरुपयोग करने एवम वित्तीय अधिकार से परे जाकर स्वीकृति देने के आरोप निर्धारित कर, आर्थिक अनियमितता का मामला पंजीबद्ध करने तथा शासकीय धन की वसूली की शिकायत वर्ष 2019 में की गई थी। सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के तत्कालीन पालिका अध्यक्ष तरुण हथेल द्वारा दिनांक 06/04/2019 को वार्ड क्रमांक 01 (डोगरगढ़ खैरागढ़ मुख्य मार्ग के किनारे) में कथित उद्यान में श्री कृष्ण, संत सागबरी एवं परशुराम की मूर्ति स्थापना हेतु 1 लाख रुपए अध्यक्ष निधि से व्यय की अनुशंसा की गई थी। तत्कालीन सीएमओ द्वारा अध्यक्ष के उसी अनुशंसा वाले पत्र के माध्यम से पुनः एक लाख रुपए व्यय की अनुशंसा कराकर कुल 1 लाख 98000 की राशि खर्च बताई गई। और संत महात्माओं की आधा अधूरी मूर्ति का निर्माण करा कर गार्डन निर्माण के नाम से खुला भ्रष्टाचार किया गया था। उस दौरान होने वाले नगर पालिका चुनाव की घोषणा के चलते किसी का ध्यान किए जा रहे निर्माण कार्य की ओर नहीं गया। जिसका लाभ तत्कालीन सीएमओ सुभाष दीक्षित द्वारा उठाया गया।

### अध्यक्ष निधि से मूर्ति के निर्माण का प्रावधान नहीं है -

छ. गढ़. शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर के आदेश क्रमांक एफ 5-12/30 2017/18 दिनांक 2 मई 2017 अनुसार अध्यक्ष निधि से 11 बिंदुओं पर कार्य कराया जा सकता है। जिसमें मूर्ति स्थापना का कहीं भी उल्लेख नहीं है। छोटे उद्यानों के निर्माण के तहत घास, दूब, फुलवारी, फव्वारा, पाथवे, लॉन, फैसिंग, बाउंड्री वाल आदि कार्य कराया जा सकता है, परंतु कथित उद्यान में तो उक्त में से कोई भी कार्य नहीं कराकर, श्री दीक्षित द्वारा 08/ 04/ 2019 को 1 लाख रुपए की प्रशासकीय/ वित्तीय स्वीकृति देकर तीन कोटेशन, कुम्हार परिवार के तीन सदस्यों के नाम से लगाकर खुले मैदान में मूर्ति स्थापना दर्शाया गया।

### अध्यक्ष के एक अनुशंसा पत्र का दो बार उपयोग -

तत्कालीन अध्यक्ष तरुण हथेल ?द्वारा पूर्व में दिए गए पत्र दिनांक 06/04/2019 की छाया प्रति कराकर पुनःदिनांक 24/04/2019 को नोटशीट तैयार कर कोटेशन, बिल आदि कूट रचित तैयार कर, 1 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति सीएमओ श्री दीक्षित ?द्वारा नियम विरुद्ध दी गई। इस बार विवेकानंद एवं बाबा नामदेव की मूर्ति स्थापना दर्शाया गया. इस प्रकार अध्यक्ष के एक अनुशंसा पत्र का दो बार उपयोग किया गया।

### 50 हजार रुपए के स्थान पर 1 लाख रुपए की दो बार स्वीकृति -

छ. गढ़ शासन, नगरीय प्रशासन विभाग, मंत्रालय, छत्तीसगढ़, राजपत्र क्रमांक 199 दिनांक 16 जून 2011 अनुसार 50 हजार से कम जनसंख्या वाले निकाय, जैसे डोंगरगढ़ के मुख्य नगरपालिका अधिकारी को 50 हजार रुपए तक वित्तीय स्वीकृति का अधिकार है,परन्तु श्री दीक्षित दवारा मूर्ति स्थापना के लिए स्वतः दो मर्तबा 1 लाख रुपए कुल 2 लाख रुपए की प्रशासकीय/ वित्तीय स्वीकृति 08/04/2019 एवं 24/04/2019 को दी गई है। तथा प्रमाणक क्रमांक, 478,479 दिनांक 20/08/2019 को कुल 1,98000 रुपए का भुगतान किया गया।

### राशि का गबन करने, नियमों का पालन नहीं किया गया -

सूचना के अधिकार के तहत उपलब्ध दस्तावेज के अनुसार संविदा समिति की अनुशंसा नहीं ली गई। अनुमानित प्राक्कलन तैयार नहीं किया गया। कार्य का भौतिक सत्यापन नहीं किया गया।मूर्तिकार पंजीकृत अथवा अपंजीकृत का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया। आरटीजीएस के स्थान पर सामान्य चेक से निविदाकर्ता को भुगतान किया गया। पी आई सी की स्वीकृति नहीं ली गई। अधिकार से परे जाकर राशि की स्वीकृति दी गई। एक ही स्थान एवं एक ही कार्य स्वरूप मूर्ति स्थापना का भाव पत्र आमंत्रण सूचना दिनांक 26/04/2019 को दो भागों में बांट कर, जारी किया गया। जो स्पष्ट दर्शाता है कि, उच्च प्राधिकारी की स्वीकृति से बचने तथा भ्रष्टाचार उजागर न हो इसलिए, पृथक पृथक कूट रचित दस्तावेज तैयार किया गया।यह भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अपने आप में गंभीर अपराध है। शिकायतकर्ता द्वारा शासन प्रशासन से अनुरोध किया गया था कि , श्री सुभाष दीक्षित (मूलपद स्वच्छता निरीक्षक नगर पालिका निगम राजनांदगांव) जो नगर पालिका डोंगरगढ़ में सीएमओ के पद पर पदस्थी के दौरान कार्यालय के मुख्य कार्यपालक होने के नाते उक्त कृत्य के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार है। इनके खिलाफ आर्थिक अनियमितता का मामला पंजीबद्ध करने तथा शासकीय धन की क्षति, राशि 1,98,000 हजार वसूली करने की मांग की गई।

### खंडित प्रतिमाओ का जीर्णोद्धार एवं संरक्षित करने प्रशासन को दिया जाएगा ज्ञापन - अनिल पांडे अध्यक्ष ब्राह्मण समाज

स्थानीय ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अनिल पांडे ने कहा है कि भगवान परशुराम सहित सभी संत महात्माओं की आधी - अधूरी खंडित प्रतिमाओं का जीर्णोद्धार एवं संरक्षित करने पालिका प्रशासन को ज्ञापन दिया जाएगा।

## पहला कॉलम...

### आज सर्व आदिवासी समाज द्वारा प्रदेश स्तरीय महापंचायत

**0 मामला - नवरात्रि पर्व के पंचमी भेट की पूजा अर्चना के दौरान आगा देव के साथ भक्तगणों के गर्भ गृह में प्रवेश पर ट्रस्ट द्वारा की गई आपत्ति का**



डोंगरगढ (दावा)। कँवर भवन, रेवाडीह, वार्ड नंबर 22 राजनांदगांव में आज होने वाली बैठक के संबंध में सर्व आदिवासी समाज द्वारा प्रमुख पदाधिकारी को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि,गोंडवाना समाज के पारंपरिक पुरातन आस्था माँ बम्लाई दाई के पेन स्थल में (माँ बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़) के द्वारा आदिवासी गोंड समाज को अनर्गल टिपण्णी/ अमर्यादित/ असैवेधानिक तरीके से समाज को बदनाम किया जा रहा है। जिसके सम्बन्ध में महापंचायत आहूत किया जा रहा है। जिसमे आप समस्त समाज प्रमुखगण एवं पदाधिकारीगण को आमंत्रित किया गया है।

राष्टीय गोंडवाना गोंड महासभा, अखिल भारतीय हल्बा/हल्बी आदिवासी समाज छ.ग. केंद्रीय महासभा, प्रदेश गोंडवाना गोंड महासभा छ.ग., अध्यक्ष लांजीगढ़ (म.प्र.), अध्यक्ष चान्दागढ़ (महाराष्ट), केंद्रीय गोंडवाना महासभा धमधागढ़ (दुर्ग), संभाग स्तरीय गोंड समाज संभाग मोहला, कँवर समाज महासभा राजनांदगांव, ध्रुव गोंड समाज महासभा ओडारबांध, कोयतुर गोंड समाज, गोंडवाना गोंड महासभा राजनांदगांव, उराव समाज, कंडरा समाज, बैगा समाज, प्रधान गोंड समाज, गोंडवाना यूथ क्लब राजनांदगांव, पारधी समाज, गोंडवाना यूथ क्लब डोंगरगढ़, सोनारी समाज एवं समस्त आदिवासी पदाधिकारीगण एवं समाज प्रमुख को बैठक की सूचना भेजी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक - 24-10-2025, दिन शुक्रवार 7 समय दोपहर 12 बजे से स्थान - कँवर भवन, रेवाडीह, वार्ड नंबर 22, राजनांदगांव (छ.ग.) में बैठक आयोजित की गई है।

### सोमवार को अंचल की पहली मड़ई मेढ़ा में

**गायक विवेक शर्मा के टीम की होंगी शानदार प्रस्तुति**



डोंगरगढ़/ मेढ़ा (दावा)।डोंगरगढ़ अंचल की पहली मंडई के नाम से व दिवाली के बाद आने वाले सोमवार को मेला- मंडई की परम्परा को कायम रखते हुए इस वर्ष 27 अक्टूबर को मेंढ़ा में मंडई मेला का आयोजन रखा गया है।

इस अवसर पर लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ गायक विवेक शर्मा रायपुर वालों का रंगारंग कार्यक्रम अपनी टीम के साथ प्रस्तुति देंगे । ग्राम के सरपंच अमिला देवांगन, उपसरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र देवांगन,पटेल ओंकार यादव व पंचों ने अपील की है अधिक से अधिक संख्या में आकर मेला का लुफ्त उठाएं।

### अज्ञात पुरूष का शुभम लॉज के सामने मृत अवस्था मे मिला



डोंगरगढ़ (दावा)। दिनांक 22.10.2025 को प्रर्थी कमलेश मश्राम थाना हाजिर अकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि शुभम लाज दो दीन से बंद है लॉज सामने एक अज्ञात व्येक्ति पडा है जो उठ नही रहा तथा अज्ञात व्येक्ति को उठाने के लिये पानी छिडकर देखा तब भी वह नही उठ रहा था जिसकी मृत्यु हो गई थी जिसके बाद लॉज का सी0सी0टी0वी0 फुटेज चेक किया गया तो वह व्येक्ति आज दोपहर 11:00 बजे आकर सुभम लॉज के पास लेटा है जो रात्रि लगभग 07:00 बजे तक हरकत कर रहा था एव हाथ पैर हिला रहा था अज्ञात मृतक नीला रंग का फुलर्शट काला रंग का लोवर पहला है तथा प्रार्थी के रिपोर्ट पर मर्ग क्रमांक- 108/2025 धारा- 194 बी0एन0एस0एस0 कायम कर जांच कार्यवाही मे लिया गया है अज्ञात मृतक को सुरक्षात मरचुरी हास्पिटल मे रख गया है।

## अनेक लोगों के एक्सीडेंट का कारण बना सड़क पर पड़ा मिट्टी का ढेर

**0 सड़क पर पड़े मिट्टी के ढेर से टकराकर अब तक एक व्यक्ति की मृत्यु एवं अनेक घायल हो चुके हैं मामला - मोहरा- चैतू खपरी मार्ग के किनारे गैस पाइपलाइन के विस्तार से निकलने वाली मिट्टी को मुख्य मार्ग पर डंप करने से हुए अनेक एक्सीडेंट का**





डोंगरगढ़ (दावा)। मोहारा - चैतू खपरी मुख्य मार्ग में जमा मिट्टी के ढेर को ठेकेदार द्वारा तब तक नहीं हटाया गया जब तक अनेक एक्सीडेंट नहीं हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि एक्सीडेंट में एक व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी है। और अनेक गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। धनतेरस के दिन देर रात तक हुए अनेक एक्सीडेंट के बाद ठेकेदार द्वारा ग्रामीणों का विरोध को ध्यान में रखते हुए मिट्टी के ढेर को मुख्य मार्ग से हटाया गया।

चेतू खपरी मार्ग के किनारे चल रहे गैस पाइपलाइन विस्तार कार्य के दौरान निकलने वाली मिट्टी को मुख्य मार्ग में ही डंप करने का बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि देर शाम के बाद इस मार्ग में आवागमन करने वाले वाहन चालकों को, जो मोहारा से चेतुखपरी की ओर जाते थे,उन्हें अंधेरा होने के कारण मिट्टी का ढेर नजर नहीं आता था। जिसके कारण अब तक अनेक लोग घायल हो गए है। और एक्सीडेंट में एक ग्रामीण की मृत्यु भी हो चुकी है। मुख्य मार्ग पर जमा मिट्टी के ढेर के हटने से ग्रामीणों ने राहत की सास है।

### पूर्व जिला पंचायत सदस्य के पति गौ करण वर्मा ने एक की बचाई जान -

धनतेरस के दिन देर शाम को मोहारा से चेतुखपरी की ओर जा रहे सेवक साहू मार्ग में पड़े मिट्टी के ढेर से टकराकर मोटरसाइकिल सहित गिर गए। गिरने से सेवक साहू के सिर पर गंभीर चोट लगी। अत्यधिक खून बहने से वे बेहोश हो गए।उसी समय चेतुखपरी से मोहारा जा रहे पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पुष्पा वर्मा के पति गौ करण वर्मा एवं सचिव नेहरू वर्मा की मदद प्रकार गंभीर रूप से घायल सेवक साहू की जान बचाई जा सकी। गौ करण वर्मा ने तत्काल पुलिस को जानकारी देकर घायल को प्राथमिक उपचार के लिए मोहारा स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया ।

## दिवाली पर जगमगाये कुम्हारों के हाथों से बने दीपक

### सोनऊ राम के हाथो में जादू और कला पूरे छत्तीसगढ़ में मशहूर है

डोंगरगांव (दावा)। दीपावली के अवसर पर उपयोग आने वाली मां लक्ष्मी एवं भगवान गणेश की प्रतिमाओं गढने के साथ घरों को रोशन करने वाले पारम्परिक मिट्टी दिये गढ़कर अपना रोजीरोटी चलाने वाले कुंभकार परिवारों में एक परिवार ऐसा भी है, जो अपनी कलाकारी के लिए मशहूर है. त्यौहारों के नजदीक आते-आते कुंभकारों के मिट्टी को गढने का कार्य कर तेजी से अनेक प्रकार के मिट्टी को विभिन्न आकार देते है, जिसमें बच्चों का खिलौना बनाकर भी कुम्हार अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं.



### मूर्ति बनाकर करते हैं भरण पोषण -

नगर के प्रसिद्ध मूर्तिकार व सोनऊ राम कुंभकार और देवेन्द्र कुमार ने अपने पूरा परिवार सहित इस काम में जुटा है. पूरा परिवार मिट्टी को अनेक रूप देकर मूर्ति व अन्य खिलौनों में रूप आकृति देकर अपना भरण पोषण कर रहे हैं. नवरात्रि के पूर्व तीज त्यौहारों में भगवान गणेश की प्रतिमा, विश्वकर्मा तथा देवी मां की प्रतिमा को कई रूप देने वाले इन मूर्तिकारों, कुमहारों ने अपनी मिट्टी और परपराओं को जीवित रखा है. नगर के इन मूर्तिकारों को हस्तशिल्प कलाबोर्ड ने सम्मानित भी किया जा चुका है. इनका पूरा परिवार व्दारा बनाए गए मूर्तियों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के गमले, पूजा सामग्री, बच्चों के गुल्लक व खिलौने इत्यादि की मांग राजनांदगांव-दुर्ग-भिलाई-रायपुर तक है.

### अच्छी मिट्टी की किल्लत

मौके पर सोनऊराम कुम्हार व उनके पुत्र देवेन्द्र कुंभकार ने चर्चा के दौरान बताया कि अब क्षेत्र में अच्छी मिट्टी की किल्लत हो रही है जिसकी वजह से मिट्टी को काफी दूर से ढोना पड़ रहा है। मिट्टी परिवहन से लेकर उसके गढने तक काफी मेहनत होती है, तब कहीं बाजार में जाकर मोलभाव के बाद दाम मिलता है. बाजार में मांग के अनुसार दिये और खिलौनों के निर्माण से अब लोगों का रूझान भी इस ओर है और शहर में बनाए गए दिए काफी अच्छे दामों में बिक रहे हैं।

### इनके हाथों में है जादू और कला

इनके कला के महती देखकर आप भी मंत्रमुग्ध हो जायेंगे. दीया मूर्ति के अलावा मिट्टी की घंटी, कंडील, दीपक की थाल कछूआ, हाथी घोड़ा झुमर जैसे अनेकों समान मिट्टी से बनाते हैं इनके हाथों से बनाए सामग्री को देखकर आप अंदाजा नहीं लगा सकते हैं कि हाथ से बना है कि मशीन से इतनी बारीकी से कारीगरी करते हैं. दीपावली के पूर्व ही त्यौहार में छत्तीसगढ़ के छोटे बड़े शहरों में मिट्टी से बना सामग्री का आर्डर मिल रहा है.

## गिदर्री सेवा सहकारी समिति में चोरी

**राजेश मेश्राम**

जोंधरा (दावा)। छुरिया विकासखण्ड के आश्रित ग्राम गिदर्री में स्थित सेवा सहकारी सेवा समिति पंजीयन क्रमांक 375 में बीती रात अज्ञात चोरो द्वारा समिति में लगे 6 नग सीसी टी.वी. कैमरा को निकालकर व उसे तोड़फोड़ कर समीप ही स्थित तालाब में डाल दिया गया जिसे बाद में ग्रामीणों ने देखकर समिति प्रबंधक द्वारिका पटेल को अवगत कराया वही अज्ञात चोरो ने एक नग एचपी की टुल्लू पंप चोरी कर अपने साथ ले गये जिसकी अनुमानित लागत 7000 बतायी जा रही है। ग्रामीणों एवं प्रबंधक द्वारा इसकी लिखित शिकायत स्थानीय आरक्षी केन्द्र डोंगरगांव में जाकर दर्ज करवा दी गई।

अवैध शराब बिक्री को बताया कारण - गिदर्री पंचायत की सरपंच चंद्रकला चौरे, ग्राम पटेल कोमलराम पटेल, पूर्व सरपंच रामसाय उके, अमोली धरेन्द्र, मोहित भुआर्य, आदि ने क्षेत्र में बढ़ रहे चोरी जैसे वारदातो के लिए क्षेत्र के गांव गांव में खुलेआम अवैध शराब बिक्री को बताया है। ग्रामीणों ने बताया कि हर दो किलोमीटर बाद शराब की बिक्री की जा रही है। जिसका सबसे ज्यादा दुष्प्रभाव किशोरो पर पड़ रहा है। पैसे ना होने केचलते ये किशोर युवा अपनी चाहत को पूरा करने इस तरह के अपराधो में लिप्त होते जा रहे है। सिर्फएक माह पूर्व ही उमरवाही स्थित ग्रामीण बैंक में चोरो द्वारा चोरी का प्रयास किया गया था। स्थानीय पुलिस और आबकारी विभाग द्वारा सिर्फ उन पर कार्यवाही की जाती है जिनका कमीशन उन्हे नही मिलता और जिनका कमीशन मिलता है वो खुलेआम शराब की बिक्री कर रहे है।

ग्रामीणों ने कहा कि वारदातो को रोकना है और आने वाली पीढ़ियों को सामाजिक प्राणी बनाना है तो सबसे पहले अवैध शराब बिक्री को विभाग द्वारा तत्काल बंद करवाया गजाना चाहिए ।

## वरिष्ठ पत्रकार पर जानलेवा हमला, पुलिस ने दर्ज किया मामला

डोंगरगढ़ (दावा)। दीपावली पर्व के मौके पर चाइनीज सामग्री बेचने के नाम से ठगी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जिसकी पुष्टि करने गए वरिष्ठ पत्रकार पर दुकानदार द्वारा जानलेवा हमला करने की शिकायत पत्रकार द्वारा पुलिस से की गई है। पीड़ित द्वारा बताया गया कि गोलबाजार अग्रसेन भवन कॉम्प्लेक्स स्थित बंसल ब्रदर्स इलेक्ट्रॉनिक्स में घटिया चाइनीज लाइटिंग बेचे जाने की शिकायत पर शहर के पत्रकार प्रमोद शुक्ला स्वयं सत्यापन के लिए दुकान पहुंचे थे।

जब उन्होंने लाइटिंग की खरीद कर जांच की और शिकायत सही पाई, तो उन्होंने सबूत के तौर पर दुकान की फोटो खींचनी शुरू की। बताया गया कि, इस दौरान दुकान संचालक मुकेश बंसल और उसके भाई पूनम बंसल ने मिलकर पत्रकार पर धारदार



**पत्रकार प्रमोद शुक्ला ने की सुरक्षा की मांग मामला-चाइनीज सामग्री के नाम से की गई धोखाधड़ी का**

नुकीले हथियार से हमला कर दिया। दोनों आरोपियों ने पत्रकार प्रमोद शुक्ला के गले पर वार किया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत करवाया। जबकि घटना के बाद गंभीर रूप से घायल पत्रकार थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घटना की निंदा की पत्रकार साथियों और नागरिकों ने -

स्थानीय नागरिकों और पत्रकार संगठन ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। उनका कहना है कि दीपावली जैसे पर्व पर उपभोक्ताओं को ठगने वालों पर प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, साथ ही पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि वे बिना भय के सच्चाई जनता तक पहुँचा सकें। अब देखना यह होगा कि पत्रकार पर हुए हमले के दोषियों पर पुलिस प्रशासन कब करवाई करता है।

## ग्राम आलीखुटा में पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया



### शहीद जगतराम कंवर को दी गई श्रद्धांजलि

डोंगरगांव (दावा)। अंचल के ग्राम आलीखुटा में मंगलवार को पुलिस स्मृति दिवस बड़े श्रद्धाभाव और सम्मान के साथ मनाया गया. इस अवसर पर ग्राम के वीर सपूत शहीद जगतराम कंवर के स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, किसान कांग्रेस पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने शहीद को नमन किया.

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मदन साहू, जनपद सदस्य सरिता साहू शासन की ओर से प्राथमिक शाला के शिक्षक दीपक साहू एवं शहीद के परिजन कौशल चंद्रवंशी, गांव के गणमान्य ग्रामीण बिशौहाराम साहू, गोबन साहू, विवेक चंद्रवंशी तथा त्रिवेणी मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे. किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मदन साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि 21 अक्तूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग क्षेत्र में सशस्त्र चीनी टुकड़ी द्वारा किए गए हमले में हमारे देश के पुलिस बल के 10 वीर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी. उन्हीं की याद में हर वर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है. ताकि देश की आंतरिक सुरक्षा में पुलिसकर्मियों के अमूल्य योगदान को सदैव याद रखा जा सके. उन्होंने आगे कहा कि शहीद जगतराम कंवर जैसे वीर सपूतों के बलिदान से ही देश की सीमाएं सुरक्षित हैं. हमें उनके आदर्शों पर चलते हुए देश सेवा की भावना को बनाए रखना चाहिए. इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा, जिसमें देश की अखंडता और सुरक्षा के प्रति निष्ठा का संकल्प लिया गया.

# पहला कॉलम...

## आरबीआई : 2026 से बदल जाएंगे बैंकिंग के नियम, साइबर फ्रॉड पर 'जीरो लायबिलिटी'

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने देश की बैंकिंग व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। आरबीआई ने 238 नए बैंकिंग नियमों का एक मसौदा (ड्राफ्ट) जनता के लिए जारी किया है और इस पर 10 नवंबर तक सुझाव आमंत्रित किए हैं। इन व्यापक बदलावों का मकसद ग्राहकों की सुरक्षा को मजबूत करना, बैंकिंग सेवाओं को सुगम बनाना और बैंकों की जवाबदेही सुनिश्चित करना है। जनता और बैंकिंग संस्थानों से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर इन नियमों को 2026 की शुरुआत से चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा सकता है।

साइबर धोखाधड़ी पर 'ज़ीरो लायबिलिटी' आरबीआई ने स्पष्ट किया है कि अगर किसी ग्राहक के खाते से साइबर धोखाधड़ी होती है और वह इसकी सूचना तीन दिनों के भीतर बैंक को दे देता है, तो उसकी जवाबदेही शून्य मानी जाएगी। यानी, ग्राहक को कोई नुकसान नहीं उठाना पड़ेगा। इतना ही नहीं, अगर बैंक ऐसे मामलों में समय पर कार्रवाई नहीं करते हैं, तो उन पर ?25,000 तक का जुर्माना लगाया जा सकेगा। लॉकर सुरक्षा पर 100 गुना हर्जाना लॉकर से जुड़े नियमों को भी ग्राहकों के हित में बदला गया है। यदि बैंक की लापरवाही या सुरक्षा में हुई चूक के कारण किसी ग्राहक के लॉकर में चोरी होती है या उसे नुकसान पहुंचता है, तो बैंक को लॉकर के सालाना किराए का 100 गुना तक हर्जाना देना होगा।

## शेयर बाजार में मुनाफे की बरसात! सेंसेक्स 800 अंक उछला

नई दिल्ली। शेयर बाजार में गुरुवार को जबरदस्त तेजी देखने को मिली। घरेलू इक्विटी मार्केट में निवेशकों के चेहरे खिल उठे, क्योंकि सेंसेक्स 800 अंक तक उछलकर 85,250 के पार पहुंच गया, जबकि निफ्टी भी 26,000 के ऊपर ट्रेड कर रहा है। यह तेजी अमेरिकी-भारत ट्रेड डील को लेकर बढ़ती उम्मीदों, विदेशी फंड्स की नई एंट्री और आईटी शेयरों में जबरदस्त खरीदारी की वजह से देखने को मिली। बीएसई सेंसेक्स 734 अंकों की तेजी के साथ 85,160 के स्तर पर खुला, जबकि एनएसई निफ्टी 198 अंक चढ़कर 26,066 के स्तर पर पहुंच गया। मार्केट में इस तेजी की अगुवाई आईटी और बैंकिंग शेयरों ने की। इंफोसिस, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर जैसे दिग्गज स्टॉक्स टॉप गेनर्स में रहे। हालांकि, जोमाटो की पैरेंट कंपनी इटरनल और बजाज फिनसर्व जैसे कुछ शेयरों में गिरावट देखने को मिली, लेकिन उनका असर सीमित रहा।क्या है इस तेजी के पीछे की वजह? जानकारों का मानना है कि अमेरिका और भारत के बीच जल्द ही व्यापार समझौता होने की उम्मीद ने बाजार में नई जान फूंक दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका भारत के निर्यात पर लगने वाला टैरिफ घटाकर 15ङ्क16त्न तक करने की योजना बना रहा है, जो भारतीय व्यापार और निर्यात के लिए गेमचेंजर साबित हो सकता है।

## अमेरिका ने रूस की दो बड़ी तेल कंपनियों पर लगाया बैन

नई दिल्ली। अमेरिका ने रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों पर एक्शन लेते हुए उन्हें बैन करने की घोषणा की है. इस कदम का मुख्य उद्देश्य मॉस्को और यूक्रेन के बीच युद्ध की समाप्ति कर सीजफायर को जल्द से जल्द लागू करवाना है. राष्ट्रपति ट्रंप और पुतिन के बीच कई बार युद्ध को रोकने के लिए वार्ताएं की थी लेकिन वह विफल रही है और अमेरिका अब हिंसा रोकने के लिए हर कड़े प्रयास करेगा. अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने बुधवार को रोसनेफ्ट और लुकोइल, दो बड़ी रूसी तेल कंपनियों पर बैन लगा दिया है. इससे क्रेमलिन पर यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए दबाव बनाया जा सकेगा. इस पर अमेरिकी वित्त मंत्रालय का बयान आया है. इसमें उन्होंने कहा है कि आज जो कार्रवाई की गई है वह रूस के ऊर्जा क्षेत्र को कमजोर करेगा और युद्ध रोकने का दबाव बनाएगा. अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के सचिव स्कॉट बेसेंट ने एक्स पर पोस्ट शेयर कर बताया कि अमेरिका युद्ध रोकने के शांतिपूर्ण समाधान की वकालत करता रहेगा.

## बलूचिस्तान में तीन सुरक्षाकर्मियों की मौत, 11 आतंकवादी भी हुए ढेर

नई दिल्ली। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में पिछले 24 घंटों में अलग-अलग घटनाओं में दो पुलिसकर्मियों समेत तीन सुरक्षाकर्मी और 11 आतंकवादी मारे गए। नोश्की में गश्त के दौरान अज्ञात हमलावरों ने दो पुलिसकर्मियों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि एक अन्य घटना में, केच इलाके में एक बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से एक सुरक्षा अधिकारी की मौत हो गई। सुरक्षा बलों ने चगाई और सिबी जिलों में खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए अभियान में 11 आतंकियों को ढेर कर दिया।

अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सैनिकों ने चगाई के दलबंदिन में एक पहाड़ी इलाके की घेराबंदी कर दी। संदिग्धों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद लगभग एक घंटे तक भीषण गोलीबारी हुई और छह आतंकवादी मारे गए।

# कीवियों को हराकर सेमीफाइनल में टीम इंडिया



नवी मुंबई। भारत ने न्यूजीलैंड को 53 रन से हराकर महिला विश्व कप 2025 के सेमीफाइनल में जगह बना ली। गुरुवार को डी.वाई. पाटिल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में बारिश ने बाधा डाली, जिसके चलते ओवरों में कटौती करते हुए मैच को 49 ओवर का करने का निर्णय लिया गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय महिला टीम ने 49 ओवर में तीन विकेट खोकर 340 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम जब लक्ष्य का पीछा करने उतरी, तो एक बार फिर बारिश आई और डीएलएस पद्धति के तहत उन्हें 44 ओवरों में 325 रनों का नया लक्ष्य मिला। न्यूजीलैंड की टीम निर्धारित ओवरों में आठ विकेट पर 271 रन ही बना सकी। उनके लिए ब्रूक हॉलिडे ने 81 रन और इसाबेल गेज ने नाबाद 65 रन की पारी खेली। भारत की ओर से रेणुका सिंह और क्रांति गौड़ ने दो-दो विकेट हासिल किए, जबकि स्नेह राणा, श्री चरणी, दीप्ति शर्मा और प्रतिका रावल को एक-एक सफलता मिली।

बारिश से प्रभावित मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी भारतीय टीम ने अपने बल्लेबाजों के दम पर न्यूजीलैंड के सामने 341 रनों का विशाल लक्ष्य रखा। भारतीय सलामी जोड़ी स्मृति मंधाना (109) और प्रतिका रावल (122) ने पहले विकेट के लिए 212 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी की, जो महिला विश्व कप इतिहास में भारत की सबसे बड़ी साझेदारी बन गई।

मंधाना ने 95 गेंदों में 10 चौके और चार छक्कों की मदद से अपना तीसरा विश्व कप शतक पूरा किया। वहीं रावल ने 134 गेंदों में 13 चौके और 2 छक्के जड़कर अपना पहला विश्व कप शतक लगाया। दोनों के आउट होने के बाद जेमिमा रोड्रिग्स ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और सिर्फ 39 गेंदों में टूर्नामेंट का सबसे तेज अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 55 गेंदों पर नाबाद 76 रन (11 चौके) बनाए और टीम का स्कोर 49 ओवर में तीन विकेट पर 340 रन तक पहुंचाया। बारिश के कारण मैच में 90 मिनट का खेल रुका, जिसके बाद ओवरों की संख्या घटाकर 49-49 कर दी गई। इसके बावजूद भारतीय बल्लेबाजों ने रनगति बनाए रखी और टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया।

डीएलएस के आधार पर मिले 44 ओवरों में 325 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम की शुरुआत खराब रही। दूसरे ही ओवर में सूजी बेट्स (0) को क्रांति गौड़ ने आउट किया। इसके बाद रेणुका सिंह ने जॉर्जिया प्लिमर (30) और कप्तान सोफी डिवाइन (6) को पवेलियन भेजकर कीवी टीम को मुश्किल में डाल दिया। अमेलिया केर (45) ने संभलकर खेलते हुए कुछ देर तक पारी को थामने की कोशिश की, लेकिन स्नेह राणा की गेंद पर मंधाना को कैच थमा बैठीं। इसके बाद ब्रूक हॉलिडे (81) और इसाबेल गेज (65 नाबाद) ने छठे विकेट के लिए उपयोगी साझेदारी की, मगर बड़ा लक्ष्य हासिल नहीं कर सकीं।

# भारतीय फैंस के लिए आई बड़ी खुशखबरी, रवींद्र जडेजा की टीम में हुई वापसी

नई दिल्ली। भारतीय टीम के सुपरस्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा फिलहाल वनडे टीम से बाहर हैं. टी20 से संन्यास ले चुके जडेजा अब सिर्फ टेस्ट टीम में ही खेलते हुए नजर आते हैं. जहां पर उन्होंने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी को बहुत ज्यादा प्रभावित किया है. अब उनके फैंस को बहुत बड़ी खुशखबरी मिली है. जडेजा की सौराष्ट्र की टीम में रणजी ट्रॉफी 2025-26 के लिए धमाकेदार वापसी हुई है.



दिग्गज स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा लगातार इंटरनेशनल क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन उसके बाद भी उन्हें वनडे टीम से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया. टी20 से संन्यास ले चुके रवींद्र जडेजा अब सिर्फ टेस्ट ही खेलते हुए नजर आते हैं. जडेजा अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज में खेलते हुए नजर आने वाले हैं. इस घरेलू सीरीज की तैयारी के लिए अब रवींद्र जडेजा ने रणजी ट्रॉफी 2025-26 खेलने का फैसला किया है.

भारतीय टीम के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की सौराष्ट्र की टीम में वापसी हुई है. जडेजा 25 अक्टूबर से मध्य प्रदेश के खिलाफ होने वाले मुकाबले में खेलते हुए नजर आएंगे. जयदेव उनादकट की कप्तानी में जडेजा खेलते हुए नजर आने वाले हैं.

# रोजगार पर संकट के बादल, दुनिया की जानी मानी ई-कॉमर्स कंपनी ने रोबोट्स को दी नौकरी



नई दिल्ली। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट ने फिर रोजगार क्षेत्र हलचल मचा दी है. हाल ही में आई न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया की सबसे बड़ी ई- कॉमर्स कंपनी अमेजन अपने गोदामों और डिलीवरी सेंटरों में रोबोट्स को नौकरी पर रखने की दिशा में तेजी से काम कर रही है.

कंपनी का मानना है कि, इंसानों की तुलना में रोबोट्स पर कम पैसे खर्च करना पड़ेगा और साथ ही काम भी पहले से ज्यादा तेजी से हो पाएगा. इस खबर ने फिर से, एआई के बढ़ते खतरे और इसके फायदों के बीच बहस छेड़ दी है. हालांकि, इस खबर से लोगों की नौकरी पर जरूर खतरा मंडरा रहा है.

कंपनी को उम्मीद है कि, इंसानों की जगह पर रोबोट्स को प्रोडक्ट पिक करने, पैक करने और डिलीवर करने में कम लागत आएगा. कंपनी ने अनुमान लगाया है कि, उसे प्रत्येक आइटम पर 30 सेंट की बचत होगा. जिससे सीधे तौर पर कंपनी को आर्थिक फायदा होगा और कंपनी 2025 से 2027 के बीच करीब 12.6 अरब डॉलर की बचत कर पाएगा. अमेजन ने, हाल ही में एक ऐसे गोदाम की शुरुआत की है, जहां पर 1000 रोबोट्स काम कर रहे है. साथ ही कर्मचारियों की संख्या 25 प्रतिशत कम हो गई है. रोबोट्स ही सामान पिक करने से लेकर पैक करने तक के काम खुद से ही कर रहे है.

कंपनी की योजना है कि, 2027 तक लगभग 1.6 लाख नौकरियां कम की जाए और इनकी जगह रोबोट्स को काम पर लगाया जाए. ताकि भविष्य में हजारों नौकरियों पर निर्भरता ना रहे. कंपनी अपने काम का 75 प्रतिशत हिस्सा पूरी तरह से ऑटोमेशन मोड पर करने की तैयारी कर रही है. जिससे बहुत से लोगों की नौकरियों पर खतरा हो सकता हैं. अमेजन में लगभग 12 लाख कर्मचारी काम करते हैं. अगर रोबोट्स ने इंसानों की जगह ली तो इनकी संख्या में कमी आ सकती है. अगर, कमी नहीं भी आई तो नए रोजगार के सृजन के अवसर कम ही दिख रहे है. हालांकि, नई टेक्नोलॉजी के आने से कुछ कुशल कर्मचारियों की जरूरत भी होगी.

# चैंपियंस लीग : आर्सेनल ने एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से रौंदा, विक्टर बने मैच के हीरो

लंदन । चैंपियंस लीग में आर्सेनल ने एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से धूल चटाई। विक्टर ग्योकेरेस मुकाबले के हीरो रहे, जिन्होंने 2 गोल दागे। इसी के साथ आर्सेनल ने अपनी शानदार शुरुआत बरकरार रखी है। टीम ने अपने पिछले तीन मुकाबलों में एक भी गोल नहीं खाया है।



एटलेटिको मैड्रिड के खिलाफ मुकाबले में पहला हाफ कड़ा और रणनीतिक रहा, जिसमें दोनों टीमों के लिए कुछ ही स्पष्ट मौके थे, लेकिन कोई गोल नहीं देखने को मिला।

ब्रेक के बाद भी यही स्थिति नजर आ रही थी, लेकिन इसी बीच सेंटर-बैक गेब्रियल मैगलहेस ने 57वें मिनट में डेक्लन राइस के सटीक फ्री-किक को हेडर से गोल में बदलकर मैच का खाता खोला।

इस गोल के बाद आर्सेनल के खिलाड़ियों ने आक्रामक तेवर दिखाए। माइल्स लुईस-स्केली के शानदार रन ने गेब्रियल मार्टिनेली को दूसरा गोल करने का मौका दिया। मार्टिनेली ने मुकाबले के 64वें मिनट गोल दागते हुए आर्सेनल को 2-0 से बढ़त दिलाई। 67वें मिनट स्ट्राइकर विक्टर ग्योकेरेस ने गोल दागकर स्कोर 3-0 कर दिया। यह आठ मैचों में उनका आर्सेनल के लिए पहला गोल था। सिर्फ तीन मिनट बाद ही स्वीडिश फॉरवर्ड ने फिर से गोल किया, इस बार गेब्रियल के एक खतरनाक कॉर्नर से किए गए नॉकडाउन को गोल में बदलकर मैच में अपना दूसरा गोल दागा। आर्सेनल ने सिर्फ 14 मिनट में चार गोलों की शानदार बौछार कर दी। इससे पहले, एक अन्य मुकाबले में फर्मिन लोपेज ने हैट्रिक लगाकर बार्सिलोना को ओलंपियाकोस के खिलाफ 6-1 से शानदार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

# ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज कब्जाई, भारत दो विकेट से हारा, रोहित-श्रेयस की मेहनत पर फिरा पानी



नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला गुरुवार (23 अक्टूबर) को एडिलेड ओवल में खेला गया. इस मुकाबले में भारतीय टीम को दो विकेट से हार का सामना करना पड़ा. ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 265 रनों का टारगेट मिला था, जिसे उसने 46.2 ओवरों में हासिल कर लिया. भारतीय टीम को पर्थ में खेले गए वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में हार झेलनी पड़ी थी. अब इस हार के साथ ही भारतीय टीम ने सीरीज गंवा दी है. सीरीज का तीसरा मुकाबला 25 अक्टूबर को सिडनी में खेला जाएगा.

टारगेट का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत उतनी अच्छी नहीं रही. अर्शदीप सिंह ने कप्तान मिचेल मार्श (11 रन) को पवेलियन भेजा. वहीं हर्षित राणा ने ट्रेविस हेड (28 रन) को विदा किया. यहां से मैथ्यू रेनशॉ और मैथ्यू शॉर्ट ने तीसरे विकेट के लिए 55 रनों की साझेदारी की. रेनशॉ 30 रन बनाकर अक्षर पटेल की गेंद पर बोल्ड हुए. इसके बाद वॉशिंगटन सुंदर ने एलेक्स कैरी (9 रन) को सस्ते में आउट कर दिया.

एलेक्स कैरी के आउट होने के बाद शॉर्ट और कूपर कोनोली के बीच पांचवें विकेट के लिए 55 रनों की साझेदारी हुई. शॉर्ट ने 78 गेंदों का सामना करते हुए 74 रन बनाए, जिसमें चार चौके और दो छक्के शामिल रहे. पांच विकेट गिरने के बाद मिचेल ओवेन और कूपर कोनोली ने छठे विकेट के लिए 59 रनों की साझेदारी की. इस पार्टनरशिप ने ऑस्ट्रेलिया को मजबूत कर दिया. भारत ने ओवेन के बाद जेवियर बार्टलेट और मिचेल स्टार्क के विकेट चटकाए, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी.

टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए भारतीय टीम ने 9 विकेट पर 264 रन बनाए. भारतीय टीम की शुरुआत कुछ खास नहीं रही. 17 रनों के स्कोर पर ही उसे पहला झटका लग गया.

कप्तान शुभमन 9 रन बनाकर तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट का शिकार बने. फिर बार्टलेट ने उसी ओवर में विराट कोहली को पवेलियन भेज दिया. कोहली लगातार दूसरे मैच में खाता नहीं खोल पाए. यहां से रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर ने तीसरे विकेट के लिए 118 रनों की पार्टनरशिप करके भारत को संभाला. रोहित शर्मा ने 74 गेंदों पर अपनी फिफ्टी पूरी. ये 2015 के बाद वनडे इंटरनेशनल में उनका ये सबसे धीमा अर्धशतक रहा. साथ ही रोहित के ओडीआई करियर की ये 59वीं फिफ्टी रही. उधर श्रेयस अय्यर ने 67 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया.

# सोना और चांदी की कीमत हुई कम

नई दिल्ली। सोना और चांदी की कीमतों में बुधवार को बड़ी गिरावट देखी गई। 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमतों में 3,700 रुपए से अधिक और चांदी की कीमतों में करीब 10,600 रुपए प्रति किलो की गिरावट देखी गई।

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत घटकर 1,23,907 रुपए हो गई है। इससे पहले सोने की कीमत 1,27,633 रुपए प्रति 10 ग्राम थी, जो सोने की कीमतों में 3,726 रुपए की कमी को दर्शाता है। 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत कम होकर 1,13,499 रुपए हो गई है, जो कि इससे पहले 1,16,912 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम कम होकर 92,930 रुपए हो गया है, जो कि पहले 95,725 रुपए प्रति 10 ग्राम था।



सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी गिरावट देखी गई है। चांदी की कीमत 10,549 रुपए घटकर 1,52,501 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 1,63,050 रुपए प्रति किलो थी। दीपावली की छुट्टी के चलते मंगलवार बुलियन बाजार बंद रहा था। इसे पहले आखिरी बार कीमतें सोमवार को जारी की गई थीं। हाजिर बाजार के साथ वायदा बाजार में भी सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के 05 दिसंबर 2025 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 5.21 प्रतिशत कम होकर 1,21,590 रुपए हो गई है।

**0 बिहार- मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम में पी.एम.....**

सभी एनडीए घटक दलों के कार्यकर्ता मिलकर मतदाताओं को सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करें. उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता केवल आपस में लड़ना और अपने स्वार्थ की रक्षा करना जानते हैं.

बिहार में टेक्नोलॉजी और स्टार्टअप हब बनाने की जरूरत

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार बिहार में नक्सलवाद और माओवादी आतंकवाद को समाप्त करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है. उन्होंने कहा कि बिहार में टेक्नोलॉजी और स्टार्टअप हब बनाने की जरूरत है, ताकि युवा अन्य जगहों पर पलायन न करें और राज्य में ही अपनी आजीविका कमाएं.

उन्होंने कहा, नीतीश जी और एनडीए ने कड़ी मेहनत करके बिहार को जंगल राज से बाहर निकाला और कानून का शासन स्थापित किया. आज बिहारी अपनी पहचान पर गर्व महसूस कर रहे हैं.

भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, हम सभी को अगले 20 दिनों तक लोगों के बीच 24×7 रहना होगा.

मोदी ने युवाओं और पहले बार वोट डालने वाले मतदाताओं से कहा कि वे उनसे जुड़ें और उन्हें अपने वोट की ताकत के बारे में बताएं.

**0 तेजस्वी यादव होंगे महागठबंधन के सीएम फेस.....**

**निक्कमी सरकार को उखाड़ फेकेंगे- तेजस्वी यादव**

वहीं तेजस्वी यादव ने कहा कि गठबंधन के सभी दलों ने उन पर भरोसा जताया है. वह जनता और अपने सहयोगियों के विश्वास पर खरा उतरेंगे. उन्होंने कहा कि इस बीस साल की निक्कमी सरकार को हम उखाड़ फेंकेंगे और बिहार के लोगों को

## प्रथम पृष्ठ का शेष.....

विकास और न्याय देंगे. तेजस्वी ने मुख्यमंत्री पद के संभावित चेहरे को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर भी जवाब दिया. उन्होंने कहा कि गठबंधन नेताओं ने बार-बार बैठकें की हैं और हर निर्णय सोच-समझकर लिया गया है.

इस दौरान तेजस्वी यादव ने कहा कि महागठबंधन की ओर से तो सीएम फेस का चेहरा घोषित हो गया. लेकिन, एनडीए के लोगों ने अभी तक आधिकारिक रूप से कोई संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस कर अभी तक मुख्यमंत्री के चेहरे पर कोई ऐलान नहीं किया है. अमित शाह जी ने कहा कि विधायक दल के नेता मुख्यमंत्री का चेहरा चुनेंगे. नितीश जी के नाम पर एनडीए की तरफ से ऐलान नहीं किया गया है. वहीं तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सेहत की चिंता करते हुए आरजेडी के कुछ नेताओं पर भी निशाना साधा. उन्होंने कहा कि पिछले चुनावों में आरजेडी ने कभी संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं की और इस बार भी नीतीश कुमार के नाम की घोषणा नहीं की गई. उन्होंने चेतावनी दी कि जेडीयू के कुछ नेता इस चुनाव के बाद पार्टी को कमजोर कर सकते हैं.

**साढ़े तीन साल से इस दिन का इंतजार था- मुकेश सहनी**

प्रेस कॉन्फ्रेंस में अशोक गहलोत, मुकेश सहनी, दीपांकर भट्टाचार्य समेत अन्य नेताओं ने भाग लिया. VIP के अध्यक्ष मुकेश सहनी ने कहा कि साढ़े तीन साल से इस दिन का इंतजार था और उन्होंने शपथ ली थी कि बीजेपी को तोड़ने का अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक लक्ष्य पूरा नहीं होता. वहीं CPIML के जेनरल सचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि NDA सरकार को लग रहा था कि बिहार में अब कुछ नहीं होगा, लेकिन महागठबंधन के साथ पूरे बिहार के युवा, महिला और गरीब ने संकल्प लिया है कि इस बार सरकार बदली जाएगी.

**महागठबंधन ने दिया एकजुटता का संदेश**

अशोक गहलोत ने भी अपनी बात रखते हुए कहा कि देश में ध्रुवीकरण बढ़ गया है और आलोचना करने पर लोगों को जेल में डाल दिया जा रहा है. अन्य नेताओं ने भी महागठबंधन की एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि यह गठबंधन पूरी तरह से मजबूत है और जनता बदलाव चाहती है. राहुल गांधी और खरगे जी द्वारा करवाए गए सर्वे के बाद यह निर्णय लिया गया कि तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में जनता के सामने जाएंगे. प्रेस कांफ्रेंस में यह भी साफ किया गया कि बिहार में महागठबंधन एनडीए के खिलाफ मजबूती से खड़ा है और जनता के हित के लिए लड़ाई लड़ रहा है. सभी दलों ने जनता से अपील की कि वे गठबंधन को समर्थन दें और इस चुनाव में बदलाव का संकल्प पूरा करें.


**0 अफसर पर यौन उत्पीड़न का आरोप : सीएम साय...**

आईपीएस ने कहा कि, शिकायतकर्ता महिला मुझे ब्लैकमेल कर रही है। इस मामले की शिकायत उन्होंने पूर्व में ही सीनियर अफसरों से की है। महिला को इस बात की जानकारी मिली तो उसने पुलिस मुख्यालय पहुंचकर शिकायत की है। महिला मुझे बदनाम करने और ब्लैकमेल करने के लिए ये सब कर रही है।

**आईपीएस ने डीजीपी को लिखी चिट्ठी**

आईपीएस ने आरोप लगाने वाली सब इंस्पेक्टर की पत्नी के विरुद्ध डीजीपी अरुण देव गौतम को पूरे घटनाक्रम का 14 बिंदुओं में ब्यौरा उसकी शिकायत के पहले ही दे दिया था। इस चिट्ठी में उन्होंने महिला और इसमें शामिल अन्य अज्ञात लोगों पर ब्लैक मेलिंग, मानसिक प्रताड़ना, आपराधिक धमकी समेत कई आरोप लगाए हैं।

# बड़ी खुशखबरीः फ्लैट्स के दाम घटेंगेः किफायती जन आवास योजना में नए नियम लागू, अवैध प्लाटिंग पर भी लगेगी लगाम



रायपुर। अवैध प्लाटिंग पर शिकंजा कसते हुए राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ किफायती जन आवास योजना-2025 के लिए दूसरा नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। उद्देश्य यह है कि सस्ती कीमत पर आम आदमी को टीएनसी, रेरा अप्रुव्ड कॉलोनी में रहने का मौका मिले, वहीं अवैध प्लाटिंग, जिससे राज्य सरकार को राजस्व का बड़ा नुकसान हो रहा है, इस पर लगाम लगाया जा सके। 24 जून 2025 के बाद राज्य सरकार ने सितंबर में दूसरा नोटिफिकेशन जारी किया है। इसमें कई जरूरी बदलाव किए गए हैं।

सस्ती कीमत पर लोगों को व्यवस्थित कॉलोनी में रहने की सुविधा मिले इसलिए 15 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस की जमीन छोड़ने की अनिवार्यता खत्म कर दी गई है, वहीं सड़कों की चौड़ाई में भी रियायत दी गई है। शहर की खूबसूरती न बिगड़े इसलिए किफायती जन आवास योजना में कई नियम व शर्तों का भी उल्लेख किया गया है। आवास एवं पर्यावरण विभाग के विशेष सचिव देवेंद्र सिंह भारद्वाज के मुताबिक छत्तीसगढ़ किफायती जन आवास नियम-2025 लागू कर दी गई है।

### 20 से 25 प्रतिशत कम होगी कीमतें

रियल एस्टेट डवलपर्स के मुताबिक, इस नोटिफिकेशन के बाद 2 से 10 एकड़ में टीएनसी अप्रूव्ड कॉलोनियों की कीमतें 20 से 25 प्रतिशत तक कम होंगी। उदाहरण के तौर पर 1000 रुपये प्रति वर्गफीट में मिलने वाली जमीन अब 750 रुपये प्रति वर्गफीट होगी, वहीं 1500 रुपये प्रति वर्गफीट में मिलने वाली जमीन की कीमतें 1125 रुपये प्रतिवर्ग हो सकती हैं। रियल एस्टेट डवलपर्स व छूट के आधार पर कीमतें और कम हो सकती हैं।

### दो से 10 एकड़ में योजना

राज्य सरकार ने दो से 10 एकड़ भूखंड में इस योजना की लांचिंग की है। इससे पहले नोटिफिकेशन में 3.25 एकड़ भूमि क्षेत्रफल की अनिवार्यता रखी गई थी। राजधानी के रियल एस्टेट डवलपर्स अमित जैन ने बताया कि राज्य सरकार की इस योजना से अवैध प्लाटिंग पर लगाम लगेगा। साथ ही सुव्यवस्थित, रेरा, टीएनसी अप्रुव्ड कॉलोनी में भूखंडों और फ्लैट्स की कीमतें भी कम होंगी।

# शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन का असर जमीनी स्तर पर दिखाई देना चाहिए- कलेक्टर



- सभी अधिकारी आपसी समन्वय से टीम वर्क में करें कार्य
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत जिले को 5600 हितग्राहियों का मिला लक्ष्य
- राज्योत्सव का 2, 3 एवं 4 नवम्बर को होगा आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस योजना अंतर्गत हितग्राहियों को अधिक से अधिक आवेदन कराएं तथा इस योजना का लाभ लेने के लिए नागरिकों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन का असर जमीनी स्तर पर दिखाई देना चाहिए। इसके लिए सभी अधिकारी आपसी समन्वय से टीम वर्क में कार्य करें। कलेक्टर ने कहा कि कृषक उन्नति योजना के तहत 15 नवम्बर से धान खरीदी का कार्य प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए खाद्य विभाग, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, जिला विपणन अधिकारी, सहकारिता विभाग एवं कृषि विभाग को आपसी समन्वय एवं सहयोग से टीम वर्क में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन समितियों में धान खरीदी के दौरान अनियमितता पायी गई है, वहां कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिफ्ट में ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए तथा संवेदनशील केन्द्रों की जानकारी, कमांड एवं कंट्रोल टीम, बारदाना की उपलब्धता, कृषक पंजीयन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने धान खरीदी के पहले डाटा एण्ट्री आपरेटर एवं अन्य कर्मचारी को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। ऐसे किसान जिनका पंजीयन तकनीकी दिक्कत के कारण नहीं हो सका है, उसका निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर कहा कि 2, 3 एवं 4 नवम्बर को जिले में राज्योत्सव का आयोजन स्टेट हाई स्कूल में किया जाएगा। सभी विभागों के स्टॉल में शासन की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसके लिए उन्होंने पेयजल, सफाई सहित अन्य कार्यों के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपा।

कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों एवं बच्चों की नियमित उपस्थिति, मंथली टेस्ट लेने, दसवीं के परीक्षा परिणाम को बेहतर करने के लिए कहा। बोर्ड परीक्षाओं की पढ़ाई एवं तैयारी की नियमित समीक्षा करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि हाई रिस्क वाली गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष तौर पर ध्यान देते हुए कार्य करें। मातृमृत्यु दर में कमी लाने के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभाग समन्वय करते हुए कार्य करें। उन्होंने कहा कि इसके लिए हाई रिस्क वाली गर्भवती महिलाओं से सभी एसडीएम, जिला पंचायत सीईओ एवं वे स्वयं उनसे बात कर स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी लेंगे। कलेक्टरसभी अधिकारी समय पर कार्यालय आएंगे तथा अनुशासन का पालन करेंगे। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में कार्यों की मानिटरिंग के लिए अपर कलेक्टर को दायित्व सौंपा। उन्होंने अमृत मिशन, जल प्रदाय योजना, सिवरेज प्रोजेक्ट की स्थिति, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं एएचपी अंतर्गत आवास निर्माण कार्यों में प्रगति के कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने ऐसे आवास जो पूर्ण हो गए है, उसे हितग्राहियों को आबंटित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रति सप्ताह आवास निर्माण कार्यों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत जिले को 5600 हितग्राहियों का लक्ष्य मिला है।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के आवेदन, फालोअप तथा यथाशीघ्र योजनांतर्गत गैस कनेक्शन प्रदान करने के लिए खाद्य विभाग को निर्देश दिए। कलेक्टर ने गंभीर कुपोषित बच्चों को पोषण पुर्नवास केन्द्र में भर्ती कर सुपोषण की श्रेणी में लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, खाद के उठाव, धान के बदले अन्य फसल की समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि रबी अंतर्गत फसल विविधिकरण के लिए किसानों को प्रेरित करने की आवश्यकता है। किसानों को मक्का, मसूर एवं अन्य फसलों को लगाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि आदि कर्मयोगी योजना के तहत हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाएं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव गौतम चंद पाटिल, एसडीएम डोंगरगांव श्री श्रीकांत कोराम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# दीपावली और गौरा-गौरी विवाह पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया



राजनांदगांव(दावा)। परिवार जब साथ होता है तो हर पर्व का आनंद दोगुना हो जाता है। राजनांदगांव की भुवनेश्वरी सिन्हा का परिवार इसी एकता और प्रेम का उदाहरण बन गया है। चाहे दीपावली हो या गौरा-गौरी विवाह, सिन्हा परिवार हर अवसर पर पूरे हर्षोल्लास के साथ एकत्रित होकर परंपराओं को सहेजता है।

इस वर्ष दीपावली के अवसर पर भुवनेश्वरी सिन्हा अपने चारों पुत्रों, बहुओं और नाती-पोतों के साथ दीपों की जगमग रोशनी में खुशियां मनाते नजर आए। परिवार के सभी सदस्य पारंपरिक परिधान में एक साथ पूजा-अर्चना कर सामाजिक एकता और पारिवारिक प्रेम का संदेश देते दिखे। परिवार में दुकेंद्र कुमार सिन्हा एवं हेमलता सिन्हा, अंगेश्वर प्रसाद सिन्हा एवं खुमेश्वरी सिन्हा, चेतन सिन्हा एवं कौशल्या सिन्हा, प्रमोद सिन्हा एवं सुनीता सिन्हा के साथ युवा सदस्य अनुराग सिन्हा, रोहन सिन्हा, विवेक सिन्हा, हर्षित सिन्हा, अंजलि, सृष्टि, श्रद्धा और श्रेया सिन्हा शामिल रहे।

गौरा-गौरी विवाह पर्व में भी अंगेश्वर सिंह अपने त्रिों भैरव नारायण विश्वकर्मा, तेज प्रताप सिंह और दीपक बंजारे के साथ पारंपरिक विधि से रातभर गौरा-गौरी बोहने के आयोजन में शामिल हुए। सिंह परिवार का यह सामूहिक भाव पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत बन गया है।

# सिनेमा लाईन में विराजी माँ काली



बंगाली और छत्तीसगढ़ी परम्पराओं का अनूठा संगम

डोंगरगाँव (दावा)। नगर के सिनेमा लाईन में श्रीश्री माँ कालीदेवी की पूजा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है. पूरा शहर कार्तिक अमावश्या 20 अक्टूबर को माँ लक्ष्मीदेवी की पूजा करता है और इसी दिवस विगत 25 वर्षो से डोंगरगाँव में डॉ.रतन कुमार मंडल परिवार माँ कालीजी की मूर्ति स्थापना एवं पूजन प्रारंभ करता है. बता दें कि डॉ.मंडल का बंगाली परिवार है जो कि अपनी परम्पराओं के साथ माँ काली की स्थापना, पूजन अर्चन और विसर्जन करते हैं, जिसमें नगरवासी भी पूर्ण भक्ति और श्रद्धा से अपनी सहभागिता देते हैं और इस आयोजन में छत्तीसगढ़ी जसगीत और रामायण पाठ आदि भी सम्मिलित होते हैं जो दो विभिन्न परम्पराओं का अनूठा संगम होता है. यह आयोजन इस बार पांच दिवस तक चलेगा, जिसमें 23 अक्टूबर गुरूवार तक प्रतिदिवस संध्या 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक जसगीत कार्यक्रम आयोजित होगा. वहीं 24 अक्टूबर शुक्रवार को दोपहर एक बजे से संध्या चार बजे तक महिला मंडली व्दारा रामायण पाठ होगा. इसी दिन दोपहर डेढ़ बजे से संध्या छ बजे तक महाप्रसादी वितरण पश्चात विसर्जन झाकी निकाली जायेगी.

# खुर्सीपार में युवक ने लगाई फांसी



डोंगरगाँव (दावा)। अंचल के ग्राम खुर्सीपार निवासी तरुणा कुमार साहू पिता विजय कुमार आयु 33 वर्ष ने 21 अक्टूबर की शाम ग्राम के मुक्तिधाम रोड स्थित बबूल पेड़ में फांसी लगा ली है. प्रारंभिक जांच में इसे आत्महत्या बताया जा रहा है. मिली जानकारी के अनुसार एबिस कंपनी टोलागांव में सुपरवाइजर पद पर कार्यरत थे और अपने कार्य से लौटते समय ही स्वास्थ्यगत कारणों से उन्होंने यह कदम उठाया. मौके पर पहुंची डोंगरगाँव पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और दूसरे दिवस सुबह पोष्टमार्टम पश्चात परिजनों को सौंप दिया. वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए.

# ग्राम डोडिया में गौरा-गौरी का विसर्जन उत्साहपूर्वक सम्पन्न



राजनांदगांव (दावा)। जिले से लगे ग्राम डोडिया में पारंपरिक गौरा-गौरी विसर्जन समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। ग्रामवासियों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर गौरा-गौरी की प्रतिमाओं का पूजन किया, तत्पश्चात ढोल-नगाड़ों, मंजीरों और गीत-संगीत के बीच भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

पूरे ग्राम में भक्ति और उल्लास का माहौल देखने को मिला। महिलाएँ पारंपरिक परिधान में नाच-गान करती हुई शोभायात्रा में शामिल रहीं, वहीं युवा वर्ग ने भी पूरे जोश के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम में ग्राम सरपंच, जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीणों की विशेष उपस्थिति रही। आयोजन में महिला समूहों, युवाओं और ग्राम समितियों का विशेष सहयोग रहा।

शोभायात्रा के समापन पर विधिवत रूप से गौरा-गौरी का विसर्जन किया गया और सभी ने ग्राम की सुख-समृद्धि की कामना की।

# गृह प्रवेश में शामिल हुए विधायक, परिवार को दी शुभकामनाएं, स्व. लाल बहादुर खल्लारे को किया नमन



जोंधरा (दावा)। विकासखण्ड छुरिया के ग्राम मेटेपार निवासी ब्रम्हानंद खल्लारे के निवास पर गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खुज्जी विधानसभा के विधायक भोलाराम साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक श्री साहू ने नए घर के लिए ब्रम्हानंद खल्लारे एवं उनके परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी। साथ ही उन्होंने स्वर्गीय लाल बहादुर खल्लारे के बरसा (स्मृति) कार्यक्रम के अवसर पर उनके छायाचित्र पर पुष्प व श्रीफल अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के दौरान मेटेपार जय माँ लक्ष्मी ग्रुप द्वारा लोककला सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी विधायक साहू ने सराहना करते हुए आयोजकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भारत माता वाहिनी महिला समूह की बहनों से भी भेंट-मुलाकात कर उनके कार्यों की प्रशंसा की।

इस अवसर पर राजू सिन्हा (अध्यक्ष, कार्यकारिणी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरिया), श्रीमती राजकुमारी सिन्हा (पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, छुरिया), मनोज कुमार सिन्हा (पूर्व सदस्य, अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग), प्रताप घावडे (मंडल अध्यक्ष, उमरवाही कांग्रेस कमेटी), उमेश कंवर (सरपंच प्रतिनिधि, मेटेपार), श्रीमती शारदा कंवर, कृष्णा सलामे, शोभाराम चंद्रवंशी सहित परिवारजन व ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज का दीपावली मिलन समारोह हुआ संपन्न

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ़ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा प्रतिवर्षानुसार दीपावली मिलन समारोह का आयोजन चौधरी देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, बाम्बे मार्केट, रायपुर में संपन्न हुआ जिसमे चेंबर संरक्षक चंद सुंदरानी से लेकर सलाहकार, चेयर मेन, वाईस चेयरमेन, प्रदेश प्रभारी आईटी, प्रदेश कार्यालय प्रभारी, प्रदेश सांस्कृतिक प्रभारी, प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश मंत्री, संविधान संशोधन समिति सदस्य, अनुशासन समिति सदस्य, कार्यकारी सदस्य, ट्रांसपोर्ट चेंबर, महिला चेंबर एवं विभिन्न व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारी सहित पुरे प्रदेश के चेंबर पदाधिकारी एवं सदस्यगण बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक, मोतीलाल साहू, विधायक रायपुर उत्तर विधानसभा पुरंदर मिश्रा, सीएसआईडीसी अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक अध्यक्ष केदार नाथ गुप्ता, छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, बीजेपी प्रवक्ता अमित चिमनानी, बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष ललित जैसिंघ, एम आई सी सदस्य महेंद्र खोड़िया, नन्द किशोर साहू, अमर गिदवानी, ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। जहाँ चेंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष निकेश बरडिया एवं चेयरमेन गोपाल कृष्ण अग्रवाल व वाईस चेयरमैन चेतन तारवानी सहित पदाधिकारी एवं अन्य सदस्यों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

प्रदेश चेम्बर अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त व्यवसायियों, उद्योगपतियों एवं आम नागरिकों को दीपावली के पावन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और नई ऊर्जा लेकर आए। उन्होंने सभी से प्रदेश की उन्नति और विकास में एकजुट होकर योगदान देने का आह्वान किया। वहीं समारोह में शामिल चेम्बर के पदाधिकारियों व व्यवसायियों ने संयुक्त रूप से दीप जलाए साथ ही एक दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं गले लगकर दीपावली की शुभकामनाएं दी।

श्री थौरानी ने दीपावली के आध्यात्मिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला और कहा, ÷दीपावली केवल दीपों का त्योहार नहीं है, यह अंधकार पर प्रकाश की, असत्य पर सत्य की और निराशा पर आशा की जीत का प्रतीक है। यह पर्व हमें यह संदेश देता है कि हमें अपने जीवन और व्यापार में आने वाली हर चुनौती का सामना सकारात्मक ऊर्जा के साथ करना चाहिए।÷

समारोह में भाजपा विधायक मोतीलाल साहू एवं पुरंदर मिश्रा ने व्यापार जगत की सराहना करते हुए कहा कि व्यापारिगण प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि ÷दीपावली का यह पावन पर्व हमें एकजुटता और सौहार्द का संदेश देता है। यह चेंबर मिलन समारोह इसी भावना को मजबूत करने का सराहनीय प्रयास है।÷

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक अध्यक्ष केदार नाथ गुप्ता एवं पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, बीजेपी प्रवक्ता अमित चिमनानी.ने भी उपस्थित चेंबर पदाधिकारियों एवं सदस्यों को दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

प्रदेश चेंबर महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि चेंबर अध्यक्ष श्री थौरानी जी के कार्यकाल का प्रथम दीपावली मिलन है, कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों का आभार करते हुए पदाधिकारियों ने विकसित व्यापार का आधार चेंबर परिवार के नारे लगाये। इस अवसर पर चेंबर संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी,चतुर्भुज अग्रवाल,यू. एन. अग्रवाल,लालचंद गुलवानी, जगदीश अग्रवाल,हनुमान प्रसाद अग्रवाल,पूर्व संरक्षक आसुदाराम वाधवानी,पूरनलाल अग्रवाल,विजय अग्रवाल, सलाहकार तिलोकचंद बरडिया, लखमशी पटेल, अरविन्द जैन, किशोर आहूजा, सुशिल अग्रवाल, मोहन लाल तेजवानी, अशोक मलानी, चंदर विधानी, अमरजीत सिंह छाबड़ा, पूर्व अध्यक्ष जैन जितेन्द्र बरलोटा, कार्यकारी अध्यक्ष राधाकिशन सुंदरानी, राजेश वासवानी, ललित जैसिंघ, विनय बजाज, विक्रम सिंहदेव, जसप्रीत सलूजा पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र दोशी, राम मंधान , हरख मालू, संजय क़ानूँगा कार्यकारी महामंत्री कपिल दोशी, विकास आहूजा, उपाध्यक्ष लोकेश चंद्रकांत जैन, निलेश मूंदड़ा, टी.श्रीनिवास रेड्डी, राज कुमार तारवानी, कन्हैयालाल गुप्ता, अशोक अग्रवाल, मंत्री रविन्द्र सिंह चावला, रमेश मिरघानी,अमर बरलोटा राजेश पोपतानी, दीपक विधानी, राकेश (जनक) वाधवानी, ट्रांसपोर्ट चेंबर अध्यक्ष हरचरण सिंह साहनी, महिला चेंबर अध्यक्ष डॉ. ईला गुप्ता, महामंत्री मनीषा तारवानी, कोषाध्यक्ष नम्रता श्रीकांत अग्रवाल, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी डूमरतराई व्यापारी कल्याण महासंघ अध्यक्ष प्रेम पोहुजा, महामंत्री गोविंद माहेश्वरी, श्रीराम थोक सब्जी विक्रेता समिति अध्यक्ष टी.श्रीनिवास रेड्डी, रायपुर होलसेल फुटवेयर एसोसियेशन अध्यक्ष तनेश आहूजा, मर्चेन्ट एसोसियेशन रायपुर अध्यक्ष सतीश जैन, दी रायपुर थोक कपड़ा व्यापारी संघ लि. सरल मोदी, डिस्ट्रिक्ट केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसियेशन अध्यक्ष विनय कृपलानी, एफएमसीजी ट्रेडर्स एसोसियेशन अध्यक्ष जनक वाधवानी, रायपुर स्कूटर पार्ट्स डीलर वेलफेयर एसोसियेशन सोसायटी महासचिव गौरव मंधानी, महात्मा गांधी मार्ग व्यापारी संघ अध्यक्ष संजय जादवानी, छत्तीसगढ़ केरोसिन डीलर्स एसोसियेशन महासचिव मनमोहन अग्रवाल, रायपुर मशीनरी मर्चेन्ट एसोसियेशन अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, तेलीबांधा व्यापारी संघ के अध्यक्ष मोहन तेजवानी,रायपुर सराफा एसो. अध्यक्ष धरमचंद भंसाली, शारदा चौक व्यापारी संघ महामंत्री राजेश वासवानी, थोक किराना व्यापारी संघ अध्यक्ष पोहूमल, महासचिव अर्जुनदास ओचवानी, छत्तीसगढ़ सराफा एसोसियेशन महामंत्री प्रकाश गोलछा, छत्तीसगढ़ ग्लास एसो.अध्यक्ष प्रहलाद शादिजा, रविभवन व्यापारी संघ महासचिव हिमांशु वर्मा, छत्तीसगढ़ अगरबत्ती एसोसियेशन अध्यक्ष प्रकाश लालवानी, रायपुर होलसेल फुटवेयर एसोसियेशन अध्यक्ष तनेश आहूजा, छत्तीसगढ़ पान व्यापारी संघ अध्यक्ष दिलीप पंसारी, श्री बंजारी रोड व्यापारी संघ अध्यक्ष लालचंद गुलवानी, सचिव विनोद साहू, गुरूनानक मार्केट शारदा चौक व्यापारी संघ अध्यक्ष दर्शनलाल निहाल, छत्तीसगढ़ केरोसिन डीलर्स एसोसियेशन सचिव मनमोहन अग्रवाल, रायपुर बारदाना व्यापारी संघ सचिव योगेश भानुशाली, कान्फेडरेशन ऑफ फार्मा डीलर्स एसोसियेशन अध्यक्ष वासुदेव जोतवानी, आलू प्याज आढ़तिया संघ सचिव कपिल दोशी, व्यापारी संघ बिरगांव अध्यक्ष रमाशंकर देवांगन, सचिव नारायण सेन, छत्तीसगढ़ मेटाडोर ट्रांसपोर्ट एवं ओनर्स एसोसियेशन अध्यक्ष गुरजीत सिंग संधु, छत्तीसगढ़ बेकर्स एसोसियेशन अध्यक्ष विजय गुरूबक्षाणी, रायपुर एसोसियेशन ऑफ एल्यूमिनीयम मर्चेंट्स अध्यक्ष जयकिशन मटलानी, छत्तीसगढ़ प्लास्टिक निर्माता संघ अध्यक्ष संतोष जैन सहित बड़ी संख्या में चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के पदाधिकारी गण प्रदेश व्यापारी एसोसिएशन के सदस्य गण व्यापारी गण एवं शहर के गणमान्य नागरिक व्यपारिगण उपस्थित रहे।

# ग्राम धामनसरा में दीपावली से गौरा-गौरी तक उत्सव का रंग



गोवर्धन पूजा और अन्नकूट से शुरू हुआ पर्व, आदिवासी समाज ने धूमधाम से मनाया गौरा-गौरी

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम धामनसरा में इस वर्ष दीपावली की खुशियों की श्रृंखला पूरे जोरों पर रही। दीपावली के अवसर पर घरों और आंगनों में दीपों और रंगोली से सजावट की गई और मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा-अर्चना की गई।

### गोवर्धन पूजा और अन्नकूट का आयोजन

दीपावली के दूसरे दिन ग्रामीणों ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा कर गोवर्धन पर्वत का प्रतीक स्थापित किया। महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाज से अन्नकूट तैयार कर भगवान को अर्पित किया। भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण ने पूरे दिन वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

### आदिवासी धुव गोंड समाज का उत्सव

इसके बाद आदिवासी धुव गोंड समाज ने बड़े उत्साह के साथ गौरा-गौरी पर्व मनाया। समाज के सदस्य कोमल शोरी, अर्जुन शोरी, संजय शोरी, महेन्द्र शोरी, गुमान चिता मंडावी, पीलु मंडावी, तरुण मंडावी सहित अन्य समाजिक बंधु उपस्थित रहे। सभी ने पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा धारण कर नृत्य और गीतों के माध्यम से अपनी संस्कृति का सुंदर प्रदर्शन किया।

### जीवनदायिनी शिवनाथ नदी में विसर्जन

जीवनदायिनी शिवनाथ नदी में गौरा-गौरी के विसर्जन के साथ हुआ। ढोल-मांदर की थाप, भक्ति गीत और ग्रामीणों की उपस्थिति ने पूरे माहौल को उल्लासपूर्ण और भक्तिमय बना दिया।

इस प्रकार ग्राम धामनसरा में दीपावली, गोवर्धन पूजा और गौरा-गौरी पर्व की श्रृंखला ने भक्ति, संस्कृति और सामाजिक एकता का संदेश दिया।

# दुगाटोला में देवारी त्यौहार हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया

राजनांदगांव /मोहला (दावा)। ग्राम दुगाटोला (सोमाटोला) में इस वर्ष दीपावली पर्व की खुशियाँ पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाई गईं। गाँव के हर घर और आंगन दीपों की रोशनी से जगमगा उठे, रंगोली और सजावट से पूरा गाँव त्योहारमय नजर आया।

दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट महोत्सव का आयोजन परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार किया गया। ग्रामीणों ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर गोवर्धन पर्वत का प्रतीक स्थापित किया। महिलाओं ने भक्तिभाव से अन्नकूट तैयार कर भगवान को अर्पित किया। गोवर्धन खुदाई के उपरांत सभी ग्रामीणों ने एक-दूसरे को तिलक लगाकर बधाई दी और खुशियाँ साझा कीं। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच एवं ब्लॉक सरपंच संघ के अध्यक्ष पुष्पेंद्र भुआर्य, ग्राम पटेल तिलक भुआर्य, ग्राम ठाकुर ताम्रजध्वज भुवार्य, पूर्व सरपंच हीरालाल माहले, धन्नालाल यादव, हेमंत सोनी, लिखन सिन्हा, बरातू सोनी, तोरण देशमुख, रामलाल निषाद, ललित यादव, पन्नालाल चौरे, कुमारसाय भुवार्य, उमाशंकर कोरटिया, भीष्मनारायण देशमुख, स्नेहलता सलामे, पुना राम लारिया, यशोदा घोरापटिया, अंबिका भुआर्य सहित सैकड़ों ग्रामीणों एवं महिला समूह की गरिमामय उपस्थिति रही।

त्योहार के अवसर पर पूरे गाँव में आपसी सौहार्द, भाईचारे और एकता का सुंदर दृश्य देखने को मिला।

# खैरागढ़ महाविद्यालय के स्वयंसेवक टिकेंद्र वर्मा का राष्ट्रीय साहसिक शिविर धर्मशाला के लिए चयन



खैरागढ़ (दावा)। रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के होनहार स्वयंसेवक श्री टिकेंद्र वर्मा का इस वर्ष के राष्ट्रीय साहसिक शिविर में सहभागिता हेतु चयन हुआ ।

वे हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में आयोजित साहसिक शिविर में 24 अक्टूबर से 02 नवंबर तक सहभागिता प्रदान करेंगे। गौरतलब है कि यह साहसिक शिविर प्रतिवर्ष आयोजित होता है, जिसमें इस वर्ष छत्तीसगढ़ राज्य से 20 स्वयंसेवकों का चयन हुआ है ।

स्वयंसेवक टिकेंद्र वर्मा हेमचंद यादव विश्विद्यालय दुर्ग और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे । इस बार छत्तीसगढ़ रासेयो इकाई की संगठन व्यस्था अटल बिहारी वाजपेयी विश्विद्यालय बिलासपुर को सौंपी गई है । इस शिविर में चयनित टिकेंद्र वर्मा राष्ट्रीय सेवा योजना में पिछले 4 वर्षो से निरंतर अपनी भागीदारी दे रहें है । इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओ. पी. गुप्ता, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी यशपाल जंघेल ने इसे महाविद्यालय की बड़ी उपलब्धि बताते हुए टिकेंद्र वर्मा को शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की है । महाविद्यालय की इस उपलब्धि पर सहायक प्राध्यापक डॉ. जे. के. साखरे, सुरेश आडवाणी, सतीश माहला, सृष्टि वर्मा, भबीता मंडावी, मनीषा नायक, मोनिका जत्ती सहित समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ़ ने चयनित स्वयंसेवक को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है ।

# पूरे जिले में धूमधाम से मनाई दीपावली : गौरा-गोरी पूजन की रही धूम, अब गांव-गांव मंडई मेला की हुई शुरुवात










## एक भारत, आत्मनिर्भर भारत से सशक्त होगा देश- संतोष पाडे

राजनांदगांव (दावा)। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर भारतीय जनता पार्टी ने पुरे राजनांदगांव लोकसभा में यूनिटी मार्च निकालने की एक बड़ी योजना बनाई है। इस मौके पर 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक आयोजित होने वाले सरदार पटेल यूनिटी मार्च के दौरान अनेक प्रकार की शैक्षणिक प्रतियोगिताएं, सफाई अभियान और अन्य सेवा कार्य किए जाएंगे।

गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय में इस कार्यक्रम को लेकर प्रेसवार्ता आयोजित की गई। जिसमें सांसद संतोष पांडेय ने बताया कि सरकार के द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती देश भर में यूनिटी मार्च के रूप में मनाई जा रही है। इस मौके पर 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक लगभग महीने भर कार्यक्रम आयोजित होंगे। सांसद ने कहा कि यूनिटी मार्च सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर होने वाला एक राष्ट्रव्यापी जन अभियान है। सरदार पटेल का दृढ नेतृत्व, कूटनीतिक कौशल और राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता आज भी पीढ़ियों को प्रेरित करती है। सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर निकाली जाने वाली यह यूनिटी मार्च उनकी अमर विरासत को समर्पित है। यह यात्रा सरदार पटेल के एकीकृत भारत के दृष्टिकोण को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित और आत्मनिर्भर भारत के मिशन से जोड़ते हुए जनभागीदारी से एक राष्ट्रीय अभियान बनाएगी।




उन्होंने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में जिला और लोकसभा स्तर पर होने वाले कार्यक्रम के अंतर्गत नांदगांव लोकसभा क्षेत्र में तीन दिवसीय पदयात्रा होगी। प्रत्येक दिन 8 से 10 किलोमीटर की यात्रा होगी जिसमें स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा। श्री पांडे ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया आत्मनिर्भर भारत का संकल्प सिर्फ एक संकल्प नहीं, बल्कि देश भक्ति की अभिव्यक्ति भी है। मोदी जी के इस मूलमंत्र को अपना कर पार्टी ने आत्मनिर्भर भारत अभियान शुरू किया है। यह अभियान 25 सितंबर पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती से प्रारम्भ हुआ है और 25 दिसंबर को छत्तीसगढ़ निर्माता, भारत रत्न श्रद्धेय अटल जी की जयंती तक यह चलेगा।

उन्होंने कहा कि हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी की भावना के साथ इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाने के लिए आत्मनिर्भर भारत संकल्प सम्मेलन और आत्मनिर्भर भारत संकल्प रथ यात्रा जैसी कई गतिविधियों की योजना बनाई गई है।

इस अभियान का उद्देश्य वोकल फॉर लोकल के संदेश को हर भारतीय तक पहुंचाना है। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल, योगेश दत्त मिश्रा, महामंत्री सौरभ कोठारी, तरुण लहरवानी, मनोज निर्वाणी, बंटी लाल सहित अन्य नेता उपस्थित रहे।

### जीएसटी सुधार से चमका बाजार

सांसद संतोष पांडे ने इस मौके पर जीएसटी सुधार पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि नया जीएसटी टैरिफ लागू होने के बाद मैं स्वयं बाजारों में जा रहा हूं। जिस तरह का उत्साह हमें देखने को बाज़ारों में मिल रहा है, वह अद्भुत है। बाजार भ्रमण के दौरान मैंने देखा कि लोगों में जीएसटी 2.0 और स्वदेशी उत्पादों को लेकर विशेष उत्साह है। उन्होंने कहा कि बाज़ार भ्रमण के दौरान हमने व्यवसायी बंधुओं से भेंट कर उन्हें भी स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का लिए प्रेरित किया, सभी आज इस बात पर एकमत हैं कि हम स्वदेश निर्मित उत्पादों से आत्मनिर्भर होकर विकसित भारत का स्वप्न साकार करेंगे।

### इस उत्सव को यादगार बनाएगी भाजपा - यशवंत जैन

प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने पत्रकावार्ता में बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वी जयंती पर पूरे प्रदेश एवं देश में 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक यूनिटी मार्च के माध्यम से पदयात्रा निकाली जाएगी। पदयात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं जनप्रतिनिधियों के साथ - साथ संबंधित क्षेत्र के लोकसभा सांसद एवं प्रभारी मंत्री भी शामिल होंगे। एक दिन में पदयात्रा 8 से 10 किलोमीटर चलेगी। इस पदयात्रा में सभी वर्गों को जोड़ा जाएगा और खासकर युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी और उन्हें सरदार वल्लभभाई पटेल के मूलभूत सिद्धांतों को समझाया जाएगा, जिससे युवाओं को उनके रास्ते पर चलने की प्रेरणा प्राप्त हो। पदयात्रा में सेवा के कार्य भी किए जाएंगे नशा मुक्ति एवं स्वदेशी अपनाने का आह्वान भी किया जाएगा यशवंत जैन ने बताया की सरदार वल्लभभाई पटेल के अखंड भारत अभियान को स्कूल कॉलेज में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को जानकारी दी जाएगी। प्रत्येक जिले के पांच पांच युवा एकत्र होकर नागपुर जाएंगे, यहां से यह काफिला सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्मस्थली तक जाएगा। श्री जैन ने कहा कि प्रदेश के सभी स्कूलों, कालेजों के युवाओं को इससे जोड़ने के लिए जागरूकता एवं युवा संपर्क अभियान, शैक्षणिक सस्थानों में एक भारत-श्रेष्ठ भारत, सरदार पटेल के जीवन से जुडे निबंध, वाद- विवाद प्रतियोगिताएं सहित सरदार पटेल के जीवन पर आधारित संगोष्ठियों का आयोजन होगा।

## महापौर एवं आयुक्त ने छठ पर्व के पूर्व शहर में तथा तालाबों के आसपास साफ सफाई व विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने के दिये निर्देश




राजनांदगांव (दावा)। छठ पर्व एवं मोहारा मेला को ध्यान में रखते हुये महापौर श्री मधुसूदन यादव व निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने शहर में साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने, के साथ साथ मोती तालाब व चिखली तालाब के अलावा अन्य तालाबों के आस पास साफ सफाई करने, दवा का छिडकाव करने, विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये। वही मोहारा मेला स्थल निरीक्षण के दौरान महापौर ने सौदर्यीकरण के बचे कार्य जल्द पूर्ण करने तथा मेला स्थल में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। निरीक्षण के दौरान पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री अशोक चौधरी, शिक्षा विभाग के प्रभारी सदस्य श्री आलोक श्रोती, पार्षद श्री प्रमोद झंझाडे व श्री चन्द्रकृत साहू उपस्थित थे।

**मोहारा मेला स्थल निरीक्षण कर महापौर ने कहा सौंदर्यीकरण के बचे कार्य पूर्ण कर अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करे**

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी छठ पर्व के अवसर पर मोती तालाब एवं चिखली तालाब में तीन दिवसीय शनिवार से त्योहार के अंतिम दिन सोमवार तक पूजा कर त्योहार मनाया जावेगा। छठ पर्व के पूर्व दोनो तालाबो में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने महापौर श्री यादव एवं आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने आज मोती तालाब का निरीक्षण किया। महापौर श्री यादव ने स्वास्थ्य एवं तकनीकि अधिकारी से कहा कि तालाब के किनारे सम्पूर्ण घाट की साफ सफाई करे, किनारे लगे कटिली झाडिया काटे एवं दवाई का छिडकाव कर चुना लाईन डाले। उन्होंने आस पास विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने के अलावा तालाब मार्ग को दुरूस्त करने कहा। साथ ही तालाब में किनारे पूजन सामाग्री विसर्जित करने जाली लगावे ताकि तालाब में फूल पान न फैले। आयुक्त ने कहा कि सभी कर्मचारी त्योहार तक नियमित रूप से मोती तालाब एवं चिखली तालाब के किनारे सफाई करना सुनिश्चित करेगे। तालाब के पास लगे लाईटे भी प्रतिदिन जले इसका भी विशेष ध्यान रख जाए। इसके अलावा त्योहार में शहर में भी साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए।

निरीक्षण की कडी में मोहारा मेला स्थल का भी जायजा लिया गया। इस अवसर पर महापौर श्री यादव ने मेला स्थल में सौदर्यीकरण के तहत चल रहे कार्यो की प्रगति की जानकारी ली। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि प्रवेश द्वार, पहुँच मार्ग, मंच, रेलिंग, विद्युतीकरण, शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, कुछ कार्य अंतिम चरण में है। महापौर ने कहा कि मेला के पूर्व इंटर लाकिंग, टाईल्स एवं रंग रोगन के कार्य जल्द पूर्ण करे, इसके अलावा मेला स्थल एवं शौचालय की साफ सफाई करे, विद्युत व पेयजल तथा अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करे।

## चैंबर ऑफ़ कॉमर्स ने श्रमिक बस्ती मे दीपावली की खुशियां बांटी

राजनांदगांव (दावा)। दीपावली के पावन पर्व पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष कमलेश बैद के नेतृत्व में लखोली बेगापारा,अटल आवास और ओवर ब्रिज के नीचे स्थित स्लम एरिया में निवासरत गरीब बच्चो के बीच पहुंच कर,दीपावली की खुशियां मिठाई के रूप में बाटी और गरीब बच्चों के साथ चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों ने दीपावली की खुशियों को साझा किया।




चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के जिला महामंत्री अरुण डुलानी ने बताया कि दीपावली के दो माह पूर्व वोकल फार लोकल का नारा देकर स्वदेशी अपनाओ की रैली निकाली गई,जिसका असर आज मार्केट में लोकल प्रोडक्ट की खरीदी में अप्रत्याशित रुझान के रूप मे देखा जा सकता है ।आज दीपावली की पावन खुशियां श्रम एरिया में बांटी गई और मिठाई के 200 पैकेट तथा बिस्कुट, केक, चॉकलेट इत्यादि सामग्री भी बच्चों के साथ बड़े बुजुर्गों को वितरण कर दिवाली की स्मृति को यादगार क्षणों में परिवर्तित कर दिया।

चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के प्रदेश मंत्री तरुण लहरवानी ने बताया कि व्यापारियों की सुविधा के लिए चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों नेजैन बगीचा में लाखों की चिल्लर का वितरण किया और मार्केट में घूम-घूम कर प्रत्येक दुकानों में चिल्लर पहुंचने काकार्य भी किया।

चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के सदस्यों ने बताया कि आज गरीबों के बीचजाकर खुशियां बांटने से उन्हें आंतरिक खुशी मिलती है और दूसरों के चेहरों पर आई मुस्कान से उन्हें भी प्रसन्नता मिलती है, इसलिए चेंबर ऑफ कॉमर्स मानवता के हित मे ऐसे प्रयास निरंतर जारी रखेगा, इस अवसर पर कमलेशबैद, तरूण लहरवानी, राजकुमार बाफना, दीपक नवलखा, विक्की भाटिया, जयकिशन शर्मा,पार्षद संतोष साहू, प्रकाश मार्कण्डेय आदि उपस्थित थे।

## नई समितियों खुलने से किसानों को होगी बड़ी सुविधा-सचिन बघेल

**राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में 135 सेवा सहकारी समितियों की स्थापना से किसानों को मिलेगी समय और दूरी की बचत**



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के किसानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। राज्य सरकार ने जिले सहित पूरे संसदीय क्षेत्र में 135 नई सेवा सहकारी समितियां खोलने का निर्णय लिया है। इस निर्णय पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल ने गहरी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह कदम किसानों के जीवन में सुविधा, आत्मनिर्भरता और समृद्धि की दिशा में ऐतिहासिक साबित होगा।

श्री बघेल ने आगे कहा कि अब किसानों को अपनी आवश्यकताओं जैसे खाद-बीज वितरण, ऋण, फसल बीमा, समर्थन मूल्य खरीदी और अन्य सहकारी कार्यों के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। नई समितियों के खुलने से किसानों का कीमती समय बचेगा और सहकारिता तंत्र को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी। कई गांवों के किसान वर्षो से इस सुविधा की प्रतीक्षा कर रहे थे। अब उन्हें अपने ही क्षेत्र में सहकारी सोसाइटी की सुविधा मिलेगी। यह निर्णय लाखों किसानों के जीवन में नई ऊर्जा और आशा का संचार करेगा। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक निर्णय किसानों के उत्थान की दिशा में राज्य सरकार और केंद्र सरकार के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए राज्य के सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे, तथा विशेष रूप से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जी के मार्गदर्शन में सहकारिता क्षेत्र को नई दिशा मिल रही है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप का यह निर्णय ग्रामीण विकास की मजबूत नींव रखेगा। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में निम्नलिखित ग्रामों में नई सेवा सहकारी समितियां खोली जा रही हैं जिसमें धर्मापुर, अंजोरा, मनकी, आरला, संबलपुर, बुद्धभरदा, बनहरदी, बोईरडीह, केसाल, जयसिंगटोला, बूचाटोला, मुढ़िया, कसारी, खुडमुडी, सोनेसरार, गोडलवाही, घुपसाल, झाडीखैरी, सड़कचिरचारी, भानपुरी, देवकट्टा, झिंझारी, कनेरी, झण्डातलाव, मचानपार, हरदी, बम्हनीभाटा, घुघवा, मोहड़, आमगांव, चिरचारीकला, आतरगांव, धनगांव, आसरा, भोथली, पीपरखारकला, पिपरिया, कुर्रुभाठ, रेंगाकठेरा, डुमरडीहकला, मासुल, कौहाकुडा, चवरढाल, नवागांव, वासड़ी, माडिंगपिडिंग, भुर्सा, पुतरगोंदी कला, आलकन्हार, कुम्हली, टोहे, भावसा, दिघवाड़ी, सरखेड़ा, कंदाड़ी, गौलीटोला, आड़ेझर, दाउटोला, चिखली, अरजकुण्ड, कोरचाटोला, मुड़पार, मानपुर नाका, ढाबा, भुरभुसी, पथर्रा, कोर्राय, भूलाटोला, गातापार जंगल, चिचोला, बरबसपुर, कुकुरमुडा, साल्हेकला, सहसपुर, जामगांव, ठाकुरटोला, दामरी, भरतपुर, धनगांव, बघमर्रा, दिलीपपुर, कुम्ही, पांडुका, मदराकुही, देवारीभाठ, महरूमकला, धमकी, कोठार, बरहट्टी, बेंदरची, खारा, बम्हनी, खड़ौदाकला, खरहट्टा, बैहरसरी, भालूचुवा, कबराटोला, बसिनझोरी, बुधवारा, छीरबांधा, दैहानडीह, खड़ौदाखुर्द, सिली पचराही, सूखाताल, कान्हाभैरा, जरती, रैतापारा, पाढ़ी, महिडबरा, मुनगाडीह, चतरी, पोलमी, छिरपानी, पैलपार, गौरमाटी, सिंगारपुर (खै.), रेंगाटोला, टाटीकसा, तमरूआ मुख्यालयङ्कचुचरूंगपुर, गोरखपुर कला, सेमरिया, राजपुर, मोहगांव, पथर्रा, लघान, रक्से, ग. खम्हरिया, कल्याणपुर, मोतिमपुर, खोलवा, घानीखुटा, रेंगाबोड़, खिरसाली आदि शामिल है। सचिन सिंह बघेल ने कहा कि यह कदम न केवल किसानों को सुविधा देगा बल्कि ग्रामीण रोजगार, आर्थिक स्वावलंबन, और स्थानीय विकास को भी नई दिशा देगा। जब सहकारिता मजबूत होती है, तब गाँव मजबूत होते हैं और जब गाँव मजबूत होते हैं तब देश मजबूत होता है। यह निर्णय आत्मनिर्भर भारत और समृद्ध छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को साकार करेगा।

## महाकाल मंदिर सिंघोला में 56 भोग महाप्रसादी का भव्य आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। महाकाल मंदिर सिंघौला में 24 अक्टूबर 2025, बुधवार को सुबह 11.30 बजे से दोपहर 04 बजे तक 56 भोग महा प्रसादी का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन भक्तों के लिए आस्था और आनंद का विशेष अवसर होगा।



महाकाल भक्त पवन डागा ने मंदिर भक्तों को जानकारी देते हुए अपील की है कि वे समय पर पधारकर इस महाप्रसादी में सम्मिलित होकर धार्मिक लाभ और आनंद प्राप्त करें।

इस अवसर पर 56 भोगों प्रसाद का विशेष अर्पण किया जाएगा, जिसमें सामूहिक भक्ति और महाकाल की आराधना का अनोखा अनुभव होगा। यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए परंपरा और संस्कृति के संरक्षण का भी संदेश देता है। भक्तों से अनुरोध है कि वे आयोजन स्थल पर समय का ध्यान रखें और अनुशासन के साथ समारोह में भाग लें, ताकि सभी को सुचारू रूप से महाप्रसादी का लाभ मिल सके धार्मिक आयोजनों में शामिल होकर हमारी सांस्कृतिक परंपरा और आस्था को मजबूत बनाएं।

## भाई दूज पर वरदान भवन में प्रेम व आत्मीयता का संदेश

राजनांदगांव (दावा)। ब्रह्माकुमारीज संस्था वरदान भवन राजनांदगांव में भाई दूज का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्था की संचालिका पुष्पा दीदी जी ने भाइयों के तिलक लगाकर उन्हें भाई दूज की शुभकामनाएं व आशीर्वाद प्रदान किए।



कार्यक्रम में उपस्थित भाई-बहनों ने प्रेम, स्नेह और सद्भाव का संदेश देते हुए पारिवारिक रिश्तों की पवित्रता को याद किया। पुष्पा दीदी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि भाई-बहन का रिश्ता केवल रक्त का नहीं, बल्कि आत्मिक प्रेम और स्नेह का प्रतीक है, जो समाज में शांति और सद्भाव का आधार बनता है। इस अवसर पर संस्था से जुड़े सदस्य एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com